आज का मौसम
43.0° अधिकतम तापमान
29.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.35
सूर्यास्त 06.37

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष दशमी 06:07 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2083

रविवार, 26 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 249, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये




बंगाल में गरीबों की नहीं, अमीरों की मदद कर रहीं ममता : राहुल गांधी - 12



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बोलीं- देश के शेयर बाजार का सफर लंबा और उपलब्धियां विश्वस्तरीय - 12



जिस भी देश में आप रहते हैं उसके प्रति पूरा वफादार बनें : होसबाले - 13



कैच पकड़ने के प्रयास में लुंगी एनगिडी हुए चोटिल - 14

## पंजाब किंग्स ने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा कर दिल्ली कैपिटल्स को हराया



- लोकेश राहुल का विस्फोटक शतक काम न आया

**नई दिल्ली।** लोकेश राहुल की नाबाद 152 रन की पारी के बावजूद दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल के बड़े स्कोर वाले टी20 मैच में शनिवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ सात गेंद शेष रहते छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। कैपिटल्स ने दो विकेट पर 264 रन बनाए, लेकिन टीम के लचर क्षेत्ररक्षण का फायदा उठाते हुए पंजाब किंग्स ने सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह की 26 गेंदों में 76 और कप्तान श्रेयस अय्यर की 36 गेंदों में नाबाद 71 रन की पारी से 18 .5 ओवर में चार विकेट पर 265 रन बनाकर सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करने का नया रिकॉर्ड कायम कर अपना अजेय अभियान जारी रखा। मौजूदा सत्र में यह टीम की सात मैचों में छठी जीत है। (संबंधित खेल पेज पर)

# बंगाल में मां काली व दुर्गा की पूजा करने से कोई नहीं रोक सकता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/नादिया



पश्चिम बंगाल में नादिया जिले के नबद्वीप विधान सभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा में उम्मीदवारों के साथ मुख्यमंत्री योगी।

- बंगाल में गरजे सीएम योगी, कहा- 4 मई को टीएमसी के गुंडों को नहीं मिलेगी छिपने की जगह
- ममता दीदी की चिंता, हिंदू अधिक हुए तो सड़कों पर कैसे होगी इफ्तारी

प. बंगाल दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टीएमसी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दो-टूक कहा कि ममता दीदी ने इसीलिए सीएए का विरोध किया था, क्योंकि उन्हें चिंता है कि हिंदू ज्यादा हो गए तो सड़कों पर इफ्तारी कैसे होगी। उन्होंने राज्य में अराजकता, माफियाराज और भ्रष्टाचार के लिए टीएमसी को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि प्रदेश की जनता अब बदलाव चाहती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण के मतदान में हुई घटनाओं से स्पष्ट है कि टीएमसी लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास नहीं करती। आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं और प्रत्याशियों पर हमले हुए, लेकिन आगामी चार मई को परिणाम आने के बाद टीएमसी के गुंडों को छिपने की जगह नहीं मिलेगी। नदिया जिले के नबद्वीप विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को भाजपा उम्मीदवार श्रुति शेखर गोस्वामी के समर्थन में आयोजित जनसभा को मुख्यमंत्री संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 'डबल इंजन सरकार' की वकालत करते हुए कहा कि इससे विकास कार्यों को गति मिलेगी और बंगाल को टेरर, माफियाराज और करप्शन से मुक्ति मिलेगी। कहा कि बंगाल में ममता दीदी दुर्गा पूजा, मूर्ति विसर्जन और हिंदुओं का विरोध करती हैं। जयश्रीराम बोलने पर प्रतिबंध लगाती हैं। कहा कि मां काली और मां दुर्गा की पूजा को कोई नहीं रोक सकता और इसके खिलाफ जनआंदोलन खड़ा होगा।

### मुख्यमंत्री योगी बोले- टीएमसी ने बंगाल के सामने पहचान का संकट खड़ा किया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बंगाल ने भारत को सब कुछ दिया, फिर भी उसके साथ खूब छल हुआ। बंगाल की धरा पर जन्मे संतों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, समाज सुधारकों, वैज्ञानिकों व अन्य विभूतियों का नाम लेकर उनके प्रति श्रद्धा निवेदित की। उन्होंने कहा कि एक समय नबद्वीप और बंगाल ने भारत को पहचान दी, लेकिन आज उस बंगाल के सामने स्वयं पहचान का संकट खड़ा हुआ है। बंगाल में लैंड, सैंड, कैटल माफिया हावी हैं। टीएमसी के गुंडे दिल्ली से भेजे गए पैसे हड़प जाते हैं, लेकिन अब बंगाल जाग गया है। यहां कटमनी, अराजकता का खेल समाप्त होगा।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सीएआरआई एशिया के पोल्ट्री हब की गौरवगाथा व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### 16 करोड़ की साइबर धोखाधड़ी का भंडाफोड़ दो फर्जी निदेशक पकड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने म्यूल बैंक खातों और मुखौटा कंपनियों से जुड़े साइबर धोखाधड़ी को बढ़ावा देने वाले एक नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है और आठ दिनों के भीतर 16 करोड़ रुपये से अधिक के लेनदेन का पता लगाने के बाद दो फर्जी निदेशकों को गिरफ्तार किया है। म्यूल बैंक खाते ऐसे बैंक खाते होते हैं, जिन्हें दूसरों के नाम से खुलवाया जाता है और जिनका इस्तेमाल अवैध तरीके से अर्जित धन के लेनदेन के लिए किया जाता है। आरोपी सोनू और अमिंदर एक प्राइवेट कंपनी के फर्जी निदेशक के रूप में काम कर रहे थे।

# अमेरिकी अधिकारियों से बिना मिले लौटे ईरानी विदेश मंत्री, अधर में वार्ता

## अराघची ने पाकिस्तान को शर्तें सौंपी, अमेरिकी डेलिगेशन आज पहुंचेगा

- ईरान के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात कर क्षेत्रीय स्थिति पर चर्चा की

इस्लामाबाद, एजेंसी



ईरान के विदेश मंत्री का स्वागत करते पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार।

अमरिका-ईरान के बीच दूसरे दौर की संघर्षविराम वार्ता अधर में पड़ती नजर आ रही है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची शनिवार शाम इस्लामाबाद से अमेरिकी अधिकारियों से बिना मिले ही लौट गए। उन्होंने अपने दौरे के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, आर्मी चीफ आसिम मुनीर और अन्य अधिकारियों से मुलाकात की। रवाना होते वक्त पाकिस्तानी अधिकारियों ने उन्हें एयरपोर्ट पर विदाई दी।

अराघची ने पाकिस्तान को ईरान की शर्तें और अमेरिकी मांगों पर अपनी आपत्तियां भी सौंप दी हैं। इसी बीच अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर जल्द इस्लामाबाद पहुंचने वाले हैं। लेकिन अराघची उनसे मिले बिना ही रवाना हो गए। ईरान ने अमेरिका से सीधे बातचीत करने से इनकार कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघेई ने कहा कि ईरान अपनी बात पाकिस्तान के जरिए ही अमेरिका तक पहुंचाएगा।

इससे पूर्व ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शनिवार को पाकिस्तान के शीर्ष असैन्य और सैन्य नेतृत्व से मुलाकात की और क्षेत्रीय स्थिति तथा अमेरिका के साथ शांति वार्ता को लेकर चर्चा की। इस सप्ताह हालांकि अमेरिका-ईरान वार्ता के दूसरे दौर की संभावना कम होती नजर आ रही है। शुक्रवार को इस्लामाबाद पहुंचे अराघची ने शनिवार को इस्लामाबाद में पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर से मुलाकात की। वार्ता के बारे में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। ईरानी दूतावास द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो के अनुसार, बैठक में ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई और ईरान के राजदूत रजा अमीरी मोघदम भी उपस्थित थे। अधिकारी ने कहा, ऐसा लगता है कि अराघची ने पाकिस्तान को ईरान की 'कुछ चिंताओं' से अवगत कराया है, जिन्हें इस्लामाबाद अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के आगमन पर उनके साथ साझा करेगा। यदि अमेरिका इन चिंताओं को दूर करने और कुछ समझदारी दिखाने के लिए सहमत होता है, तो बाद में इस्लामाबाद में दोनों देशों के बीच सीधी बातचीत का दूसरा दौर होगा। इससे पहले दिन में, ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता बगाई ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच कोई बैठक आयोजित करने की योजना नहीं है। ईरान का पक्ष पाकिस्तान को बता दिया जाएगा।

### नाकेबंदी जारी रही तो कड़ा जवाब देंगे : ईरान

**तेहरान।** ईरान की सेना ने अमेरिका को चेतावनी दी कि अगर ईरानी बंदरगाहों पर नाकेबंदी जारी रही, तो वह जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार और प्रतिबद्ध है। हजरत खातम अल-अंबिया केंद्रीय मुख्यालय ने कहा कि देश की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए ईरानी सशस्त्र बलों के पास अब पहले से कहीं अधिक शक्ति और तत्परता है।

# अमेरिका में एच-1बी वीजा पर लग सकती है 3 साल तक रोक

वाशिंगटन, एजेंसी




- अमेरिकी संसद में पेश किया गया विधेयक, भारतीयों की नौकरी पर खतरा
- वजह अमेरिकी कामगारों की जगह कम दाम में विदेशी कर्मी लाए जा रहे

अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों के एक समूह ने कांग्रेस (अमेरिकी संसद) में एच-1बी वीजा कार्यक्रम को तीन साल के लिए स्थगित करने संबंधी विधेयक पेश किया है। रिपब्लिकन सांसदों का तर्क है कि इस कार्यक्रम का दुरुपयोग करके अमेरिकी कामगारों की जगह कम दाम में विदेशी कर्मी लाए जा रहे हैं। एरिजोना से सांसद एली क्रेन ने ''एंड एच-1बी वीजा एब्यूज एक्ट ऑफ 2026'' पेश किया, जिसे सात अन्य रिपब्लिकन सांसदों ने भी समर्थन दिया है।

विधेयक में एच-1बी कार्यक्रम में सुधारों का प्रस्ताव है, जिसमें वार्षिक सीमा को 65,000 से घटाकर 25,000 करना, न्यूनतम वेतन 2,00,000 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष निर्धारित करना और एच-1बी वीजा धारकों को आश्रितों को अमेरिका लाने की अनुमति नहीं देना शामिल है। कांग्रेस सदस्य ब्रायन बैबिन, ब्रैंडन गिल, वेस्ली हंट, कीथ सेल्फ (सभी टेक्सास से), एंडी ओगल्स (टेनेसी से), पॉल गोसर (एरिजोना से) और टॉम मैक्लिंटॉक (कैलिफोर्निया से) ने विधेयक के मूल सह-प्रायोजक के रूप में हस्ताक्षर किए हैं। अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियां विदेशी कर्मियों को नियुक्त करने के लिए बड़े पैमाने पर एच-1बी वीजा कार्यक्रम का उपयोग करती हैं। प्रौद्योगिकी क्षेत्र के कर्मचारियों और चिकित्सकों सहित भारतीय पेशेवर, एच-1बी वीजा धारकों के सबसे बड़े समूहों में से एक हैं। इस विधेयक में एच-1बी कार्यक्रम में बदलाव प्रस्तावित हैं, जिनमें लॉटरी प्रणाली को वेतन-आधारित चयन प्रणाली से बदलना, नियोक्ताओं के लिए इस बात को प्रमाणित करना अनिवार्य किया गया है कि उन्हें कोई योग्य अमेरिकी कर्मचारी नहीं मिल पा रहा है और उन्होंने छंटनी नहीं की है, एच-1बी कर्मचारियों को एक से अधिक नौकरियां करने से रोकना और तृतीय-पक्ष भर्ती एजेंसियों द्वारा उन्हें रोजगार देने पर प्रतिबंध लगाना शामिल है।

### भारतीयों कामगारों पर पड़ेगा असर

अमेरिका में काम करने वाले विदेशी श्रमिकों में सबसे बड़ी संख्या भारतीयों की है। इस बिल के अनुसार, जो लोग पहले से वहां हैं, उन्हें अपनी वीजा कैटेगरी बदलनी होगी या देश छोड़ना होगा। एक्सपर्ट्स का कहना है कि जो भारतीय 20 साल से ग्रीन कार्ड के इंतजार में हैं, उनके लिए यह बिल एक संवैधानिक संकट खड़ा कर सकता है। यह बिल न केवल वीजा रोकने की बात करता है, बल्कि पूरी प्रक्रिया को बदलने का प्रस्ताव देता है। अगर यह रोक लागू होती है, तो वर्तमान में अमेरिका में रह रहे हजारों भारतीयों को या तो तुरंत देश छोड़ना होगा या फिर अपनी वीजा स्थिति बदलकर छात्र वीजा जैसे विकल्पों को अपनाना होगा।

## ई-रिक्शा में मारी टक्कर, मासूम समेत तीन की मौत

बलहा (बहराइच

**अमृत विचार :** गैस सिलेंडर लेने ई-रिक्शा से जा रहे एक परिवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दो युवकों और पांच माह के मासूम सहित तीन लोगों की मौत हो गई। ई-रिक्शा में सवार बच्चे की मां भी गंभीर रूप से घायल हो गई है। घटना शनिवार दोपहर की है।

ई-रिक्शा पर कौवाभारी लक्ष्मणपुर मटेही निवासी मौजी लाल (42 वर्ष) अपने भाई की पत्नी अंजना देवी और पांच माह के मासूम सतगुरुपाल (पुत्र मंजीत पाल) के साथ नानपारा गैस सिलेंडर लेने जा रहे थे। तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। इस टक्कर में मौजी लाल, मासूम सतगुरुपाल और ई-रिक्शा चालक शकील (33 वर्ष, पुत्र छोट्टन) की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एम्बुलेंस रजवपुर मोड़ पर पहुंची। एम्बुलेंस की मदद से तीनों मृतकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घायल अंजना देवी का प्राथमिक उपचार जारी है। वहीं चौकी इंचार्ज गुरुगुट्टा, सुरपति त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने यह भी बताया कि पंचायतनामा भरकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## 'शीश महल' विवाद था दिल्ली हार की वजह : चड्ढा



**नई दिल्ली।** आप छोड़कर भाजपा में शामिल हुए राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने शनिवार को कहा कि पार्टी छोड़ने वाले नेताओं ने डर के कारण नहीं, बल्कि संगठन के प्रति बढ़ती निराशा, मोहभंग और घृणा के कारण ऐसा किया है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास से जुड़े शीश महल विवाद का जिक्र करते हुए चड्ढा ने दावा किया कि यह विवाद 2025 के दिल्ली चुनावों में आप की हार का एक मुख्य कारण था। जिस भी सच्चे देशभक्त ने बड़ी उम्मीद के साथ अपने खून-पसीने से आप को सींचा था, वह या तो पार्टी छोड़ चुका है या छोड़ने की प्रक्रिया में है।

# दो लाख ने छोड़ी परीक्षा, अभ्यर्थी व 3 शिक्षक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की होमगार्ड एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा

**अमृत विचार:** यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा होमगार्ड एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा तीन दिन में होनी है। शनिवार को पहले दिन प्रदेश के 74 जिलों के 1053 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में 2,08,210 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। शनिवार को कुल 8,44,066 अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होना था, लेकिन कुल 6,35,856 ने ही परीक्षा दी। परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने के प्रयास में एटा में एक अभ्यर्थी व कानपुर नगर में तीन सहायक शिक्षकों को गिरफ्तार किया गया है। भर्ती बोर्ड के अधिकारी के अनुसार परीक्षा तीन दिन में आयोजित की गई है। शनिवार को सकुशल परीक्षा संपन्न करा ली गई है। रविवार व सोमवार को आयोजित होनी है। बोर्ड के अधिकारी के अनुसार एटा के डीएवी इंटर कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र में अभ्यर्थी हाथरस निवासी तेजवीर सिंह जाली प्रवेश पत्र पर परीक्षा देने पहुंचा। जांच में सामने आया कि प्रवेश पत्र पर अनुक्रमांक, परीक्षा का समय, उपस्थिति का समय व अन्य जानकारी गलत है। छात्र को पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। उसके खिलाफ एटा के सकीट थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं, कूटरचित प्रवेश पत्र तैयार करने वाले लोकवाणी जनसेवा केंद्र के संचालक की तलाश की जा रही है। वहीं, दूसरे अभ्यर्थी के प्रवेशपत्र के बारकोड को स्कैन कर गड़बड़ी की गई थी। बायोमैट्रिक के दौरान डाटा मैच न होने पर आरोपी तेजवीर पकड़ा गया। बोर्ड के अधिकारी के मुताबिक कानपुर नगर में बीएनएसडी इंटर कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र में एनसीसी कक्ष में प्रतिबंधित इलेक्ट्रानिक डिवाइस को अनुचित प्रयोग के लिए छिपाकर रखा गया था। जानकारी होने पर कर्नलगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। मामले में सहायक शिक्षक अखिलेश यादव, संदीप चन्द्र विश्वकर्मा तथा निर्मल कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

## सरकार ने नीति आयोग का किया पुनर्गठन

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन करते हुए अशोक कुमार लाहिड़ी को वाइस चेयरमैन तथा पांच पूर्णकालिक सदस्यों की नियुक्ति की है, जिनमें अर्थशास्त्री केवी राजू, एम्स के निदेशक एम श्रीनिवास और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव अभय करंदीकर शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने लाहिड़ी और वैज्ञानिक गोबर्धन दास और पूर्व कैबिनेट सचिव राजीव गौबा सहित नए पूर्णकालिक सदस्यों को उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।। यह विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और दीर्घकालिक रणनीतिक सोच के लिए एक गतिशील मंच के रूप में कार्य करता है। प्रधानमंत्री नीति आयोग के चेयरमैन हैं। पश्चिम बंगाल से भाजपा के विधायक लाहिड़ी भारत सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार और 15वें वित्त आयोग के सदस्य रह चुके हैं।

## धोखाधड़ी मामले में रहेजा डेवलपर्स के खिलाफ छापेमारी

**नई दिल्ली।** ईडी ने घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी से जुड़े मामले में रियल एस्टेट कंपनी रहेजा डेवलपर्स के परिसरों पर शनिवार को छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि इस कार्रवाई के तहत दिल्ली-एनसीआर में करीब सात परिसरों पर छापे मारे जा रहे हैं।

एजेंसी ने ऐसी ही जांच के तहत जून 2025 में भी कंपनी के परिसरों पर छापा मारा था। उन्होंने कहा कि कंपनी की परियोजना 'रहेजा रेवांता' में घर खरीदारों से धोखाधड़ी करने और फ्लैट नहीं दिए जाने के मामले में यह छापेमारी की जा रही है। कंपनी ने हालांकि इस परियोजना में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या धोखाधड़ी से इनकार किया है।

**सुप्रीम आदेश** स्वास्थ्य सेवाओं पर सुप्रीम कोर्ट गंभीर, कहा– राज्य तीन हफ्तों में बनाएं एक्शन प्लान

# आईसीयू के लिए एक समान हों मानक, कार्ययोजना करें तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे आईसीयू (गहन चिकित्सा इकाइयों) के लिए न्यूनतम मानकों को लागू करने के संबंध में एक वास्तविक और व्यावहारिक कार्ययोजना तैयार करें।

शीर्ष अदालत को बताया गया कि गहन चिकित्सा सेवा की आपूर्ति करने वाले और संगठनों के लिए दिशानिर्देश तैयार किए गए हैं, इनपर सहमति बन गई है। ये व्यावहारिक, कार्यान्वयन योग्य तथा आईसीयू के लिए न्यूनतम मानकों के रूप में आवश्यक हैं। न्यायमूर्ति एहसानुद्दीन अमीनुल्ला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि इन दिशानिर्देशों की प्रतियां सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भेजी जानी चाहिए। पीठ ने 20 अप्रैल के अपने आदेश में कहा, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख अतिरिक्त मुख्य सचिव/सचिव सभी संबंधित विशेषज्ञों की बैठक बुलाएं ताकि दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन के लिए एक कार्ययोजना तैयार की जा सके। यह योजना वास्तविक व व्यावहारिक होनी चाहिए। शीर्ष अदालत स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े एक मामले की सुनवाई कर रही थी।

### पांच बुनियादी जरूरतों की पहचान कर प्राधमिकता दें

पीठ ने कहा कि शुरुआती चरण में पांच बुनियादी जरूरतों की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता दी जाए। इनमें मानव संसाधन, प्रशिक्षित स्टाफ, उपकरण, लॉजिस्टिक्स और जरूरी ढांचे से जुड़े मुद्दे शामिल होंगे। साथ ही इन मानकों के पालन और निगरानी के लिए स्पष्ट व्यवस्था भी बनाई जाए। अदालत ने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया तुरंत शुरू होनी चाहिए और पहली बैठक एक सप्ताह के भीतर आयोजित की जाए। संबंधित अधिकारी इस बैठक में व्यक्तिगत रूप से शामिल हों। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा तैयार रिपोर्ट भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग सचिव को भेजी जाएगी, जो उसे सभी राज्यों के साथ साझा करेंगे। इसके बाद एक संयुक्त बैठक कर अंतिम साझा मसौदा तैयार किया जाएगा।

### भविष्य की जरूरतों को देखते हुए नर्सिंग स्टाफ को करें प्रशिक्षित

सुनवाई के दौरान, सुझाव दिया गया कि भविष्य की जरूरतों को देखते हुए, नर्सिंग स्टाफ को विभिन्न स्थितियों से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए, क्योंकि वे मरीज के साथ 24 घंटे रहते हैं, जबकि चिकित्सक समय-समय पर ही आते हैं। पीठ ने कहा, हम इस सुझाव का पूरी तरह समर्थन करते हैं, जो न केवल व्यावहारिक है, बल्कि अत्यंत आवश्यक भी है। लिहाजा, इंडियन नर्सिंग काउंसिल और पैरा मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया को प्रतिवादी के रूप में इस मामले में शामिल किया जाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रो. केवी राजू बने नीति आयोग के सदस्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आर्थिक सलाहकार प्रोफेसर केवी राजू को नीति आयोग का पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंजूरी के बाद गई है। यह नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने से मान्य होगा। अशोक कुमार लाहिड़ी को नीति आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जबकि राजीव गौबा, प्रो. केवी राजू, प्रो. गोबर्धन दास, प्रो. अभय करंदीकर और डॉ. एम. श्रीनिवास को भी पूर्णकालिक सदस्य बनाया गया है। प्रो. केवी राजू करीब नौ वर्षों से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार के रूप में कार्य कर रहे हैं। इससे पहले वे कर्नाटक के मुख्यमंत्री के भी आर्थिक सलाहकार रह चुके हैं। इसके अलावा वह बेंगलुरु के आईएसईसी में प्रोफेसर भी रह चुके हैं।

### पॉलीटेक्निक में आवेदन की अंतिम तिथि 30

**अमृत विचार, लखनऊ :** संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पॉलीटेक्निक)–2026 के ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। परिषद के सचिव संजीव कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन शुल्क सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 300 रुपये प्रति ग्रुप तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए 200 रुपये प्रति ग्रुप निर्धारित किया गया है। एक अभ्यर्थी अधिकतम तीन ग्रुप में आवेदन कर सकता है। अभ्यर्थियों की सहायता के लिए प्रदेशभर के राजकीय, अनुदानित, पीपीपी एवं निजी पॉलीटेक्निक संस्थानों में हेल्प सेंटर स्थापित किए गए हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी परिषद की आधिकारिक वेबसाइट या हेल्पलाइन नंबर 0522-2630106, 2630695, 2630667 और 2636589 पर संपर्क कर सकते हैं।

### निधि आपके निकट 2.0 कार्यक्रम कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की ओर से श्रमिकों, कर्मचारियों, पेंशनरों और नियोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से 'निधि आपके निकट 2.0' कार्यक्रम का आयोजन 27 अप्रैल को किया जाएगा। क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ के अंतर्गत आने वाले छह जिलों लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, हरदोई और रायबरेली में अलग-अलग टीमों द्वारा कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला नोडल अधिकारियों के नेतृत्व में टीमें विभिन्न स्थलों पर पहुंचकर भविष्य निधि से संबंधित शिकायतें सुनेंगी और उनका मौके पर निस्तारण करेंगी। लखनऊ में कार्यक्रम इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड, ऐशबाग में, जबकि अन्य जिलों में भी निर्धारित संस्थानों में आयोजन होगा।

### स्कूल चलो अभियान में मई से विशेष नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए योगी सरकार ने 'स्कूल चलो अभियान' को मिशन मोड में लागू कर दिया है। सरकार का लक्ष्य है कि 6 से 14 वर्ष तक का कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर न रहे। इसी क्रम में 1 मई से प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत झुग्गी-झोपड़ियों, श्रमिक बस्तियों और ईंट-भट्ठों में रहने वाले बच्चों को चिन्हित कर उनका विद्यालयों में नामांकन कराया जाएगा। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि ड्रॉपआउट बच्चों की वापसी, बालिकाओं की शिक्षा और ट्रांजिशन दर बढ़ाना सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि प्रत्येक पात्र बच्चे का नामांकन सुनिश्चित किया जाए।

### अवैध खनन पर 5.23 लाख का जुर्माना

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में अवैध खनन, उप खनिजों के अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग पर रोक लगाने के लिए प्रदेश सरकार ने सख्ती और बढ़ा दी है। इसी क्रम में शनिवार को रायबरेली से उन्नाव और फतेहपुर बॉर्डर तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया, जिसमें नियमों के उल्लंघन पर 5.23 लाख रुपये से अधिक का अर्थदंड लगाया गया। भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की सचिव एवं निदेशक माला श्रीवास्तव के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान का नेतृत्व अपर निदेशक अरुण कुमार ने किया। अभियान में लखनऊ, बाराबंकी और अयोध्या के खान अधिकारियों समेत संयुक्त टीम ने सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन जांच की।

## गो-आश्रय स्थलों में बढ़ती गर्मी से बचाव को करें पुख्ता इंतजाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वाटर मिस्टिंग सिस्टम, कूलर की हो व्यवस्था : मुकेश मेश्राम
- भूसा दान अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील

**अमृत विचार :** प्रदेश में बढ़ती गर्मी और लू को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी गो-आश्रय स्थलों में पशुओं की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। अधिकारियों से कहा गया है कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो और सभी व्यवस्थाएं तत्काल प्रभाव से लागू की जाएं।

पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि गो-आश्रय स्थलों में गर्मी से बचाव के लिए वाटर मिस्टिंग सिस्टम, कूलर, पंखे और पर्याप्त छायादार व्यवस्था अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए। साथ ही पशुओं के लिए स्वच्छ पेयजल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि इन उपायों से भीषण गर्मी के दौरान पशुओं को सुरक्षित रखा जा सकेगा और उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

सरकार ने संभावित चारा संकट को देखते हुए गो-आश्रय स्थलों में हरा चारा और भूसा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने पर जोर दिया है। इसके लिए चारागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर वहां हाइब्रिड नेपियर घास की बुआई कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि लंबे समय तक चारे की उपलब्धता बनी रहे।

भूसा दान अभियान में प्रदेश के कई जनपद सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। अन्य जनपदों से भी इसमें भागीदारी बढ़ाने की अपील की गई है। जिलाधिकारियों द्वारा कई स्थानों पर अतिरिक्त व्यवस्थाएं की गई हैं। जौनपुर में भूसा दान करने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रमाण पत्र वितरित किए गए हैं।



लखनऊ में हेमवती नंदन बहुगुणा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी।

## हेमवती नंदन बहुगुणा राजनीति के महत्वपूर्ण स्तंभ थे : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर मुख्यमंत्री ने किया नमन

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर उन्हें भारतीय राजनीति का महत्वपूर्ण स्तंभ बताया। उन्होंने योजना भवन स्थित बहुगुणा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान बहुगुणा ने सक्रिय भागीदारी की, जिसके चलते उन्हें ब्रिटिश शासन में जेल भी जाना पड़ा। आजादी के बाद 1952 के पहले आम चुनाव में वे उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य निर्वाचित हुए और बाद में प्रदेश सरकार में मंत्री तथा मुख्यमंत्री के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बहुगुणा ने केंद्र सरकार में भी विभिन्न मंत्रालयों में कार्य करते हुए देश की सेवा की। उनका राजनीतिक जीवन और विकास का दृष्टिकोण आज भी प्रासंगिक है और वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बना हुआ है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, अमरेश कुमार, विधान परिषद सदस्य लालजी प्रसाद निर्मल सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## गंगा एक्सप्रेस-वे बनकर तैयार

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 को हरदोई से करेंगे सबसे लंबे एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




- प्रदेश सरकार की रणनीति और यूपीडा की सख्त मॉनिटरिंग से तय समय में पूरा हुआ प्रोजेक्ट

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश का महत्वाकांक्षी गंगा एक्सप्रेस-वे अब लोकार्पण के लिए पूरी तरह तैयार है। करीब 594 किलोमीटर लंबा यह मेगा एक्सप्रेस-वे 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरदोई से देश को समर्पित किया जाएगा। लगभग 37 हजार करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह परियोजना देश के सबसे बड़े और लंबे एक्सप्रेस-वे में शामिल है।

राज्य सरकार की रणनीतिक योजना और उप्र. एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की प्रभावी मॉनिटरिंग के चलते इस परियोजना को तय समयसीमा में पूरा किया गया है। निर्माण कार्य को गति देने के लिए इसे चार पैकेज में विभाजित किया गया, जिससे अलग-अलग एजेंसियों ने समानांतर रूप से काम करते हुए तेजी से प्रगति सुनिश्चित की।

चारों पैकेज में पहले की लंबाई 129.70 किमी, दूसरे की 151.70 किमी, तीसरे की 155.70 किमी और चौथे की 156.847 किमी निर्धारित की गई। प्रत्येक पैकेज पर करीब नौ से 9.5 हजार करोड़ रुपये तक का निवेश हुआ। मल्टी-पैकेज मॉडल के कारण निर्माण कार्य में तेजी आई और समय-सीमा का प्रभावी पालन संभव हो सका। राज्य सरकार के अनुसार, गंगा एक्सप्रेस-वे केवल यातायात सुविधा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे एक आर्थिक कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके माध्यम से पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होगी, यात्रा समय में कमी आएगी और लॉजिस्टिक्स लागत घटेगी।

परियोजना के साथ इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स क्लस्टर विकसित किए जाएंगे, जिससे औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा। माना जा रहा है कि यह एक्सप्रेस-वे प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स हब के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## 1270 करोड़ से 10 जिलों में विकसित होंगी 15 परियोजनाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बिल्डर निर्मित करेंगे 3102 आवासीय व व्यावसायिक इकाइयां
- रेरा ने लखनऊ, मुरादाबाद, वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, बदायूं, गाजियाबाद समेत अन्य जिलों को दी मंजूरी

**अमृत विचार :** लखनऊ, मुरादाबाद, मेरठ, बदायूं, गाजियाबाद, वाराणसी, प्रयागराज, मुज्जफरनगर, गौतमबुद्ध नगर व गोरखपुर में 3,102 आवासीय, व्यावसायिक एवं मिश्रित इकाइयां विकसित की जाएंगी। बिल्डर परियोजनाओं पर 1270 करोड़ रुपये से अधिक निवेश करेंगे। शनिवार को लखनऊ मुख्यालय में अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी की अध्यक्षता में आयोजित 201वीं प्राधिकरण की बैठक में 15 परियोजनाएं स्वीकृत की गईं। विकसित इकाइयों में भूखंड, विला, फ्लैट, कॉलोनी, दुकान, कॉम्प्लेक्स आदि खरीदारों को राहत मिलेगी।

निवेश के मामले में गौतमबुद्ध नगर अग्रणी रहा। 507.77 करोड़ लागत की दो परियोजना में 380 आवासीय व 169 व्यावसायिक इकाइयां निर्मित की जाएंगी। लखनऊ में सबसे अधिक चार परियोजनाओं को स्वीकृति मिली। बिल्डरों द्वारा 90.77 करोड़ से 330 आवासीय व 348 व्यावसायिक इकाइयां विकसित की जाएंगी।


रेरा के लखनऊ मुख्यालय पर बैठक करते अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी। अमृत विचार

इससे राजधानी में आवासीय व व्यावसायिक ढांचा और मजबूत होगा।

मुरादाबाद में 335.77 करोड़ लागत की एक व्यावसायिक परियोजना में 627 आवासीय इकाइयां, बदायूं में 72 करोड़ की एक आवासीय परियोजना में 226 आवासीय इकाइयां, वाराणसी में 36.68 करोड़ लागत की एक आवासीय परियोजना में 98 आवासीय इकाइयां, मेरठ में 20.25 करोड़ लागत की एक आवासीय परियोजना में 76 आवासीय इकाइयां विकसित करने को मंजूरी दी गई। इसी तरह प्रयागराज में 31.19 करोड़ की एक आवासीय परियोजना में 99 आवासीय इकाइयां, मुजफ्फरनगर में 12.37 करोड़ की एक आवासीय परियोजना में 127 आवासीय इकाइयां, गाजियाबाद में 122.18 करोड़ की एक व्यावसायिक परियोजना में 330 व्यावसायिक इकाइयों के साथ गोरखपुर में 41.50 करोड़ लागत की एक व्यावसायिक परियोजना में 292 व्यावसायिक इकाइयों का निर्माण करने की स्वीकृति दी गई।

## ट्रिपिंग स्वीकार्य नहीं, हर हाल में दें निर्बाध बिजली : शर्मा



**अमृत विचार, लखनऊ/वाराणसी :** प्रदेश में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सख्त रुख अपनाते हुए ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी क्षेत्र में विद्युत ट्रिपिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्बाध और सुचारु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

ऊर्जा मंत्री वाराणसी दौरे के दौरान सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वाराणसी जैसे प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन नगर में बिजली व्यवस्था उच्च स्तर की होनी चाहिए। साथ ही, अंडरग्राउंड केबलिंग कार्य में तेजी लाने और बढ़ती मांग के अनुरूप योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने पर जोर दिया, ताकि भविष्य में उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। एके शर्मा ने निर्देश दिया कि एक किलोवाट तक के घरेलू कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं की बिजली नेगेटिव बैलेंस होने पर भी एक माह तक नहीं काटी जाएगी।

## सर्वोदय विद्यालयों का यूपी बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) के परीक्षा परिणामों में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता का नया मानक स्थापित किया है। हाईस्कूल में इन विद्यालयों का परिणाम 99.19 प्रतिशत और इंटरमीडिएट में 99.03 प्रतिशत दर्ज किया गया है।

अधिकारियों के अनुसार, यह सफलता गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर संसाधनों और अनुशासित वातावरण का परिणाम है। सरकार द्वारा स्मार्ट क्लास, प्रशिक्षित शिक्षकों की तैनाती और आधुनिक प्रयोगशालाओं जैसी सुविधाओं ने छात्रों के प्रदर्शन को नई दिशा दी है।

गाजियाबाद के जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय, निडोरी की छात्राओं ने विशेष उपलब्धि हासिल की। इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग में अंजली पुंडीर ने 88.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया, जबकि अंशिका ने 87.40 प्रतिशत अंक के साथ छठा स्थान हासिल किया।

## अलीगढ़ हादसे की जांच को तीन सदस्यीय समिति गठित

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अलीगढ़ में पाइपलाइन मरम्मत कार्य के दौरान हुए हादसे का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। इस दुर्घटना में एक श्रमिक की मौत हो गई थी। शासन की ओर से मृतक के परिजनों को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि घटना की जांच के लिए अपर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति बनाई गई है, जिसमें अधिशासी अभियंता (निर्माण) और कर निर्धारण अधिकारी को सदस्य नामित किया गया है। समिति को तीन दिन के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

## भाजपा 25 सीटें दे, नहीं तो अकेले लड़ेंगे

### आरपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास आठवले की दो टूक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि उत्तर प्रदेश में उनकी पार्टी आरपीआई भाजपा के साथ गठबंधन में 25 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। साथ ही, उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि पार्टी की मांगों पर सहमति नहीं बनती है तो आरपीआई अकेले चुनाव मैदान में उतरेगी।

आरपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उप्र. में होने वाले आगामी


आरपीआई अध्यक्ष रामदास आठवले।

विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति का खुलासा राजधानी लखनऊ में शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान किया। उन्होंने कहा कि केंद्र में आरपीआई और भाजपा का गठबंधन मजबूत है और यही मॉडल उत्तर प्रदेश में भी लागू किया जाएगा। साथ ही, दावा किया कि प्रदेश की दलित बाहुल्य सीटों पर आरपीआई की मजबूत दावेदारी है और पार्टी इन क्षेत्रों में प्रभावी प्रदर्शन करेगी।

वहीं बसपा पर टिप्पणी करते हुए कहा कि बसपा लंबे समय तक सत्ता में रही, लेकिन अब उसकी स्थिति कमजोर होकर एक सीट तक सीमित रह गई है, ऐसे में आरपीआई के पास आगे बढ़ने का अवसर है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की कि दलित बाहुल्य गांवों में समाज भवन बनाए जाएं और उनके संचालन की जिम्मेदारी स्थानीय दलित समुदाय को सौंपी जाए। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि पार्टी जल्द ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात कर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपेगी।

## छात्र नवाचारों में स्मार्ट व्हीलचेयर अव्वल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, उप्र. की ओर से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद में आयोजित इंजीनियरिंग अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों की नवाचार आधारित परियोजनाओं के प्रदर्शन एवं मूल्यांकन कार्यक्रम में छात्रों के अभिनव प्रोजेक्ट्स ने आकर्षित किया। कार्यक्रम का आयोजन विज्ञान भवन, नबीउल्लाह रोड में किया गया, जहां प्रदेश के विभिन्न तकनीकी संस्थानों के विद्यार्थियों ने समाजोपयोगी और पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए।

वर्ष 2017 से संचालित इस योजना के अंतर्गत इस बार 2025-


लखनऊ स्थित विज्ञान भवन में अपने प्रोजेक्ट का प्रदर्शन करते विद्यार्थी।

26 सत्र में प्रदेशभर से कुल 399 परियोजनाएं प्राप्त हुईं। विशेषज्ञ समिति द्वारा मूल्यांकन के बाद 60 परियोजनाओं को अधिकतम 20 हजार रुपये तक की अनुदान राशि के लिए चयनित किया गया। चयनित परियोजनाओं को प्रारंभिक चरण में 10 हजार रुपये की अग्रिम राशि भी प्रदान की गई।

**स्मार्ट व्हीलचेयर को मिला प्रथम पुरस्कार :** प्रतियोगिता में गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के अनुज कुमार यादव एवं उनकी टीम को "आईओटी आधारित स्मार्ट व्हीलचेयर" प्रोजेक्ट के लिए प्रथम पुरस्कार (1 लाख रुपये) प्रदान किया गया। इस व्हीलचेयर में वॉयस कंट्रोल, टक्कर

- इंजीनियरिंग अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के अभिनव प्रोजेक्ट्स ने किया आकर्षित

से बचाव और स्वास्थ्य निगरानी जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

द्वितीय पुरस्कार (75 हजार रुपये) अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कॉलेज के यश चंद्र को बैलिस्टिक अनुप्रयोग से जुड़े डिफेंस प्रोजेक्ट के लिए मिला, जबकि तृतीय पुरस्कार (50 हजार रुपये) के आईईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रणव चौधरी को स्वचालित कचरा संग्रहण प्रणाली प्रोजेक्ट के लिए दिया गया। इसके अलावा अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार एवं सभी विद्यार्थियों व उनके मार्गदर्शकों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

**तैयारी** जिला स्तरीय वर्गों को परिणामोन्मुखी बनाने के दिए गए निर्देश

## कार्यकर्ताओं की भूमिका पर भाजपा का जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रशिक्षण महाभियान से संगठन को मिलेगी मजबूती: पंकज चौधरी

**अमृत विचार:** भाजपा के 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026' को लेकर संगठनात्मक गतिविधियां तेज हो गई हैं। राजधानी स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शनिवार को आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक में प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि प्रशिक्षण महाभियान संगठन को मजबूत बनाने का प्रभावी माध्यम है। प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाते हैं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने जिला स्तर पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण वर्गों को सुव्यवस्थित और परिणामोन्मुखी बनाने के निर्देश दिए। कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने में प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका है, इसलिए प्रशिक्षण को सतत प्रक्रिया के रूप में अपनाया जाना चाहिए।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि भाजपा



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी।

एक कैडर आधारित और अनुशासित संगठन है, जिसकी मजबूती का आधार प्रशिक्षित कार्यकर्ता हैं। प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं की नेतृत्व क्षमता और संगठनात्मक समझ विकसित होती है। बैठक में मंडल स्तर पर अब तक हुए प्रशिक्षण वर्गों की समीक्षा की गई और आगामी जिला स्तरीय कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा हुई। संगठनात्मक मजबूती, वैचारिक विकास और प्रशिक्षण की गुणवत्ता को और प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री व प्रशिक्षण महाभियान के संयोजक एमएलसी अनूप गुप्ता ने किया। इस दौरान प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय प्रभारी, जिला अध्यक्ष, प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी तथा आईटी व सोशल मीडिया से जुड़े कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## गन्ने की फसल पर अंकुर-चोटी बेधक कीट का खतरा बढ़ा, चेतावनी जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अप्रैल से जून तक विशेष निगरानी जरूरी, समय पर उपाय से बच सकती है पैदावार

**अमृत विचार :** प्रदेश में गन्ना किसानों के लिए उत्तर प्रदेश गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग ने अंकुर बेधक (अर्ली शूट बोरर) और चोटी बेधक (टॉप बोरर) कीट के बढ़ते प्रकोप को लेकर चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार, कई चीनी मिल क्षेत्रों में इन कीटों की प्रथम पीढ़ी का असर दिखाई देने लगा है, जिससे फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई है।

अपर मुख्य सचिव वीना कुमारी मीना ने बताया कि अप्रैल से जून के बीच यह कीट तेजी से सक्रिय रहते हैं। ऐसे में किसानों को फसल की



नियमित निगरानी करनी होगी, ताकि समय रहते नियंत्रण किया जा सके। विभाग के अनुसार, यह कीट गन्ने की गोंफ को अंदर से नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे बीच की पत्तियां सूख जाती हैं और पौधा कमजोर हो जाता है। प्रभावित गन्ने की गोंफ खींचने पर आसानी से बाहर निकल आती है, जो प्रकोप का प्रमुख संकेत है।

किसानों को सलाह दी गई है कि प्रभावित पौधों को सूंड़ी और प्यूपा सहित जमीन की सतह से काटकर नष्ट करें। साथ ही, अंडों और सूंड़ी को नष्ट करने, ट्राइकोकार्ड के प्रयोग, तथा आवश्यक रासायनिक दवाओं के छिड़काव/ड्रेंचिंग जैसे उपाय अपनाएं। खेतों में फेरोमोन या लाइट ट्रैप लगाने से भी वयस्क कीटों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। विभाग ने कहा है कि समय पर रोकथाम के उपाय अपनाकर फसल को बड़े नुकसान से बचाया जा सकता है और उत्पादन में गिरावट को रोका जा सकता है।

मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी के आशीर्वाद से अभिसिंचित एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर
विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

# अयोध्या कैंट से मुंबई के लिए चलेगी अमृत भारत ट्रेन

- 28 अप्रैल को वाराणसी में पीएम नरेंद्र मोदी दिखाएंगे हरी झंडी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के प्रयासों से रामनगरी से मुंबई के बीच आधुनिक सुविधाओं से युक्त अमृत भारत एक्सप्रेस (संख्या 22111/22112) का संचालन होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 अप्रैल मंगलवार को वाराणसी में वाराणसी-पुणे-वाराणसी अमृत भारत ट्रेन के साथ अयोध्या कैंट-लोकमान्य तिलक टर्मिनल-अयोध्या कैंट अमृत भारत ट्रेन को वर्चुअल रूप से हरी झंडी दिखाएंगे। इस नई रेल सेवा से यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी।


वेद प्रकाश गुप्ता, नगर विधायक।


अश्विनी वैष्णव
Ashwini Vaishnaw
रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
भारत सरकार
Minister of Railways, Information & Broadcasting and Electronics & Information Technology
Government of India
No. 2025/Chg/16/CR/32
माननीय श्री वेद प्रकाश गुप्ता जी,

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की ओर से नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता को नई अमृत भारत रेलगाड़ी के संचालन को लेकर भेजा गया पत्र। अमृत विचार

इस संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्र लिखकर विधायक को औपचारिक जानकारी दी है।

विधायक ने बताया कि यह ट्रेन समय की बचत के साथ-साथ व्यापार, पर्यटन और रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा देगी। अयोध्या-मुंबई की कनेक्टिविटी बढ़ेगी। कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में रेल सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है और अयोध्या जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल को देश के प्रमुख महानगरों से जोड़ने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। विधायक ने अयोध्या के संत-महंत व आमजन की ओर से इसके लिए प्रधानमंत्री व रेल मंत्री का आभार जताते हुए इसे क्षेत्र की जनता के लिए बड़ी सौगात बताया। भाजपा मीडिया प्रभारी अमित मिश्र ने बताया कि वाराणसी से दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस अवसर पर अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर भी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह ट्रेन साप्ताहिक रूप से संचालित की जाएगी। सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि जल्द ही रेगुलर टाइम टेबल जारी होगा।

### अयोध्या से प्रयागराज होते हुए जाएंगी मुंबई

ट्रेन संख्या 22112 अयोध्या कैंट–लोकमान्य तिलक टर्मिनल अयोध्या कैंट से चलकर सुल्तानपुर, प्रयागराज, सतना, जबलपुर, इटारसी, भुसवल, जलगांव, नासिक रोड, कल्याण व थाने होते हुए लोकमान्य टर्मिनल पहुंचेगी। इसमें डाइनिंग हॉल वाले एलएसएलआरडीपीपी के दो कोच समेत कुल 22 कोच होंगे। जानकारी के अनुसार इस ट्रेन का संचालन प्रत्येक मंगलवार को होगा। फिलहाल जल्द ही इस ट्रेन की स्थायी समय सारणी जारी की जाएगी।

# गर्मी से टूटा खपत का रिकॉर्ड अप्रैल में ही डिमांड 800 मेगावॉट

- पिछले साल से दोगुनी, पॉवर कॉरपोरेशन हुआ अलर्ट, रात में चलेगी चेकिंग

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अप्रैल की शुरुआत में ही 43 डिग्री सेल्सियस तापमान ने जिले में बिजली की मांग को अप्रत्याशित स्तर पर पहुंचा दिया है। पिछले साल अप्रैल 2025 में जिले की अधिकतम डिमांड 500 से 600 मेगावॉट थी। इस साल अप्रैल में ही यह 700 मेगावॉट पार कर गई और अब 800 मेगावॉट छू रही है। यानी एक साल में खपत दोगुनी से ज्यादा हो गई।

ट्रांसमिशन विभाग के मुताबिक सबसे ज्यादा लोड दोपहर 12 से शाम 4 बजे और रात 10 से सुबह 4 बजे तक पड़ रहा है। इसे 'पीक आवर' माना गया है। इसे लेकर पॉवर कॉर्पोरेशन सतर्क हो गया है। सभी अवर अभियंता को इलाकों में रात्रिकालीन भ्रमण और किसी भी हाल में लोड कम करने के लिए निर्देश दिया गया है। सरकारी कार्यालयों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों समेत मॉल आदि में एसी कम से कम चलाने के लिए कहा गया है। मुख्य अभियंता वितरण बृजेश कुमार ने कहा, उपभोक्ता एसी को 24 डिग्री पर चलाएं। एक साथ कई भारी उपकरण न चलाएं। खपत नहीं रुकी तो शेड्यूल कटौती करनी पड़ेगी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### घी के कई ब्रांडों की बिक्री पर प्रतिबंध

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रदेश में बिक रहे कई महत्वपूर्ण घी के ब्रांडों के निर्माण और बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई। रोक इनके निर्माण के साथ परिवहन, भण्डारण और बिक्री पर लगाई गई है। इसका कारण मिलावट के साथ इनको असुरक्षित माना गया है। इनका उत्पादन, परिवहन, भंडारण और बिक्री कानून अपराध की श्रेणी में होगा। सहायक आयुक्त (खाद्य)- ।। मानिकत चंद सिंह ने बताया कि प्रतिबंधित किए गए ब्रांडों में ब्रजवासी घी, रतनगिरी घी, हरियाणा फेस घी, डेयरी नाइस घी, श्री रूद्रा घी और अविक घी शामिल हैं। यदि कोई खाद्य कारोबारी इन ब्रांडों के घी का निर्माण, बिक्री, परिवहन, भण्डारण करता है तो उसके खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत उपयुक्त धाराओं में कार्रवाई की जाएगी।

### प्लेटफार्म पर घूम रहे एजेंटों पर सख्ती, 24 का किया चालान

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के चक्कर में आने वाले होमस्टे, गेस्ट हाउस के दलालों पर रेलवे पुलिस की नजर टेढ़ी हो गई है, 15 दिनों में करीब 24 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। होम स्टे व गेस्ट हाउस आदि मालिकों ने सैलरी या कमीशन पर एजेंटों को भी रखा है, यह यात्रियों को उनके होमस्टे तक पहुंचाते हैं। वर्तमान में यात्रियों की संख्या में कमी होने के कारण यह एजेंट प्रतिबंध के बाद भी प्लेटफार्म पर पहुंचकर यात्रियों को कम दाम पर अच्छा कमरा दिलाने का लालच देते हैं। कभी-कभी यात्रियों को लेकर एजेंटों में आपस में विवाद भी हो जाता है। इस पर अंकुश लगाने के लिए आरपीएफ ने प्लेटफार्म समेत परिसर में गश्त बढ़ा दी है।

# राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में गहराया आयुष्मान योजना संकट

## अधर में गरीब मरीजों का इलाज, विभागों के चिकित्सकों ने खड़े किए हाथ

- अप्रैल माह में अब तक करीब 20 मरीजों का इलाज हुआ प्रभावित

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत योजना का संकट महीने भर से गहराता जा रहा है। आवश्यक संसाधनों की भारी कमी के चलते ऑपरेशन रोक दिए गए हैं। इलाज अधर में लटक गया है। दवाओं और सर्जिकल इंप्लांट्स की आपूर्ति पूरी तरह ठप पड़ी हुई है।

अप्रैल माह में अब तक 20 के करीब मरीजों को लौटाए जाने की खबर सामने आ रही हैं। विभागों के चिकित्सकों ने भी हाथ खड़े कर दिए हैं। इस संबंध में शनिवार को एक बार फिर से केंद्रीय औषधि भंडार की तरफ से मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से पत्राचार किया गया है। मेडिकल कॉलेज में आयुष्मान योजना के तहत मरीजों को दवा व अन्य आवश्यक सामान मुहैया कराने वाली फर्म का टेंडर समाप्त हो जाने के कारण इलाज ठप चल रहा है। 14 जनवरी 2023 को अंबेशिका इंटरप्राइज फर्म को तीन वर्ष के लिए टेंडर दिया गया था, जो 13 जनवरी 2026 को समाप्त हो गया था। उस टेंडर को 31 मार्च 2026 तक के लिए विस्तारित कर दिया गया था।

इस संबंध में प्रभारी अधिकारी केंद्रीय औषधि भंडार की ओर से 28 मार्च को प्राचार्य डॉ. डीएस मार्तोलिया को अवगत कराया गया था। इसके बावजूद योजना को लेकर हीलाहवाली की जाती रही। इस बार केन्द्रीय औषधि भंडार की तरफ से मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरविंद कुमार सिंह को पत्र लिखा गया है। संबोधित पत्र में बताया गया है कि आयुष्मान योजना के भर्ती मरीजों के इलाज के लिए आवश्यक औषधियों व इंप्लांट की आपूर्ति के लिए अधिकृत फर्म का अनुबंध समाप्त हो चुका है। विभिन्न वार्डों से प्रतिदिन मांग पत्र प्राप्त आ रहे हैं।

**सर्वाधिक मरीज टीबी एंड चेस्ट के प्रभावित:** योजना से इलाज न मिलने के कारण सबसे अधिक टीबी एंड चेस्ट डिपार्टमेंट के मरीज प्रभावित हुए हैं। इसके बाद ऑर्थो और फीमेल सर्जरी के गरीब मरीज बेबस हैं। अगर तीन चार दिनों में दवा और इंप्लांट नहीं आए तो संकट और भी अधिक गहरा सकता है।



मेडिकल कॉलेज का आयुष्मान वार्ड। अमृत विचार

### चिकित्सकों ने स्वीकारा संकट, बोले-हम तो भेज रहे इंडेंट

सर्जरी, ऑर्थो, टीबी एंड चेस्ट, ईएनटी विभाग में योजना के तहत इलाज कराने वाले मरीजों को बड़ी मुश्किलें झेलनी पड़ रही है। इंप्लांट न होने के कारण सर्जरी रोक दी गई है। फेफड़े के सिकुड़ने आदि का भी उपचार नहीं हो पा रहा है। ईएनटी विभाग में किसी तरह काम चलाया जा रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि हम लोग कुछ भी नहीं कर सकते। हमारी तरफ से लगातार इंडेंट भिजवाया जा रहा है पर सामान मिल ही नहीं रहा है। हालांकि योजना के नोडल डॉ. पीयूष आनंद साफ कह चुके हैं कि उन्हें मामले में पूरी जानकारी नहीं है। एमएस नोडल डॉ. अरविंद कुमार अभी भी जवाब देने से बचने के लिए फोन नहीं उठा रहे हैं।

> आयुष्मान योजना से इलाज ठप होने की जानकारी मुझे मिली है। प्राचार्य से इस संदर्भ में बात करने के लिए सोमवार कोजाऊंगा। किसी भी मरीज को मुश्किलें नहीं आने दी जाएगी।
> –डॉ.देवेंद्र कुमार भिटौरिया, सीएमओ

> मुझे मामले की जानकारी है। छुट्टी पर हूं। फर्म से बात चल रही है। सोमवार से हर हाल में इंप्लांट और दवाओं की आपूर्ति शुरू करा दी जाएगी।
> –डॉ. डीएस मर्तोलिया, प्राचार्य

# मेडिकल कॉलेज में सिस्टर इंचार्ज को लेकर घमासान, सीएमओ ऑफिस पहुंची लड़ाई

**नर्सिंग स्टाफ ने उठाई आवाज**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में अब सिस्टर इंचार्ज को लेकर घमासान शुरू हो गया है। नर्सिंग स्टाफ द्वारा सीएमओ को शिकायती पत्र देकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन निदेशक के निर्देश का पालन करवाने की मांग की गई है। सीएमओ को संबोधित पत्र में बताया गया है कि हम सभी नर्सिंग स्टाफ द्वारा कार्य स्थल पर अनुचित व्यवहार व उत्पीड़न के संबंध प्रधानाचार्य को शिकायती पत्र दिया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय में 17 अप्रैल को पत्र दिया गया। उसी दिन कार्यवाहक सीएमएस डॉ. बागीश मिश्रा द्वारा तीन बजे सभी स्टाफ की मीटिंग ली गई। सभी की सहमति के बाद कार्यालय से एसएनसीयू की गाइड लाइन के अनुसार आदेश जारी किया गया कि पत्र में दिए गए निर्देशों के अनुरूप रोटेटरी बेसेस पर सभी एसएनसीयू नर्सिंग स्टाफ को तीन-तीन महीने के लिए इंचार्ज बनाया जाएगा, जो की प्रमुख सिस्टर इंचार्ज / मैट्रन के अधीन अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करेंगी।

इस पर सभी की सहमति पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय से पत्र जारी किया गया, जिसमें उपस्थिति पंजिका में आशा वर्मा को सिस्टर इंचार्ज तत्काल प्रभाव से नामित करते हुए पुरानी इंचार्ज मोहनी तिवारी को चार्ज देने के लिए आदेशित किया गया। इसके बाद आदेश का विरोध शुरू हुआ। बताया जाता है कि प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्रतिभा गुप्ता ने सीएमएस के निर्देश पर रोक लगा दी। प्रधानाचार्य की ओर से जारी रोक का स्टाफ की ओर से जमकर विरोध हो रहा है। सभी स्टाफ ने सीएमएस के निर्देश को सही ठहराते हुए मिशन निदेशक की ओर से जारी गाइड लाइन का अनुपात कराने की मांग सीएमओ से की है। सीएमओ डॉ.देवेंद्र कुमार भिटौरिया ने बताया कि अभी मुझे पत्र नहीं मिला है, शनिवार को व्यस्तता के कारण ऑफिस नहीं पहुंच सका।

# अब बुकिंग के बाद ही कृषि विभाग से मिलेगा बीज

**अयोध्या, अमृत विचार:** कृषि विभाग अनुदान पर किसानों को बीच उपलब्ध कराता है। यह दो प्रकार से उपलब्ध कराए जाते हैं। एक तो मिनी किट से और दूसरा सामान्य रूप से। पहले यह बीच पहले आओ, पहले पाओ के सिद्धांत पर वितरित किए जाते थे लेकिन इसको लेकर कई बार सवाल खड़े होते थे।आरोप लगते थे। किसान के साथ विभाग के लोग भी प्रभावित होते थे। इसीलिए अब नया नियम लागू किया गया है। विभाग से किसी प्रकार का बीज प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन बुकिंग करनी होगी। कृषि निदेशालय ने इसको लेकर पत्र जारी कर दिया है। विभिन्न योजनाओं के तहत सामान्य बीज वितरण और मिनीकिट वितरण के लिए बुकिंग विभाग के पोर्टल पर 22 अप्रैल से शुरू कर दिया गया है। 10 मई तक बुकिंग की जा सकती है। बीज वितरण के लिए किसानों का चयन ई-लाटरी के माध्यम से किया जाएगा। विभाग के अफसर भी पत्र आने की पुष्टि करते हैं।

### यात्री सुविधाओं को और किया जाए सुदृढ़


अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के भवन का निरीक्षण करते डीआरएम सुनील कुमार वर्मा।

**अयोध्या, अमृत विचार :** मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने शनिवार को अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन की समग्र व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि स्टेशन पर सभी व्यवस्थाएं उच्च स्तर पर बनाए रखी जाएं। यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराया जाए। मंडल रेल प्रबंधक ने यह भी निर्देश दिए कि आगामी महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को दृष्टिगत रखते हुए स्टेशन परिसर में भीड़ प्रबंधन, साफ-सफाई एवं यात्री सुविधाओं को और सुदृढ़ किया जाए। कहा कि उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा यात्रियों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने एवं स्टेशन को विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर उनके साथ स्टेशन अधीक्षक एमएन मिश्र, आरपीएफ प्रभारी नीरव मिश्र समेत मंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### जेल में निरुद्ध निरक्षर बंदी किए जाएंगे साक्षर

**अयोध्या, अमृत विचार :** कारागार में निरुद्ध निरक्षर बंदियों को साक्षर किया जाएगा। जेल में निरुद्ध एक प्रशिक्षित बंदी 30 अन्य बंदियों को साक्षर करेगा। इसके लिए 21 व 22 अप्रैल को प्रौढ शिक्षा संबंधी कार्यक्रम के तहत राहुल आनन्द (ट्रेनर), चन्दन मिश्रा और दिवेश सिंह ने छह बंदियों को प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षित किया। सरकारी संस्थाओं में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के मद्देनजर शिवनादर फाउण्डेशन नई दिल्ली की ओर से यह आयोजन किया गया।

### जेल से दी परीक्षा, प्रथम श्रेणी में किया उत्तीर्ण

**अयोध्या, अमृत विचार :** कारागार में निरुद्ध बंदी मोहित कुमार ने जिला कारागार गोरखपुर में जाकर हाईस्कूल की परीक्षा में भाग लिया, 23 अप्रैल को आए परीक्षाफल में 65 फीसदी अंकों के साथ हाईस्कूल की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। प्रभारी वरिष्ठ अधीक्षक जिला कारागार प्रदीप कुमार कश्यप ने बंदी मोहित कुमार को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर कारापाल डॉ. आरती पटेल, उप कारापाल शुमरा अंसारी, अध्यापकगण सौमित्र दुबे आदि मौजूद रहे।

### रिक्रूट आरक्षियों की दीक्षांत परेड आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** रिजर्व पुलिस लाइंस में रविवार को रिक्रूट आरक्षियों की दीक्षांत परेड का आयोजन किया गया है। सुबह आठ बजे आयोजित परेड में डीआईजी सोमेन वर्मा परेड का मान प्रणाम ग्रहण करेंगे। दीक्षांत परेड से पूर्व शुक्रवार शाम पुलिस लाइंस में ''''बड़ा खाना'''' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन प्रवीण कुमार, पुलिस उपमहानिरीक्षक सोमेन वर्मा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने रिक्रूट आरक्षियों को अपने हाथों से भोजन परोसा व साथ में भोजन भी किया।

### शार्ट सर्किट से लगी आग, ग्रामीणों ने पाया काबू

**पूराबाजार, अयोध्या :** नागीपुर गांव में शनिवार दोपहर एक ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी से बांस कोठ में आग गई। ग्रामीण संगम तिवारी, संतोष पाण्डेय, मंगल तिवारी, रिंकू तिवारी आदि महिलाओं बच्चों ने किसी तरह आग बुझाई। उनका कहना है कि गांव में कई वर्षों पूर्व अटल ज्योति योजना के तहत नई एचटी लाइन बनाई गई थी। कई पोल छह महीने में ही धराशाई हो गए थे। कोई कनेक्शन न होने के कारण लाइन निष्प्रयोज्य हो गई थी। जेई सूरज कुमार ने बताया कि जल्द पुराने ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ा ली जाएगी।

### दो फरार आरोपी के घरों पर कुर्की नोटिस चस्पा

**मिल्कीपुर, अयोध्या :** इनायतनगर थाना क्षेत्र में लूट और मारपीट के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों पर पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई शुरू कर दी है। दोनों आरोपियों पर 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित है। गिरफ्तारी न होने पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (तृतीय) के आदेश पर उपनिरीक्षक अमर बहादुर पटेल और कमलेश कुमार की मौजूदगी में दोनों आरोपियों के घरों पर कुर्की नोटिस चस्पा किया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने परिजनों को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि आरोपी जल्द न्यायालय में हाजिर नहीं होते हैं, तो उनकी चल-अचल संपत्ति कुर्क कर ली जाएगी। मामला 10 अक्टूबर का है, जब परसपुर सथरा पूरे सर्वजीत तिवारी गांव निवासी विपिन तिवारी ने कोतवाली इनायतनगर में लूट व मारपीट की शिकायत दर्ज कराई थी। जांच के दौरान पुलिस ने पांच आरोपियों की पहचान की थी। इनमें से तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। घटना के बाद से शिवम दुबे निवासी सिधौना पूरे जवाहर, थाना कुमारगंज और संदीप पासी निवासी डेहरियावा, थाना हलियापुर, सुल्तानपुर फरार चल रहे हैं।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन न करने पर विपक्ष की निंदा प्रस्ताव पास

- नगर निगम के विशेष सत्र में महिलाओं के नगर निगम के कार्यों की चर्चा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** संसद में महिला आरक्षण संशोधन विधेयक के पास न होने को काला दिवस बताते हुए नगर निगम के विशेष सत्र में विपक्षी दलों की कड़ी आलोचना की गई। इस दौरान निंदा प्रस्ताव पास कर कांग्रेस, सपा, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके जैसे दलों की निंदा की गई। गांधी सभागार में आयोजित नगर निगम के विशेष सत्र की अध्यक्षता महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने की। पार्षद गरिमा मौर्य ने प्रस्ताव का समर्थन करते हुए संविधान संशोधन की इस पहल के लिए प्रधानमंत्री की सराहना की। पार्षद मनीषा यादव ने नारी शक्ति की चर्चा करते हुए कहा महिलाओं ने अंतरिक्ष से लेकर संसद तक अपनी उपयोगिता साबित की है। देश और राज्य का प्रशासन-शासन संभाला है। उन्होंने बताया कि 106 करोड़ की लागत से बने हाईटेक नगर निगम परिसर में महिला पार्षदों के लिए पृथक कक्ष का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री सुनिधि योजना के तहत 5537 महिलाओं को ऋण वितरित किया गया है, ताकि उन्हें स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा सके। संचालन पार्षद अर्चना श्रीवास्तव ने किया। सदन की चर्चा में पार्षद अर्चना द्विवेदी, वरिष्ठ पार्षद बृजेंद्र सिंह, अनिल सिंह, अनुज दास, सूर्यकुमार तिवारी समेत सभी विभागों की मुखिया एवं अधिकारी मौजूद थे।

# शिविर में 102 कुत्तों को लगाया रैबीज का टीका

**अयोध्या, अमृत विचार:** विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर पशु चिकित्सा क्लीनिकल कॉपलेक्स द्वारा बारात घर, आलू मंडी परिसर स्थित निशुल्क श्वान स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. सोनू जायसवाल के नेतृत्व में लगभग 102 कुत्तों को रेबीज का टीका, निशुल्क दवा व उनकी जांच की गई। इस दौरान पोषण, रोगों की रोकथाम एवं स्वच्छता को लेकर भी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। पशु चिकित्सा महाविद्यालय के चतुर्थ एवं अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं का सराहनीय योगदान रहा। इस मौके पर डॉ. राजेश वर्मा, डॉ. सौरभ, डॉ. अनिल रहे।

# राम मंदिर में पहली बार मनाया गया मां जानकी का जन्मोत्सव

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** राम मंदिर में पहली बार शनिवार को मां जानकी का जन्मोत्सव मनाया गया। अन्य मंदिर में भी उत्सव की धूम रही। वैशाख शुक्ल नवमी तिथि पर दोपहर 12 बजे मंगलध्वनि के साथ अयोध्या के मठ मंदिरों में प्रतीकात्मक रूप से माता जानकी का जन्म कराया गया। इस दौरान आचार्य पीठ लक्ष्मण किला मंदिर, सियाराम किला, हनुमत निवास, श्री राम वल्लभाकुंज, बधाई भवन, जानकी महल, रामहर्षण कुंज, विभूति भवन समेत 12 से अधिक जानकी उपासक मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक आयोजन सम्पन्न किए गए। ऐतिहासिक कनक भवन मंदिर और कुलदेवी मंदिर छोटी देवकाली में अभिषेक पूजन झांकी उत्सव का भी आयोजन किया गया। माता सीता की कुल देवी मंदिर छोटी देवकाली भव्य झांकी जा आयोजन किया गया। पांच क्विंटल फूलों से पूरे मंदिर परिसर को सजाया गया, रंग बिरंगी लाइटें क्षेत्र की शोभा रही। रात आठ बजे 1051 बत्ती की आरती का आयोजन हुआ।

**कनक भवन में पांच क्विंटल दूध से हुआ अभिषेक:** अयोध्या के रामकोट कोट क्षेत्र स्थित कनक भवन मंदिर में मां जानकी का जन्मोत्सव के मौके पर वैदिक मंत्रोचार के साथ पांच क्विंटल दुग्धाभिषेक से अभिषेक किया गया। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी शामिल रहे, दोपहर 12 बजे माता जानकी का जन्म होते ही भव्य आरती का आयोजन किया गया।

**कवायद** | 15 किमी . सड़क के डिवाइडर पर छह फिट ऊंचे बनाए जाएंगे 30 पिलर

# दशरथ पथ पर लगेंगे पौराणिक व आध्यात्मिक थीम पर बने चिह्न

- इन पर लगाई जाएंगी पौराणिक 15 हस्त और 15 शस्त्र मुद्राएं

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी के सौंदर्यीकरण में एक नया अध्याय जुड़ रहा है। अयोध्या से 15 किलोमीटर तक दशरथ समाधि स्थल तक जुड़ने वाले पथ को पौराणिक और आध्यात्मिक थीम पर बने चिह्नों से सजाया जाएगा। यह मार्ग दशरथ पथ के नाम जाना जाएगा। जिसमें 15 हस्त और 15 शस्त्र मुद्राएं शामिल हैं। इस योजना में पथ के डिवाइडर पर छह फिट ऊंचे 30 पिलर बनाए जाएंगे। इन पर हस्त और शस्त्र मुद्रा की स्थापना की जाएगी। इस मार्ग से गुजरने वाले श्रद्धालुओं के लिए ये मुद्राएं आकर्षण का केंद्र होंगी। जो आध्यात्मिक विरासत का भी अहसास कराएंगी।

अयोध्या में रामपथ, भक्तिपथ, धर्मपथ और जन्मभूमि पथ की ही तरह दशरथ पथ भी कॉरिडोर में शामिल होने जा रहा है। पथ का निर्माण पूरा होने के बाद बड़ी संख्या में लोगों का इस पर आवागमन होगा। इसलिए इसे भी भव्य स्वरूप देने के लिए मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप 90 लाख रुपये की लागत से हस्त और शस्त्र मुद्राओं से सुसज्जित किया जाएगा।


दशरथ पथ लगाई जाएगी पौराणिक और आध्यात्मिक थीम पर बने चिन्ह। अमृत विचार

> अयोध्या के धार्मिक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को देखते हुए दशरथ समाधि तक का एक सड़क का निर्माण हो रहा है। इस सड़क पर जो डिवाइडर हैं उस पर पिलर बनाए जाएंगे और इन पिलर पर विभिन्न प्रकार की पौराणिक हस्त और शस्त्र मुद्राएं लगाई जाएंगी। अभी हमने 30 तरह की मुद्राएं बनवा कर मंगवाई हैं। पथ के सौंदर्य को निखारने के लिए अयोध्या से जुड़े चीजों को दिखाया जाएगा।
> –अनुराग जैन, उपाध्यक्ष, अयोध्या विकास प्राधिकरण

# 27 को बीज व्यापारी बंद रखेंगे प्रतिष्ठान

**अयोध्या, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश बीज व्यापारी सेवा समिति के आह्वान पर 27 अप्रैल को बीज, खाद व कीटनाशक विक्रेता अपनी दुकाने बंद रखेंगे। यह बंदी राष्ट्रव्यापी ऐलान के तहत होगी। समिति से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक राष्ट्रव्यापी बंदी के समर्थन में प्रदेश और जिले के व्यापारियों ने भी अपनी मांगे रखी हैं। एक से अधिक जिलों में कारोबार करने पर प्रदेश में निदेशालय स्तर से असंवैधानिक तरीके से लाइसेंस लेने की बाध्यता समाप्त हो। जमाव मानक से कम आने पर असंवैधानिक रूप से लाइसेंस रद्द व निरस्त न कर नियमानुसार कार्रवाई हो। खाद की डिलेवरी विक्रेता की दुकान तक हो। सील बंद बोरी/कंटेनर से नमूना लेने के बाद अमानक होने पर विक्रेता की जिम्मेदारी न होकर नियमानुसार पैकिंगकर्ता की जिम्मेदारी तय की जाए। साथी व आईपीएमएस पोर्टल के उपकरण खरीद के लिए अनुदान मिले व निचले स्तर पर लागू न किया जाए। प्रस्तावित सीड बिल 2025 का सरलीकरण हो।

# उप्र होमगार्ड परीक्षा शुरू, पहले दिन 1567 ने छोड़ा इम्तिहान

## पहली पाली में 784, दूसरी पाली में 783 रहे अनुपस्थित, परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा चौकस

- डीआईजी, डीएम, एसएसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** उप्र. होमगार्ड भर्ती की तीन दिवसीय लिखित परीक्षा शनिवार को अयोध्या में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई। जिले के 10 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें अनुपस्थिति की संख्या करीब 1567 रही।

प्रथम दिन प्रत्येक पालियों में 4032 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी। प्रथम पाली में 3248 उपस्थित रहे जबकि 784 अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में 3248 ने परीक्षा दी जबकि 784 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। दोनों पालियों को मिलाकर उपस्थित का प्रतिशत 80.57 रहा। होमगार्ड भर्ती परीक्षा को लेकर व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की कड़ी चेकिंग की गई।

मेटल डिटेक्टर, फ्रिस्किंग और बैग चेकिंग के बाद ही उम्मीदवारों को अंदर प्रवेश मिला। मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और किसी भी प्रकार के लिखित सामग्री ले जाना सख्ती से वर्जित था। परीक्षा के दौरान डीआईजी सोमेन वर्मा, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी समेत अन्य नोडल अधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की सुविधा और नकल रोकथाम के इंतजामों का जायजा लिया। अधिकारियों ने केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों, स्टेशनरी ड्यूटी और फ्लाइंग स्क्वॉड की गतिविधियों की समीक्षा की। परीक्षा के प्रथम दिन किसी भी किसी अनियमितता की सूचना नहीं मिली।

एसएसपी के अनुसार परीक्षा 26 और 27 को भी पालियों में चलेगी। अयोध्या जिले के 10 परीक्षा केंद्रों पर 24,182 अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होना है। परीक्षा को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पूरी परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में हो रही है। सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं।



मनोहरलाल इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर। अमृत विचार

### जो पैटर्न समझा था वैसा ही पेपर आया



मनोहरलाल इंटर कॉलेज पर परीक्षा देने आए अंबेडकरनगर निवासी सुरजीत मौर्या ने बताया कि मॉक टेस्ट और पिछले साल के पेपर से जो पैटर्न समझा था, वैसा ही पेपर आया। जीके के प्रश्न सीधे-सीधे थे। समय भी पर्याप्त मिला। कुल मिलाकर 80-85 प्रतिशत प्रश्न तैयारी से कवर हो गए।

### दो महीने से नियमित प्रैक्टिस की थी



बाराबंकी से आईं सरवर जहां ने बताया कि हिंदी और सामान्य ज्ञान आसान थे। करंट अफेयर्स के कुछ प्रश्न आए, जो रोज अखबार पढ़ने वालों के लिए आसान थे। मैंने दो महीने से नियमित प्रैक्टिस की थी, इसलिए पेपर अच्छा लगा।

### यूपी स्पेशल जीके मजबूत था



बाराबंकी की निशा देवी ने बताया कि अधिकतर प्रश्न स्टैंडर्ड थे, जो कोचिंग और ऑनलाइन मॉक से आते हैं। यूपी स्पेशल जीके मजबूत था। कुल 100 प्रश्नों में 70-75 अच्छे से हो गए। बाकी रिवीजन से सुधार सकता था।

### गणित और रीजनिंग में नए प्रश्न थे



अंबेडकरनगर के अरविंद कुमार ने बताया कि पेपर मीडियम लेवल का था। गणित व रीजनिंग में कुछ नए टाइप के प्रश्न थे, लेकिन बेसिक कॉन्सेप्ट से सॉल्व हो गए। तैयारी अच्छी थी तो घबराहट नहीं हुई।

## न्यूज ब्रीफ

### छेड़खानी के आरोपी को किया गिरफ्तार

**सत्तीचौरा, अयोध्या :** किशोरी से छेड़खानी के आरोपी थाना रौनाही क्षेत्र अंतर्गत पुलिस चौकी सती चौरा के एक गांव निवासी गोविंद साहू (19) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। चौकी प्रभारी सत्यम अग्रवाल ने बताया कि किशोरी के घर वालों की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की।

### पीड़ितों को हरसम्भव दिलाई जाएगी मदद

**शुजागंज, अयोध्या :** अमृत विचार : शुजागंज चौकी क्षेत्र अंतर्गत अब्बुपुर मजरे कैथी गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग में छह परिवारों को भारी नुकसान हुआ। क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र यादव ने अब्बुपुर गांव पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मिलकर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के साथ ही तहसीलदार रुदौली से वार्ता कर जल्द से जल्द क्षतिपूर्ति का मुआवजा दिलाएं जाने को कहा। विधायक ने कहा कि पीड़ितों को हर सम्भव मदद दिलाई जाएगी।

### सूखे सरोवर, बिना पानी पशु-पक्षी बेहाल

**सत्तीचौरा, अयोध्या :** विकासखंड सोहावल क्षेत्र के अंतर्गत तमाम ग्राम सभाओं में इस समय तालाब सूखे पड़े हैं। तापमान 43 डिग्री से ऊपर हो गया है। इस भीषण गर्मी में पशु-पक्षी बिन पानी के बेहाल हो रहे हैं। एडीओ पंचायत सोहावल अनिरुद्ध प्रताप वर्मा का दावा है कि क्षेत्र के सभी तालाबों में पानी उपलब्ध है, जबकि हकीकत ये तस्वीर खुद बयां कर रही है। बरई कला निवासी भाजपा नेता पिंटू यादव ने बताया कि ग्राम सभा बरई कला में आठ में से किसी भी तालाब में पानी नहीं है। जिससे भारी कठिनाइयों के दौर से गुजरना पड़ रहा है। इसके अलावा कई पोखरे भी सूख चले हैं जिससे परेशानी बनी हुई है। अब इस मामले में क्षेत्र के विजय कुमार यादव, सोनू पांडे व भोलानाथ समेत कई लोगों ने सूखे तालाबों को भरवाने की मांग प्रशासन से की है। जिससे बेजुबान जानवरों को पीने का पानी मिल सके।

### हज यात्रा पर जा रहे लोगों को दी बधाई

**सोहावल, अमृत विचार :** सोहावल क्षेत्र के चिर्रा मोहम्मदपुर के कमरुद्दीन अंसारी, उनके पुत्र अजहरुद्दीन अंसारी, जगनपुर के आज़ाद खान सहित अन्य के पवित्र हज यात्रा पर रवाना होने से पूर्व, बीकापुर विधानसभा क्षेत्र से सपा नेता हाजी फिरोज़ खान उर्फ गब्बर ने मुलाकात कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर सपा नेता एजाज अहमद, पूर्व ब्लॉक प्रमुख मेराज खान, जगनपुर प्रधान वकार अहमद, अदील खान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### दो मोर्चों पर एक साथ काम करेंगे बीएलओ

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** बूथ लेवल ऑफीसरों को एक साथ दो मोर्चों पर काम करना होगा। राज्य निर्वाचन आयोग से ग्राम पंचायत की मतदाता सूची के पुनरीक्षण के साथ जनगणना-2027 में मकान गणना का काम भी उनके जिम्मे है। कई बीएलओ को प्रगणक के रूप में तैनात किया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग से ग्राम पंचायत की मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम अभी गतिमान है। आयोग ने एक बार फिर संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची जिले को भेज दी है। यह संख्या लगभग 5.33 लाख है। सूची का अंतिम प्रकाशन टाल दिया गया है। यह काम अप्रैल से मई तक किए जाने का समय है। दूसरी ओर जनगणना-2027 के पहले फेज में मकान गणना की तैयारी शुरू हो गई है। प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बताया गया है कि बीएलओ बनाए गए बड़ी संख्या में कर्मचारियों को जनगणना कार्य में भी लगाया गया है। अफसर अनौपचारिक बातचीत में बताते हैं कि कर्मचारी तो वही हैं। इसलिए दोनों में डियूटी हो सकती है। इसमें किसी प्रकार की परेशानी नहीं है।

# छोटी देवकाली तिराहे पर स्थापित होगी सिंदूर स्मृतिका, महापौर ने किया पूजन

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** भारतीय सेना के पराक्रम के गवाह बने ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित स्मृतिका रामनगरी में स्थापित की जाएगी। छोटी देवकाली तिराहे पर सिंदूर स्मृतिका की स्थापना के लिए महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने शनिवार को शिलापट का पूजन किया।

महापौर ने कहा कि इस स्मृतिका को स्थापित करने के लिए नगर निगम ने 20 लाख रुपये दिये हैं। यह स्मृतिका अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को सैनिकों के पराक्रम की याद दिलाती रहेगी। उन्होंने लोगों से अयोध्या को स्वच्छ बनाए रखने में योगदान देने का आह्वान किया। वहीं छोटी देवकाली मंदिर चौराहे पर ऑपरेशन सिंदूर की स्मारिका स्थापित करने के साथ सिंदूर चौक के नामकरण को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी दिखी। इस पर महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने सफाई देते हुए बताया कि नामकरण एक संवैधानिक प्रक्रिया है। उसे नगर निगम की कार्यकारिणी में पास कराए बिना किसी चौराहे का नामकरण नहीं कर सकते हैं। अभी ऐसी कोई प्रक्रिया नहीं हुई हैं। कहा कि प्रमोदवन तिराहे को मृदंग तिराहे के नाम से विकसित किया जाएगा। जहां स्वर्गीय पागल दास जी का स्थान हैं। इस मौके पर डॉ. नागेंद्र नाथ, संतोष सिंह, पार्षद अनुज दास, महेंद्र शुक्ल, रिशु पांडे, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश तिवारी, गीता शुक्ला आदि मौजूद रहे।



छोटी देवकाली तिराहे पर सिंदूर स्मृतिका का शिलान्यास करते महापौर। अमृत विचार

# सरकारी पाइप चोरी करते दबोचा

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार:** जल जीवन मिशन के तहत कराए जा रहे कार्य की पाइप चोरी करने के आरोप में कोतवाली बीकापुर पुलिस ने दो आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। परियोजना प्रबंधक सोम गुप्ता द्वारा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 23 अप्रैल को नासिरपुर मूसी निवासी धर्मराज यादव करीब 125 मीटर पाइप अपने गाडी में चोरी से लादकर ले जा रहा था। जिसे मौके पर ही ग्रामीणों ने पकड़ लिया। पूछने पर आरोपी ने बताया कि वह बीकापुर निवासी संदीप के कहने पर पाइप लेकर बेचने के लिए जा रहा था। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर धर्मराज यादव को गिरफ्तार कर उसका चालान किया है।

# बेनीपुर कांड की एसआईटी जांच कराने की मांग

**बीकापुर, अयोध्या:** करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरू सिंह व उपाध्यक्ष सनी सिंह शुक्रवार शाम को दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के बेनीपुर खिदिरपुर गांव पहुंचे। घटना के बारे में जानकारी करने के बाद बुजुर्गों और निर्दोष लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज होने को लेकर नाराजगी जताई। वह आगजनी की घटना में नामजद ब्राह्मण परिवार के लोगों को लेकर कोतवाली पहुंचे। यहां क्षेत्राधिकारी बीकापुर सुनील कुमार सिंह, कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह से मुलाकात की व पूरे मामले की एसआईटी से जांच करने की मांग की। उन्होंने शिक्षा ग्रहण कर रहे युवकों और बुजुर्गों के ऊपर रिपोर्ट लिखे जाने पर कड़ी आपत्ति भी जताई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के दौरान रात में आतिशबाजी की जा रही थी। जिसके चलते आग लगी और तीन लोगों के छप्पर जल गये। उसके बाद रंजिश के चलते ब्राह्मण समुदाय के करीब 12 लोगों को आगजनी में नाम जद किया गया है जो अन्यायपूर्ण है। सीओ व कोतवाल ने निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया।

# बार-बेंच के बीच विवाद सुलझाने तहसील पहुंचे एडीएम सिटी

- निजीकर्मियों को लेकर अधिवक्ताओं ने खोल रखा है मोर्चा

सोहावल, अयोध्या

**अमृत विचार:** सोहावल तहसील के न्यायिक पटल सहित राजस्व विभाग से हटाए गए निजी कर्मियों की अब वापसी नहीं होगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि आगे का सभी कार्य सरकारी कर्मचारियों से ही कराया जाएगा। निर्णय हुआ है कि प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को लेखपाल व राजस्व निरीक्षक सुबह दो घंटे तहसील सभागार में उपस्थित रहकर फरियादियों की समस्याएं हल कराएंगे। आउटसोर्सिंग कर्मियों के कारण न्यायालय से फाइल गायब होने और समय से निस्तारण न होने का विरोध बार व बेंच के बीच चल रहा था। मामले का निस्तारण कराने की जिम्मेदारी एडीएम सिटी को मिली। तहसील पहुंचे एडीएम सिटी योगानंद पांडेय ने शनिवार सुबह बैठक में बार और बेंच के बीच चल रहे विवाद को सुलझाने और तहसील कार्यप्रणाली को सुचारु बनाने पर चर्चा शुरु कराई। आम सहमति से तत्काल निजी कर्मियों को कार्य से मुक्त कर बाहर निकालने पर सहमति बनी। बैठक में उप जिलाधिकारी सविता देवी, तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी न्यायिक पूर्णिमा सिंह सहित दोनों नायब तहसीलदार और अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे। संघ के मंत्री बैजनाथ पांडे ने बताया कि मंगलवार को संघ की बैठक बुलाई गई है।जिसमें प्रशासन के निर्णय की समीक्षा कर हड़ताल वापस लेने पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

## जिले के हाईस्कूल और इंटर के मेधावी



आर्य देव सिंह
हाईस्कूल 93.5 %
राजबली स्मारक पब्लिक स्कूल मडना, पूराबाजार।

अंकुर यादव
हाई स्कूल 93.1 %
राजवली स्मारक पब्लिक स्कूल मडना पूराबाजार।

संघ मित्रा मौर्या
हाईस्कूल 92.16 %
राजबली स्मारक पब्लिक स्कूल मडना, पूराबाजार।



आयुषी मौर्या
हाईस्कूल 91.6 %
राजबली स्मारक पब्लिक स्कूल मड़ना, पूराबाजार।

नेहा तिवारी
हाईस्कूल 90.0%
राजवली स्मारक पब्लिक स्कूल मडना पूराबाजार।

वासु यादव
हाईस्कूल 90.0%
राजवली स्मारक पब्लिक स्कूल मडना, पूराबाजार।

शिवा प्रजापति
हाईस्कूल 89%
राजवली स्मारक पब्लिक स्कूल मड़ना, पूराबाजार।

अंकित चौहान
हाईस्कूल 88.9%
राजबली स्मारक पब्लिक स्कूल मडना, पूराबाजार।



सुष्टि विश्वकर्मा
इंटरमीडिएट 89.8%
राजबली स्मारक पब्लिक स्कूल मडना, पूराबाजार।

स्नेहा सिंह
इंटरमीडिएट 85.8%
राजबली स्मारक पब्लिक स्कूल मडना, पूराबाजार।

साक्षी विश्वकर्मा
इंटरमीडिएट 85.8%
राजबली स्मारक पब्लिक स्कूल मडना, पूराबाजार।

स्वाति यादव
इंटरमीडिएट 85.8%
राजवली स्मारक पब्लिक स्कूल मडना, पूराबाजार।

अग्रिमा यादव
इंटरमीडिएट 84.6 %
राजबली स्मारक पब्लिक स्कूल मडना, पूराबाजार।



आरुषि कनौजिया
इंटरमीडिएट 84.2%
राजवली स्मारक पब्लिक स्कूल मडना, पूराबाजार।

प्रज्ञा विश्वकर्मा
इंटरमीडिएट 83.2%
राजवली स्मारक पब्लिक स्कूल मडना, पूराबाजार।

दिशा मिश्रा
हाई स्कूल
90.33%
ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर सरधा

आदर्श मिश्रा
हाई स्कूल
90.16%
ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर सरधा

लक्ष्मी निषाद
हाई स्कूल
90.26
ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर सरधा



दीपक निषाद
हाई स्कूल
90%
ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर सरधा

पीयूष पांडे
हाई स्कूल
89.83%
ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर सरधा

अखिलेश यादव
हाई स्कूल
89.33%
ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर सरधा

नंदिनी वर्मा
हाई स्कूल
89.33%
ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर सरधा

रजनीश साहू
हाई स्कूल
88.5%
ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर सरधा



देवेंद्र पाल
हाई स्कूल
88.17%
ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर सरधा

आयुषी सिंह
हाई स्कूल
88%
ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर सरधा

अंजलि
हाई स्कूल
87.83%
ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर सरधा

एकता
हाई स्कूल
87%
ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर सरधा

अवनीश विश्वकर्मा
हाई स्कूल
86.17%
ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर सरधा



सोनाली गुप्ता
इंटरमीडिएट 89%
ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर सरधा

अंजलि तिवारी
इंटरमीडिएट
87.4 %
ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर शारदा

सनी यादव
इंटरमीडिएट
87%
ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर शारदा

आयुषी पटेल
इंटरमीडिएट
86.6%
ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर शारदा

सलोनी चौरसिया
इंटरमीडिएट
86%
ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर शारदा



अल्का यादव
इंटरमीडिएट
85.2%
ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर शारदा

अंजलि विश्वकर्मा
इंटरमीडिएट
84.2%
ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर शारदा

अभय सिंह
इंटरमीडिएट
83.6%
ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर सरधा

गौतम चौरसिया
इंटरमीडिएट
82.2%
ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर सरधा

साक्षी तिवारी
इंटरमीडिएट
81%
ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर सरधा

सुविधा

देश-विदेश के लिए 24x7 स्पीड पोस्ट सर्विस दे रहा है डाक विभाग

# देश में 62 रुपये किलो की दर से कहीं भी भेजिए पार्सल

- अधिक आर्टिकल होने पर डोर पिक-अप की भी है सुविधा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** छोटा या बड़ा पार्सल देश के किसी कोने में भेजने के लिए अब ज्यादा माथा-पच्ची करने की जरूरत नहीं है। क्योंकि विश्व का सबसे बड़ा नेटवर्क भारतीय डाक सेवा की स्पीड पोस्ट सर्विस से कम से कम भुगतान में पार्सल या डाक भेजा जा सकता है। खास बात यह है कि यह सुविधा प्रधान डाकघर में चौबीस घंटे, सप्ताह के सात दिन यानी 24x7 चालू है और मात्र 62 रुपये किलो की दर से पार्सल भेज पाना संभव हुआ है।

छोटा हो या बड़ा पार्सल देश के किसी प्रदेश के किसी शहर में हमें भेजना हो तो कोरियर कंपनियों की मनमानी और अनियंत्रित कीमत अदा करने के बाद ही भेज पाना संभव है। लेकिन डाक विभाग की स्पीड पोस्ट सर्विस ने अब व्यवसायिक और सामाजिक दायरे में अपनी पैठ बनानी शुरू कर दी है। प्रवर डाक अधीक्षक हरे कृष्ण यादव ने बताया कि वैसे तो स्पीड पोस्ट ऑफिस टाइम में सभी डाक घरों से बुक होती आ रही है। अब लगभग तीन माह से प्रधान डाक घर में 24x7 बुकिंग की व्यवस्था शुरू हो गई है। इस सेवा से देश विदेश कहीं भी दिन-रात किसी भी समय डाक या पार्सल बुक कर भेजा जा सकता है। खास बात यह है कि देश में कहीं भी मात्र 62 रुपये प्रति किलो की दर से स्पीड पोस्ट बुक हो रही है जो किसी भी कोरियर सर्विस से बेहद कम है।

उन्होंने बताया कि ऐसे ग्राहक जो किसी कारण से प्रधान डाकघर जा नहीं पा रहे है और आर्टिकल अधिक भारी या अधिक संख्या में है तो महज एक फोन कॉल पर उनके द्वार से डाक विभाग आर्टिकल पिक करेगा और उसे बुक करेगा। व्यवसायियों के लिए बुक नाउ पे लैटर यानी अभी बुक करो भुगतान बाद में सेवा भी उपलब्ध है। साथ ही स्पीड पोस्ट बुक करने पर मांगे गए मोबाइल नंबर पर बुकिंग स्टेट्स अपडेट होती रहती है, ग्राहक खुद भी अपनी बुकिंग की स्थित जान सकता है। आर्टिकल के डिलवरी टाइम और डिलेवरी का मैसेज भी ग्राहक के नम्बर पर आता है। उन्होंने बताया कि चौबीस घंटे सर्विस शुरू होने के बाद यहां के व्यवसायियों सहित सामान्य नागरिक भी स्पीड पोस्ट की सेवा लेने में काफी आगे आ रहे हैं।



प्रधान डाकघर के स्पीड पोस्ट काउंटर पर आर्टिकल बुक करते ग्राहक। अमृत विचार

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

कार्यक्रम

पूराबाजार, अयोध्या

**अमृत विचार:** चंद्रबली सिंह इंटर कॉलेज सिरसिन्डा में वार्षिकोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि स्टेट बैंक ऑफिसर एसोसिएशन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भगवान बक्श सिंह ने कहा कि वार्षिकोत्सव जैसे कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त होता है।

विशिष्ट अतिथि भाजपा महानगर मंत्री स्वाति सिंह ने कहा कि समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने से छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ता है।कॉलेज के प्रधानाचार्य अविचल सिंह ने कॉलेज के प्रगति से अभिभावकों को अवगत कराया। मुख्य अतिथि सिंह व प्रधानाचार्य ने कॉलेज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि गन्ना समिति के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह, प्रबंधक सरोज सिंह, प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, प्रबंधक प्रतिनिधि अनिल सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य शीतला प्रसाद सिंह आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों की प्रतिभा को सराहा।




चंद्रबली सिंह इंटर कॉलेज सिरसिन्डा में वार्षिकउत्सव कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

### बिजली उपभोक्ताओं ने किया विरोध-प्रदर्शन

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद बिजली के बढ़े हुए बिलों से उपभोक्ताओं में नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। नगर जलालपुर स्थित विद्युत केंद्र पर प्रदर्शन के बाद आक्रोशित महिला उपभोक्ताएं शनिवार को तहसील परिसर पहुंच गईं, जहां उन्होंने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बढ़े हुए बिजली बिलों पर कड़ा रोष जताया। उनका आरोप था कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से बिलों में कई गुना वृद्धि हो गई है, जिससे घरेलू बजट बिगड़ गया है। हालांकि, प्रदर्शन के दौरान किसी सक्षम अधिकारी से मुलाकात न होने पर महिलाएं निराश होकर वापस लौट गईं। महिला उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे सड़क पर उतरकर व्यापक आंदोलन करेंगी।

### स्व-गणना पोर्टल से करें जनगणना में सहभागिता

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जिला जनगणना अधिकारी ज्योत्स्ना बंधु ने भारत की जनगणना के प्रथम चरण यानी मकान सूचीकरण हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन के अंतर्गत जनसामान्य से स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से अपनी स्व-गणना सुनिश्चित करने की अपील किया है। बताया कि राज्य के लिए अधिसूचित 15 दिनों की अवधि 07 मई से 21 मई 2026 तक निर्धारित की गई है, जिसके दौरान नागरिक स्वयं पोर्टल के जरिए अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। यह प्रक्रिया सरल, सुरक्षित और समय की बचत करने वाली है।

# हाथ के हुनर को प्रतिस्थापित नहीं कर सकता एआई : वेद कृष्णा

## बोले, पैका ग्रुप के चेयरमैन, प्रशिक्षुओं ने प्रदर्शनी में दिखाई अपनी प्रतिभा

- भाग्य पर नहीं, मेहनत और क्षमता पर रखें विश्वास: डॉ. विभोर

अयोध्या कार्यालय



'पैका टेक 2026' प्रदर्शनी में प्रशिक्षुओं के मॉडल को देखते मुख्य अतिथि व पैका ग्रुप के चेयरमैन।

**अमृत विचार :** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कभी भी हाथ के हुनर को पूरी तरह प्रतिस्थापित नहीं कर सकता। ये बात शनिवार को पैका ग्रुप के चेयरमैन वेद कृष्णा ने कही। वह 'पैका टेक 2026' प्रदर्शनी में उपस्थित जनों को बतौर विशिष्ट अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इलेक्ट्रीशियन, फिटर, इंस्ट्रूमेंटेशन और पल्प एवं पेपर क्षेत्रों के प्रशिक्षुओं को निरन्तर अपने कौशल को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि आई.आई.टी. रुड़की के प्रोफेसर डॉ. विभोर के. रस्तोगी ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे भाग्य पर नहीं, बल्कि अपनी मेहनत और क्षमता पर विश्वास रखें। उन्होंने अवसरों का धैर्यपूर्वक इंतजार करने और निरंतर प्रयास करते रहने की सीख भी दी। पैका स्किल्स के स्किल्स ऑपरेशन हेड रमेश वी. कोटी ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। स्किलिंग एक्सीलेंस हेड शंकर्षण शुक्ला ने संस्थान द्वारा विद्यार्थियों के हित में उठाए जा रहे नए कदमों की जानकारी दी और इस वर्ष शुरू की जा रही पेमेंट बेस इंटर्नशिप पहल का भी उल्लेख किया।

प्रदर्शनी में पैका स्किल्स (यश प्राइवेट आई.टी.आई.) के प्रशिक्षुओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। प्रदर्शनी में प्रशिक्षुओं ने भविष्य की उन्नत तकनीकों को प्रस्तुत किया, जो आने वाले समय में उद्योग, देश और वैश्विक स्तर पर अपनाई जा सकती हैं। कार्यक्रम के अंत में पैका फाउंडेशन की प्रमुख सरिता उपाध्याय ने सभी अतिथियों, आगंतुकों और प्रशिक्षुओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### डीटीपी क्षेत्र के लिए एआई का ज्ञान जरूरी

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के डॉ. लोहिया इन्क्यूबेशन फाउंडेशन एवं व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में डेस्कटॉप पब्लिशिंग पर व्यावसायिक कार्यशाला का आयोजन शनिवार को हुआ। प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अनुराग तिवारी ने कहा कि आज के डिजिटल युग में डेस्कटॉप पब्लिशिंग केवल डिजाइनिंग और प्रिंटिंग तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी या पेशेवर व्यक्ति डीटीपी के क्षेत्र में अपना कॅरिअर बनाना चाहते हैं, उनके लिए एआई का ज्ञान जरूरी है। प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने कहा कि आधुनिक तकनीकों का ज्ञान विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य का आधार है। छात्र-छात्राओं को सहभागिता प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों के कौशल विकास एवं रोजगारपरक ज्ञान को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होती हैं। आयोजन में डॉ. पवन कुमार, डॉ. श्याम श्रीवास्तव व डॉ. पावनी रस्तोगी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## लंबित परियोजनाओं को पूरा कर पाना आसान नहीं

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार:** मनरेगा की लंबित परियोजनाओं को पूरा करने पर फोकस है लेकिन इन्हें पूरा कर पाना आसान नहीं लगता है। जीराम जी को क्रियान्वयन से पहले इसे पूरा कर पाने का प्रयास है। इसको लेकर उपायुक्त मनरेगा ब्लॉकों में बैठके कर रहे हैं। जिले में मनरेगा की शुरूआत वर्ष 2008 में हुई थी। वर्ष 2026 में इसका नाम मनरेगा के स्थान पर जीरामजी किए जाने की कार्रवाई शुरू होनी है। इस दौरान वर्ष 2024-25 तक 15 हजार से ज्यादा परियोजनाएं लंबित रही है। जबकि वर्ष 2025-26 में लगभग तीन हजार परियोजनाएं हैं। शासन ने परियोजनाओं को पूरा करने की प्रगति को लेकर जिले के खंड विकास अधिकारियों को मुख्यालय बुलाया था। अब इस साल के साथ बीते वर्षों की परियोजनाओं को पूरा करने को लेकर कसरत की जा रही है। उपायुक्त उपेंद्र कुमार पाठक ने बताया कि ज्यादा से ज्यादा परियोजनाओं को पूरा कराए जाने का प्रयास है।



छात्र-छात्राओं को दिया गया इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग का प्रमाणपत्र। अमृत विचार

### 60 छात्रों ने किया एचसीएल का शैक्षिक भ्रमण

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग के 60 छात्र-छात्राओं ने लखनऊ स्थित एचसीएल का शैक्षिक भ्रमण किया। दल को संस्थान के निदेशक प्रो. एस एस मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एचसीएल टेक के परिसर में छात्रों को विभिन्न तकनीकि जानकारियां दी गईं। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं ने विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर अपने प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए। उन्हें इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग का प्रमाणपत्र भी दिया गया। भ्रमण में समन्वयक डॉ. आशीष कुमार पांडेय, डॉ. चंदन कुमार, डॉ. अवधेश दीक्षित एवं निधि प्रसाद साथ रहे।

# छात्र-छात्राओं ने स्पर्धाओं में दिखाया दम



प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित करते विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी.एस प्रमाणिक। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार:** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में शनिवार को विश्व पशु चिकित्सा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पीएस प्रमाणिक के नेतृत्व में शिक्षकों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं सहित लगभग 310 लोगों ने तीन किमी. लंबी रैली निकाली। इस वर्ष का विषय 'पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुरक्षा' था। रैली में 'पशु स्वस्थ तो हम सुरक्षित', 'पशु क्रूरता रोको, करुणा को अपनाओ' और 'स्वस्थ पशु, समृद्ध किसान मजबूत होगा राष्ट्र' जैसे नारों की गूंज से विश्वविद्यालय गुंजायमान हो रहा था। इस मौके पर छात्र-छात्राओं में पेंटिंग, भाषण व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।इसमें कुमारी कहकसा, मुनेंद्र, आयुष, विक्रम विषेन, पार्थ व दिव्यांश विजेता रहे। कार्यक्रम की सफलता में विरबैंक, हिमालया, एलम्बिक और वेलकाम कंपनियों की मुख्य भूमिका रही। इस मौके पर सभी शिक्षकों एवं वैज्ञानिकों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. डी नियोगी, डॉ. जसवंत सिंह, डॉ. सोनू जायसवाल, डॉ. सत्यव्रत सिंह, डॉ. अमित सिंह, डॉ. रमाकांत, डॉ. विभा यादव व डॉ. धर्मेश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### आज जनपद के दौरे पर रहेंगे वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर :** भाजपा के अवध क्षेत्र कार्यालय द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार भारत सरकार के वित्त राज्य मंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी रविवार को जनपद के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंत्री सुबह 8 बजे लखनऊ स्थित वीवीआईपी गेस्ट हाउस से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते प्रस्थान करेंगे और सुबह 10 बजे जनपद पहुंचेंगे। रास्ते में उनका विभिन्न स्थानों पर स्वागत कार्यक्रम निर्धारित है, जिनमें पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, गोहन्ना चौराहा और पटेल नगर तिराहा शामिल हैं। सुबह 10 :40 बजे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सर्किट हाउस पहुंचने के बाद 10 :55 बजे लोहिया भवन में स्वागत कार्यक्रम होगा। इसके बाद 11 बजे मन की बात कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। 11 :30 बजे से 11 :55 बजे तक वह कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। दोपहर 12 :05 बजे भाजपा जिला कार्यालय पहुंचकर जनप्रतिनिधियों के साथ चाय पर चर्चा करेंगे। इसके बाद 12 :20 बजे से जिला बैठक में हिस्सा लेंगे, जिसमें जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और मोर्चा के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। दोपहर 1 बजे मंत्री भाजपा कार्यालय से प्रस्थान कर 1 :05 बजे पूर्व जिलाध्यक्ष के आवास पर पहुंचेंगे, जहां चाय पर चर्चा का कार्यक्रम निर्धारित है। इसके बाद वह 1 :30 बजे विधायक धीरज निषाद के आवास पर आयोजित पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 1 :55 बजे सर्किट हाउस पहुंचकर 2 बजे से 2 :30 बजे तक भोजन करेंगे। इसके पश्चात 2 :30 बजे वह सर्किट हाउस से प्रस्थान करेंगे। दौरे को लेकर पार्टी पदाधिकारियों व प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

# नवागत डीएम ने संभाला कार्यभार गॉर्ड ऑफ ऑनर से हुआ सम्मान



कार्यभार ग्रहण करतीं जिलाधिकारी ईशा प्रिया।

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर:** जनपद में शनिवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी ईशा प्रिया ने जिलाधिकारी के रूप में कलेक्ट्रेट के कोषागार के डबल लॉक में विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। नवागत जिलाधिकारी के कलेक्ट्रेट आगमन पर गॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों से पुष्प गुच्छ देकर उनका भव्य स्वागत किया। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने अपने कार्यालय कक्ष में अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया तथा अन्य आवश्यक जानकारी ली। नवागत जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन, शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी, जवाबदेह एवं जनकेंद्रित प्रशासन सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने विशेष रूप से कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और जन सामान्य की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, राजस्व कार्यों में तेजी लाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचाने पर जोर दिया जाएगा। कार्यभार ग्रहण के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना बंधु, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रंजीत सिंह आदि मौजूद रहे।



विनोद कुमार को नियुक्ति पत्र सौंपते आजाद समाज पार्टी कांशीराम के जिलाध्यक्ष जय सिंह राणा व साथ में अन्य। अमृत विचार

### आदित्य कुशवाहा बने जिला मीडिया प्रभारी

**टांडा, अंबेडकरनगर :** आजाद समाज पार्टी कांशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के निर्देश पर तथा पार्टी की बहुजन हिताय-बहुजन सुखाय विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए जनपद में दो महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गई हैं। जिलाध्यक्ष जय सिंह राणा द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार टांडा नगर के कस्बा पूरब निवासी आदित्य कुशवाहा को जिला मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं कटेहरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दारीडीहा निवासी विनोद कुमार को विधानसभा अध्यक्ष कटेहरी का दायित्व सौंपा गया है। पार्टी नेतृत्व ने दोनों नव-नियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा जताई है कि वह अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करते हुए संगठन को मजबूत करेंगे तथा पार्टी के दिशा-निर्देशों का पालन करेंगे। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों ने दोनों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती मिलेगी। नई जिम्मेदारी मिलने पर अरविंद वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई।

### वन क्षेत्राधिकारी ने ईओ व ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज कराने के लिए डीएफओ को लिखा पत्र

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** जलालपुर नगर पालिका द्वारा नाला निर्माण के लिए लगभग 1 वर्ष से खुदाई कर छोड़े जाने के कारण वर्षों पुरानी नीम का पेड़ भरभरा कर गिर जाने के मामले में वन विभाग द्वारा संज्ञान में लेते हुए जलालपुर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार तथा नाला निर्माण करने वाले ठेकेदार शकील अहमद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की बात कही है। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी स्नेह कुमार ने बताया कि मामले को संज्ञान में लेते हुए नगर पालिका अधिशासी अधिकारी तथा ठेकेदार के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करने के लिए डीएफओ को पत्राचार किया गया है। संतुति प्राप्त होने पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। विदित हो कि नगर पालिका के विस्तारित क्षेत्र वाजिदपुर हाथी मंदिर के पास जलालपुर नगर पालिका द्वारा नाला निर्माण कराया जा रहा था, जिसके लिए ठेकेदार द्वारा नाला निर्माण के लिए खुदाई लगभग 1 वर्ष पूर्व किया गया था। जिसके जद में वर्षों पुराना एक नीम का पेड़ आ गया। काफी दिनों से निर्माण न होने के कारण बीते शुक्रवार को पेड़ भरभरा कर गिर गया। पेड़ गिर जाने से जहां स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त रहा, वहीं मुख्य मार्ग होने के कारण घंटों जाम की स्थिति बनी रही। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे नगर पालिका, विद्युत विभाग तथा वन विभाग के अधिकारियों द्वारा पेड़ को हटाया गया। इसके बाद आवागमन सुचारू रूप से संचालन हुआ।

### कीटनाशक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी, 4 को नोटिस



कीटनाशक की दुकान पर जांच करते उप कृषि निदेशक अश्विनी कुमार सिंह।

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर :** शासन के निर्देशों के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर गठित टीम ने जनपद के विभिन्न कीटनाशक प्रतिष्ठानों पर व्यापक छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान उपायुक्त जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र, उप कृषि निदेशक, जिला गन्ना अधिकारी, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक एवं सहायक प्रबंधक की टीम ने कुल 15 दुकानों पर आकस्मिक निरीक्षण किया। जांच के दौरान तीन कीटनाशकों के नमूने संग्रहित किए गए। वहीं अनियमितताएं पाए जाने पर 4 विक्रेताओं राम सीड कम्पनी अकबरपुर, न्यू पूर्वांचल कृषि विकास एजेंसी अकबरपुर, जतन सीड्स फार्म जलालपुर एवं यश ट्रेडिंग कम्पनी जलालपुर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। टीम को निरीक्षण में मिला कि संबंधित विक्रेताओं द्वारा रसायनों का रख-रखाव सही ढंग से नहीं किया जा रहा था। साथ ही स्टॉक एवं बिक्री रजिस्टर अद्यतन नहीं पाए गए और कई स्थानों पर स्टॉक व रेट बोर्ड भी अनुपस्थित मिले। प्रशासन ने सभी संबंधितों को निर्धारित समय में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं, अन्यथा नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# सुपरवाइजरों और प्रगणकों को किया गया प्रशिक्षित

**बीकापुर, अयोध्या:** जनगणना 2027 के प्रथम चरण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शनिवार को देश दीपक विद्यालय में संपन्न हो गया। इसमें 500 सुपरवाइजर और प्रगणकों को 10 कमरों में 50-50 की संख्या में प्रशिक्षित किया गया। सुपरवाइजर और जनगणना प्रशिक्षुओं 20 मास्टर ट्रेनर्स ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षक अरुण कुमार शुक्ला और प्रतीक श्रीवास्तव ने बताया कि जनगणना प्रक्रिया डेटा संग्रह की विधि और तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी गई। इस बार जनगणना कार्य में डिजिटल तकनीक का उपयोग किया जाएगा। चार्ज अधिकारी दिनेश कुमार ने प्रशिक्षण का निरीक्षण कर सभी सुपरवाइजर और जनगणना प्रगणकों को जरूरी निर्देश दिया। राजस्व निरीक्षक मो. असलम ने बताया कि 500 सुपरवाइजर और प्रगणक में से 464 ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। शेष होमगार्ड ड्यूटी के कारण प्रशिक्षण नहीं प्राप्त कर पाए। उन्हें आगे प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण में तकनीकी सहयोग तरुण मिश्रा ने प्रदान किया। मौके पर कौशलेंद्र पाठक, छोटेलाल गुप्ता, पवन शुक्ला, अनूप द्विवेदी आदि शामिल रहे।

**मिल्कीपुर में प्रशिक्षण 27 से:** मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र में जनगणना-2027 में लगे कार्मिकों को 27 से 29 अप्रैल तक प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण तहसील मिल्कापुर में दिया जाएगा। प्रशिक्षण का समय साढ़े नौ से साढे.पांच बजे तक होगा। एसडीएम मिल्कीपुर ने तहसील क्षेत्र के सभी ब्लॉकों के बीडीओ को लगाए गए प्रगणकों को सूचित करके प्रशिक्षण में शामिल कराने के लिए कहा है।


### मकान मालिक को बंदी बनाकर चोरी

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** महरुआ के हरिनाथपुर लोढ़वा गांव में शुक्रवार रात अज्ञात चोरों ने एक घर में घुसकर लाखों रुपए के आभूषण चुरा लिए। चोरों ने मकान मालिक मनोज कुमार सिंह को उनके कमरे में बंद कर दिया था। शनिवार को पीडित की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि मनोज कुमार सिंह के परिवारजन बीती रात अपने कमरों में सो रहे थे। चोरों ने छत के रोशनदान और सीढ़ी के दरवाजे का ताला काटकर घर में प्रवेश किया। घर में घुसने के बाद चोरों ने सबसे पहले मनोज कुमार सिंह के कमरे को बाहर से सिटकनी लगाकर बंद कर दिया। इसके बाद उन्होंने पूरे घर के बक्से, सूटकेस, अलमारी और अटैची आदि को आराम से खंगाला।

# परिषदीय विद्यालयों में बाहरी गतिविधियां हुईं प्रतिबंधित

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** लगातार बढ़ रहे तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए बेसिक शिक्षा विभाग ने छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं। यह गाइडलाइन परिषदीय विद्यालयों के साथ-साथ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों पर भी समान रूप से लागू होगी। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार अब स्कूलों में कोई भी गतिविधि धूप में नहीं कराई जाएगी। सुबह होने वाली प्रार्थना सभा अब खुले मैदान के बजाय छायादार स्थानों या सीधे कक्षाओं के भीतर आयोजित की जाएगी। गर्मी से निपटने के लिए स्कूलों को अपनी फर्स्ट-एड किट को अपडेट करने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें ओआरएस के पैकेट, बुखार और उल्टी-दस्त की दवाएं अनिवार्य रूप से रखनी होंगी। शिक्षकों को जिम्मेदारी दी गई है कि वे बच्चों को समय-समय पर पानी पीने और लू के लक्षणों के प्रति जागरूक करें। विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल, कार्यरत पंखे और साफ शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी।बच्चों को जंक फूड, बासी या अधिक मसालेदार भोजन से बचने की सलाह दी गई है। इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निगरानी करने को कहा गया है। बीएसए लालचंद ने बताया कि तपिश को लेकर स्कूलों का समय पहले ही परिवर्तित कर दिया गया है। खंड शिक्षा अधिकारियों को सतर्क किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से स्कूलों में ओआरएस उपलब्ध करा दिया गया है।

### तंबाकू उन्मूलन केंद्रों को मजबूत करने पर मंथन



तंबाकू उन्मूलन केंद्रों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आयोजित कार्यशाला में मौजूद जिला नोडल अधिकारी डॉ. यूसी यादव व अन्य। अमृत विचार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर :** जनपद में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तंबाकू उन्मूलन केंद्रों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कार्यालय के सभागार में संपन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता जिला नोडल अधिकारी डॉ. यूसी यादव ने की। कार्यशाला में वाइटल स्टेटजी दिल्ली के डॉ. उपेंद्र सिंह भदौरिया, राज्य सलाहकार सतीश त्रिपाठी और तकनीकी सहयोग संस्था के अधिशासी निदेशक विवेक अवस्थी सहित कई विशेषज्ञ शामिल हुए। विशेषज्ञों ने तंबाकू उन्मूलन केंद्रों की आवश्यकता और उनके संचालन को अधिक प्रभावी बनाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा किया। कार्यशाला में जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. जय प्रकाश, डीपीएम कमलेश कुमार शर्मा, डीसीपीएम प्रीतम विक्रम, डॉ. रवि वर्मा, सुनील वर्मा, रचना सिंह, डॉ. सरस्वती, डॉ. सुमन, वंदना, सिद्धार्थ सिंह, दिलीप पांडे सहित काउंसलर और अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. यूसी यादव ने तंबाकू उन्मूलन केंद्रों की नियमित समीक्षा और उनके संचालन को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। डॉ. सर्वेश कुमार ने जनपद में अब तक किए गए कार्यों की जानकारी दी और बताया कि तंबाकू उन्मूलन केंद्रों को और प्रभावी बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्रुति राय द्वारा किया गया।

होमगार्ड भर्ती परीक्षा | जिले के नौ केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में 7 हजार 104 अभ्यर्थियों के सापेक्ष पांच हजार 181 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

# पहले दिन 1923 अभ्यर्थियों ने परीक्षा से किया किनारा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



होमगार्ड स्वयं सेवक भर्ती परीक्षा के दौरान सर्वोदय इंटर कॉलेज कोटवा मोहम्मदपुर का निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी ईशा प्रिया व एसपी प्राची सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जनपद में आयोजित होमगार्ड भर्ती परीक्षा शनिवार को कुल 9 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा के प्रथम दिन 25 अप्रैल को प्रथम पाली में कुल पंजीकृत 3 हजार 552 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 2 हजार 559 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं 993 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में पंजीकृत कुल 3 हजार 552 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 2 हजार 622 परीक्षार्थी उपस्थिति रहे। जबकि 930 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। होमगार्ड भर्ती परीक्षा के प्रथम दिवस दोनों पालियों में कुल पंजीकृत 7 हजार 104 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 5 हजार 181 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 1923 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जनपद में आयोजित होमगार्ड स्वयं सेवक भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह स्रके साथ विभिन्न परीक्षा केंद्रों बीएनकेबी पीजी कॉलेज अकबरपुर, बीएन इंटर कॉलेज अकबरपुर, सर्वोदय इंटर कॉलेज कोटवा मोहम्मदपुर और डॉ. जीके जेटली इंटर कॉलेज अकबरपुर का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी और एसपी ने परीक्षा केंद्रों पर बनाए गए क्लॉक रूम, स्ट्रांग रूम, सीसीटीवी कंट्रोल रूम सहित विभिन्न परीक्षा कक्षों में निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी 09 परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड के निर्धारित एसओपी का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा को सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी केंद्र व्यवस्थापकों एवं मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि सभी पालियों में परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के लिए पेयजल आदि की व्यवस्था करने को कहा।

### परीक्षा केंद्रों पर रही कड़ी निगरानी

जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा मानकों का अक्षरश : अनुपालन करने, प्रवेश द्वार पर सघन चेकिंग, अभ्यर्थियों की पहचान सत्यापन, संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि या अनुचित साधनों के प्रयोग पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर संबंधित मजिस्ट्रेट, पुलिस के अधिकारी एवं केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

### उत्कृष्ट नामांकन पर शिक्षकों का सम्मान

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** स्कूल चलो अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत जलालपुर ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों में नवीन नामांकन बढ़ाने में सराहनीय कार्य करने वाले प्रधानाध्यापकों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह नरेंद्र देव इंटर कॉलेज में आयोजित बैठक में हुआ, जिसमें बीईओ मीनाक्षी सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में एआरपी अजीत यादव, सूर्यभान यादव, मोहम्मद अलकमा, संजय सिंह सहित अन्य शिक्षाविद मौजूद रहे। खंड शिक्षा अधिकारी ने अभियान के दूसरे चरण में भी अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराने का आह्वान करते हुए कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक पूरे जनपद के लिए प्रेरणा हैं। नामांकन के आंकड़ों पर नजर डालें तो कंपोजिट उच्च विद्यालय नगपुर में सर्वाधिक 130 नए नामांकन हुए।

# मेधावियों का किया गया सम्मान



साइकिल के साथ मेधावी। ● अमृत विचार

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जयसिंहपुर क्षेत्र के डी. हॉलमार्क वर्ल्ड साइंस इंटर कॉलेज, बगिया चौराहा में शनिवार को मेधावी छात्रों के सम्मान मे कार्यक्रम आयोजित किया गया। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को साइकिल और मिष्ठान वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को प्रोत्साहित करना और शिक्षा के प्रति उनकी रुचि को और मजबूत करना था। विद्यालय के प्रबंधक जे.पी. वर्मा और प्रधानाचार्य विजय बहादुर सिंह ने छात्रों को सम्मानित करते हुए कहा कि मेहनत और लगन से ही सफलता हासिल होती है, और ऐसे कार्यक्रम अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनते हैं।इस अवसर पर शिक्षक डॉ. राम हिमाचल, रामकेश, राधेश्याम, राजन सिंह, पंकज सिंह, दधिचंद शुक्ला, रूपम, रामकरन सक्सेना, चंचल सिंह, बलराम शर्मा, दीपिका, दीपा, धर्मेंद्र वर्मा, विक्रमजीत, सूरज कुमार, महेश और अंकित यादव सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं स्टाफ मौजूद रहे।कार्यक्रम के दौरान छात्रों और अभिभावकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

## तेजस मिश्रा को टीईएस-55 में मिली ऑल इंडिया 14वीं रैंक



**लम्भुआ, सुलतानपुर।** ग्राम डकाही (कृष्णानगर) निवासी 18 वर्षीय तेजस मिश्रा ने भारतीय सेना की प्रतिष्ठित टीईएस-55 (टेक्निकल एंट्री स्कीम) परीक्षा में ऑल इंडिया 14वीं रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। तेजस को देशसेवा की प्रेरणा उनके बाबा अवध बिहारी मिश्रा से मिली, जो भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं। तेजस के पिता राजेंद्र मिश्रा दीवानी न्यायालय में अधिवक्ता हैं। तेजस ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और परिवार के सहयोग को दिया है।

# घर के आंगन की फूल हैं बेटियां...

## कवि सम्मेलन में देर रात तक श्रोताओं को बांधे रखा काव्य रस

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के राममिलन सालिक राम ज्ञानोदय इंटर कॉलेज में शुक्रवार को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में साहित्य, संवेदना और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महेश चंद्र मिश्र, विशिष्ट अतिथि अवधेश त्रिपाठी और प्रशांत तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इसके बाद काव्यपाठ का सिलसिला शुरू हुआ, जिसने पूरे माहौल को काव्यमय बना दिया। अयोध्या से आए कवि कर्मराज शर्मा 'तुकांत' ने मां-बाप के महत्व पर मार्मिक पंक्तियां प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावुक कर दिया। वहीं सुलतानपुर के कवि पुष्कर सुलतानपुरी ने जीवन के यथार्थ को उजागर करते हुए अपनी रचनाओं से गहरी छाप छोड़ी। फतेहपुर से आए डॉ. शिवम हथगामी ने बेटी के महत्व पर कविता सुनाकर खूब तालियां बटोरीं। कवयित्री शिप्रा सिंह, नीता सिंह सहित अन्य कवियों ने भी अपनी रचनाओं से कार्यक्रम को ऊंचाई दी। श्रोताओं ने हर प्रस्तुति पर तालियों के साथ उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों और साहित्य प्रेमियों की उपस्थिति रही।



काव्य पाठ करती कवयित्री शिप्रा सिंह। ● अमृत विचार

## राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस पर संगोष्ठी

**सुलतानपुर।** राणा प्रताप महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण लोकतंत्र, पंचायती व्यवस्था और जनभागीदारी के महत्व पर विस्तार से चर्चा हुई। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मंजू ठाकुर ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि भारत की सामाजिक और आर्थिक संरचना में ग्रामीण जीवन की अहम भूमिका है। उन्होंने महात्मा गांधी के 'भारत गांवों में बसता है' विचार को दोहराते हुए गांवों के विकास को देश की प्रगति का आधार बताया। संगोष्ठी में छात्र-छात्राओं ने भी सक्रिय भागीदारी की। साक्षी मिश्रा ने पंचायतों में तकनीकी उपयोग को प्रगति का माध्यम बताया, जबकि शिवानी और दीपांशु ने त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. अभय सिंह, डॉ. आलोक कुमार पांडेय सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। संचालन डॉ. अंजना सिंह ने किया।

## न्यूज ब्रीफ

### अंबेडकर प्रतिमा खंडित, आक्रोश

**सुलतानपुर।** कूरेभार थाना क्षेत्र के इरुल गांव में शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा खंडित पाई गई। अज्ञात अराजकतत्वों द्वारा प्रतिमा की एक अंगुली क्षतिग्रस्त किए जाने की खबर फैलते ही ग्रामीणों में आक्रोश भड़क उठा। सूचना मिलते ही कूरेभार थाना प्रभारी संदीप त्रिपाठी पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से संवाद कर माहौल शांत कराया। पुलिस ने बिना देर किए कारीगर बुलाकर क्षतिग्रस्त अंगुली की मरम्मत करवाई ।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमर सिंह समेत ग्रामीणों ने भी प्रशासन का सहयोग करते हुए नई प्रतिमा मंगाने का निर्णय लिया।

### कूड़ा डंपिंग को लेकर बवाल, नगर पालिका कर्मी पर हमला

**सुलतानपुर।** कोतवाली देहात क्षेत्र के अहलादपुर स्थित एमआरएफ सेंटर (कूड़ा डंपिंग स्थल) पर शनिवार सुबह कूड़ा गिराने को लेकर हुए विवाद में नगर पालिका के कर्मचारियों पर हमला कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, नगर पालिका कर्मचारी मो अली जान और शिवा शनिवार सुबह करीब आठ बजे टेंपो से कूड़ा लेकर एमआरएफ सेंटर पहुंचे थे। इसी दौरान वहां मौजूद अमहट निवासी नीरज दूबे ने कूड़ा गिराने को लेकर गाली-गलौज की। विरोध करने पर विवाद बढ़ गया और आरोपी ने अपनी कार से लोहे की रॉड निकालकर मो अली जान पर हमला कर दिया। शिवा के साथ भी मारपीट की गई। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने किसी तरह दोनों को बचाया।

### अयोध्या में सस्ती जमीन का झांसा दे ले लिया पांच लाख

**सुलतानपुर अमृत विचार :** रेलवे कर्मचारी को अयोध्या में जमीन दिलाने के नाम पर ठगी और धमकी का मामला सामने आया है। गाजीपुर निवासी व वर्तमान में सुलतानपुर के विवेक नगर में रहने वाले रेलवे कर्मचारी प्रवीण कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। आरोप लगाया है कि विपक्षियों ने अयोध्या में सस्ती जमीन दिलाने का झांसा देकर उनसे पांच लाख रुपये ठग लिए। आरोप है कि पैसे मिलने के बाद विपक्षी लगातार टालमटोल करते रहे। न तो जमीन रजिस्ट्री की गई और न ही पैसा लौटाया गया। कई बार शिकायत करने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। नगर कोतवाल संदीप कुमार राय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पांच नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### वृद्धाश्रम में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (फार्मेसी संकाय) एवं यूनीक फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को वृद्धाश्रम में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉक्टरों और फार्मेसी के छात्र-छात्राओं ने बुजुर्गों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक दवाइयां वितरित कीं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. (डॉ.) महेश प्रसाद, डॉ. अनूप मिश्रा और डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने किया। डॉ. महेश प्रसाद ने कहा कि समाज में वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या चिंताजनक है और बुजुर्गों को केवल आर्थिक नहीं, बल्कि भावनात्मक सहारे की भी जरूरत है। उन्होंने लोगों से अपने बुजुर्गों को समय और सम्मान देने की अपील की। शिविर के दौरान छात्र-छात्राओं ने सेवा भाव से कार्य करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। अंत में बुजुर्गों को खाद्य सामग्री भी वितरित की गई, जिससे उनके चेहरे खिल उठे।

# गड्ढे में गिरकर बाइक सवार युवक की मौत

अखंडनगर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** अंबेडकर नगर-जौनपुर मार्ग पर शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर जौनपुर की ओर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, किसी ने भी हेलमेट नहीं पहन रखा था। इस हादसे में हरपुर, थाना अखंड नगर निवासी शादाब (25) पुत्र इश्तियाक की मौत हो गई। वहीं भेलारा निवासी विशाल व ओमप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए। सीओ कादीपुर विनय कुमार गौतम ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### ट्रैक पर मिला शव, पुलिस जांच में जुटी

भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार : देहात कोतवाली क्षेत्र के काशीराम का पुरवा गांव के पास सुलतानपुर-प्रयागराज रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार देर रात एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि सरयू एक्सप्रेस की चपेट में आने से युवक की मौत हुई, हालांकि परिजनों ने घटना को संदिग्ध बताया है। मृतक की पहचान रामनगर बनकट गांव निवासी 28 वर्षीय भोला के रूप में हुई है।

### पेड़ से टकराई बाइक, युवक की मौत

**धम्मौर, सुलतानपुर।** थाना क्षेत्र में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में अमेठी निवासी एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, अमेठी कोतवाली क्षेत्र के भेटुआ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बल्दी सिंह का पुरवा निवासी संदीप पाल (पुत्र राम अवतार) बाइक से धम्मौर की ओर जा रहे थे। रास्ते में कचनावा गांव के पास अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े शीशम के पेड़ से जा टकराई। हादसे की सूचना मिलते ही पीआरवी और धम्मौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल संदीप को तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

# कटका क्लब ने लगाए जलपात्र व घोंसले

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः भीषण गर्मी के बीच जहां इंसान ही नहीं, पक्षी भी पानी और आश्रय के लिए जूझ रहे हैं, वहीं कटका क्लब सामाजिक संस्था ने सराहनीय पहल करते हुए उनके लिए राहत का इंतजाम किया है। संस्था के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जलपात्र और घोंसले लगाकर पक्षियों को जीवनदान देने का प्रयास किया।कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था के अध्यक्ष डॉ. सौरभ मिश्र 'विनम्र' ने किया। शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष शीतला प्रसाद पांडेय ने कहा कि ऐसे समय में समाज के हर व्यक्ति को आगे आकर पक्षियों के संरक्षण में योगदान देना चाहिए। संस्था के सदस्य दुर्गेश मिश्र ने बताया कि गर्मी के दिनों में पक्षियों को पानी और छांव की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। इस पहल के जरिए लोगों को भी जागरूक किया जा रहा है कि वे अपने घरों और आसपास जलपात्र रखें। इस दौरान शालनी यादव, रागनी यादव, बृजेन्द्र मिश्र, राजकुमार मिश्र समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# कानूनगो, लेखपाल व अन्य पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** धम्मौर थाना क्षेत्र में जमीन कब्जाने और राजस्व अभिलेखों में कथित हेरफेर का बड़ा मामला सामने आया है। निगोलिया निवासी 71 वर्षीय जगप्रसाद यादव ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में वाद दायर कर आरोप लगाया कि उनकी पुश्तैनी जमीन को फर्जी तरीके से हड़प लिया गया है।

जगप्रसाद के अनुसार, उनके भाई अंगद की मृत्यु 21 नवंबर 2024 को हो गई थी। इसके बाद आरोपी अमरजीत ने लेखपाल राजेश कुमार श्रीवास्तव और कानूनगो शिवप्रसाद से मिलीभगत कर जमीन पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर अपना नाम दर्ज करा लिया। आरोप है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया और संबंधित अधिकारियों से शिकायत की, तो उनके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। जगप्रसाद ने बताया कि उन्होंने इस मामले की शिकायत थाना धम्मौर और पुलिस अधीक्षक से भी की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने न्यायालय की शरण ली। मामले को गंभीर मानते हुए अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट स्मृति चौरसिया ने थाना धम्मौर को लेखपाल, कानूनगो व अमरजीत के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

# सड़क हादसों पर डीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिले की बदहाल सड़को और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की सर्विस लेन व सड़कों पर बने जानलेवा गड्ढों को लेकर प्रदर्शन हुआ। शनिवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश महासचिव मोहसिन सलीम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और तत्काल कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि जिले की अधिकांश सड़कों की हालत बेहद खराब है। जगह-जगह गहरे और चौड़े गड्ढों के कारण वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। गभड़िया ओवरब्रिज से उतरते ही एक फीट गहरा गड्ढा, रोडवेज से अमहट चौराहा, डाकघर से लक्ष्मणपुर ओवरब्रिज, पंचरास्ता से दरियापुर तिराहा और खैराबाद से अन्नू चौराहा तक सड़कों की स्थिति बेहद चिंताजनक बताई गई है। हाल की घटनाओं का हवाला देते हुए बताया कि 21 अप्रैल को दोस्तपुर क्षेत्र में नाजरीन की मौत और 18 अप्रैल को अमित निषाद की सड़क हादसे में जान चली गई। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि जिले की सभी सड़कों और सर्विस लेन को तत्काल गड्ढामुक्त कराया जाए। चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो ओबीसी कांग्रेस पूरे जिले में बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगी। इस दौरान ओबीसी जिलाध्यक्ष राम कुमार यादव, प्रवक्ता शहर कांग्रेस कमेटी हामिद राईनी, इकराम पाल सलाहुद्दीन हाशमी, महबूब माली सहित अन्य नेता मौजूद रहे।



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारी।

# सीसीटीवी की निगरानी में हुई होमगार्ड भर्ती परीक्षा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिले में शनिवार को उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती परीक्षा 2026 शांतिपूर्ण और नकलविहीन माहौल में संपन्न हुई। जनपद के 15 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में 10 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने दोनों पालियों में हिस्सा लेकर अपनी किस्मत आजमाई। परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया।

जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह और पुलिस अधीक्षक चारू निगम खुद परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते रहे। वहीं संबंधित तहसीलों के एसडीएम और क्षेत्राधिकारी भी लगातार भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे।अभ्यर्थियों ने परीक्षा को लेकर मिश्रित प्रतिक्रियाएं दीं। अंबेडकर नगर से आए दीपांशु प्रजापति ने केंद्र की व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताया। वहीं बलिया के दीपक कुमार ने कहा कि प्रश्न थोड़े उलझाऊ थे, लेकिन हल किए जा सकते थे। अंबेडकर नगर की कोमल ने बताया कि कुछ सवाल कठिन लगे, फिर भी उन्होंने अपने अनुसार उत्तर दिए। कन्हैया निषाद ने पेपर को सामान्य स्तर का बताते हुए बेहतर प्रदर्शन का दावा किया। कुल मिलाकर कड़ी सुरक्षा और सख्त निगरानी के बीच परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई, जिससे अभ्यर्थियों में संतोष का माहौल देखा गया।



परीक्षा केन्द्र से बाहर आते डीएम व एसपी।

# खड़ी कार में पिकअप की टक्कर, बाल-बाल बचे लोग

दोस्तपुर, सुलतानपुर

अमृत विचारः पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर शनिवार देर रात एक बड़ा हादसा टल गया। गोसैसिंगपुर के पास माइलस्टोन 149.700 पर खड़ी रेंज रोवर कार में पीछे से आ रही पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। हालांकि इस हादसे में कार सवार सभी चार लोग सुरक्षित बच गए। बताया जा रहा है कि डॉक्टर उत्कर्ष सिंह अपने साथियों के साथ लखनऊ से अंबेडकर नगर जा रहे थे और वाहन रोककर सड़क किनारे खड़े थे। इसी दौरान टाइल्स लादकर बिहार जा रही पिकअप अनियंत्रित होकर कार में जा भिड़ी। सूचना पर गश्ती दल मौके पर पहुंचा और स्थिति को संभाला। समय रहते बड़ा हादसा टल गया।

### सड़क हादसे में महिला घायल

**दोस्तपुर।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के सर्विस रोड पर खालिसपुर दुर्गा के पास शनिवार को बुलेट की मोटरसाइकिल की टक्कर से एक महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला अलहदादपुर बनी की निवासी बताई जा रही है, जिसे सूचना पर पहुंची एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर में भर्ती कराया गया।

# विश्व मलेरिया दिवस पर सीएचसी में शपथ कार्यक्रम

भदैंया, सुलतानपुर

बल्दीराय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शनिवार को शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मरीजों, तीमारदारों और स्वास्थ्य कर्मियों को मलेरिया से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मलेरिया से बचाव के लिए घर और आसपास पानी जमा न होने दें। उन्होंने साफ-सफाई बनाए रखने और जलभराव को खत्म करने पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में अधीक्षक राजेश कुमार, चीफ फार्मासिस्ट कमलेश दुबे, डॉ. अशोक मिश्रा, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. अवधेश, डॉ. आकांक्षा और डॉ. शैलेन्द्र सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। सभी ने मलेरिया उन्मूलन के लिए जागरूक रहने और दूसरों को भी जागरूक करने की शपथ ली।



### पशु स्वास्थ्य ही जन स्वास्थ्य का आधार है: प्रमोद

**दोस्तपुर।** 1962 मोबाइल वेटरिनरी यूनिट (एमवीयू) की टीम द्वारा विश्व पशु चिकित्सा दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। सदर क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान टीम के सदस्यों ने केक काटकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. विष्णु यादव, हरीश शुक्ला, प्रदीप, पवन सिंह, अजय सिंह, पी.सी. सुमन सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि पशु स्वास्थ्य ही जन स्वास्थ्य का आधार है। वहीं डॉ. विष्णु ने कहा कि पशु चिकित्सकों का योगदान पशुपालकों की आजीविका और समाज की सुरक्षा से भी जुड़ा है।



### पीटीएस में दीक्षांत परेड आज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** दादूपुर स्थित पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में रविवार सुबह साढ़े सात बजे पुलिस प्रशिक्षुओं की दीक्षांत परेड होगी। कार्यक्रम में डीजी (सीआईडी/साइबर क्राइम) विनोद कुमार सिंह मुख्य अतिथि रहेंगे।

### कक्षा एक के छात्र को प्रधानाध्यापक ने पीटा, मुकदमा दर्ज

**सुलतानपुर।** कुड़वार स्थित प्राथमिक विद्यालय टिकरिया पूरे हेला में शिक्षक द्वारा छात्र की पिटाई का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, कक्षा एक के छात्र शिवांश का अपने सहपाठी सौरभ से बैग फटने को लेकर विवाद हो गया था। दोनों बच्चों के बीच कहासुनी बढ़ने पर सौरभ ने अपनी मां को विद्यालय बुला लिया। इसी दौरान मामला बढ़ने पर प्रधानाध्यापक ने हस्तक्षेप करते हुए शिवांश की डंडे से पिटाई कर दी। घटना शुक्रवार दोपहर की बताई जा रही है। बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने बताया कि आरोपित शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है।


## अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे बचपन का नाम चाहत s/o नमोनारायण है। मैने चाहत नाम से LIC में एक पॉलिसी ले रखी है। मै ग्राम खानपुर पोस्ट सरेनी जिला रायबरेली का निवासी हूं। जबकि मेरे शैक्षिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम अंशुमान s/o नमोनारायण है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही है।

**सूचना**
मेरी सर्विस बुक में त्रुटिवश मेरा नाम Ram Kishore अंकित हो गया है जबकि मेरा शैक्षिक अभिलेखो में दर्ज मेरा सही नाम Ram Kishor है इसलिए मेरी सर्विस बुक में मेरा सही नाम Ram Kishor लिखा व पढ़ा जाए । **निवासी 544 /2506 आदर्श नगर बरौरा हुसैन बाडी बालागंज चौक लखनऊ उत्तर प्रदेश 226003**

**सूचना**
मै ने अपना नाम PREM CHANDRA PRAJAPATI से बदलकर PREM CHAND रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-RAM BACHAN PRAJAPATI ADD-HAFIZPUR, POST-KERMA, MOHAMMADABAD GOHNA, DIST-MAU-276403 (U.P.)

**सूचना**
मैने अपना नाम SULEIMA BANO से बदलकर SULEMA BANO रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-NASRUDDIN SIDDIQUI R/0-H-No-229/26 SUBATIYA BAGH RAJA BAZAR, CHOWK DIST-LUCKNOW-226003(U.P.)

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे चार पुत्र जुबेर अहमद, जावेद अहमद, जुनैद अहमद, मोहम्मद सुहेल हैं जिसमें से जावेद अहमद के गलत चाल चलन व चरित्र से मैं वह मेरा पूरा परिवार काफी परेशान हो गया है मैं भी इस समय काफी अस्वस्थ व बुजुर्ग हो गया हूँ उनके क्रिया कलाप से मेरा भरोसा उठ गया है इसलिए मैं पूरे होशो हवास में अपने पुत्र जावेद अहमद को अपने संपूर्ण अचल संपति से बेदखल कर रहा हूं उनके द्वारा किये गए किसी भी कृत्य से मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **अब्दुल अहद पुत्र चौधरी निवासी– ग्राम नेवादा थाना छपिया जिला गोण्डा**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम AZIZ AHMAD S/O SALEEM S/O ABDUL KAREEM था जो कि दिनांक 01/04/2026 को अपना नाम बदलकर AJEEJ AHMAD S/O SALEEM AHMAD S/O ABDUL KAREEM रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए। **निवासी मोहल्ला मंसूरगंज थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराइच यूपी।**

**सूचना**
पहले मेरा नाम FIRDAUS था अब मैंने बदलकर अपना नाम FIRDAOS रख लिया है भविष्य में मुझे FIRDAOS के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/O MOHAMMAD FAHEEM ANSARI R/O 430/028/002, VEDAN TOLA, MOAZZAM NAGAR, LUCKNOW

**सूचना**
**आवश्यकता हैं–** एकाकी रह रहे व्यक्ति को एक उपयुक्त गृह– सहायिका या सहयोगिनी की तलाश हैं। **उचित सुविधा – सुरक्षा, सम्पर्क करें :–** 9415086327

**सूचना**
मैं VASIM पुत्र नसीम, निवासी मोहल्ला–दलीगढ़ी, पो0 व थाना–पुरवा, उन्नाव, उ0प्र0, सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर WASEEM रख लिया है, अतः आज से मुझे WASEEM के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**
**काउंसलिंग :–** एक उदार एवं परोपकारी होम –विजिट काउंसलर की आवश्यकता हैं, आभार सहित, **संपर्क करें :–** 7897605306

**सूचना**
पहले मेरा नाम MOHD JURAIJ था अब मैंने बदलकर अपना नाम MOHAMMAD JURAIJ रख लिया है भविष्य में मुझे MOHAMMAD JURAIJ के नाम से जाना व पहचाना जाये S/O MOHAMMAD RASHID R/O 18C/2, KARAMAT KI CHOWKI, G T B NAGAR KARELI, PRAYAGRAJ

**सूचना**
पहले मेरा नाम MOHD RASHID था अब मैंने बदलकर अपना नाम MOHAMMAD RASHID रख लिया है। भविष्य में मुझे MOHAMMAD RASHID के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O MOHAMMAD AHMAD R/O 18C/2, KARAMAT KI CHOWKI, G T B NAGAR KARELI, PRAYAGRAJ



**सूचना**
पहले मेरा नाम MOHD RASHID था अब मैंने बदलकर अपना नाम MOHAMMAD RASHID रख लिया है। भविष्य में मुझे MOHAMMAD RASHID के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O MOHAMMAD AHMAD R/O 18C/2, KARAMAT KI CHOWKI, G T B NAGAR KARELI, PRAYAGRAJ



**सूचना**
पहले मेरा नाम MOHAMMAD FAHEEM ANSARI था अब मैंने बदलकर अपना नाम MOHD FAHEEM ANSARI रख लिया है भविष्य में मुझे MOHD FAHEEM ANSARI के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O MOHAMMAD HANEEF ANSARI R/O 430/28/2,VEDAN TOLA,MOAZZAM NAGAR, LUCKNOW

**सूचना**
पहले मेरा नाम NUSRAT RASHID था अब मैंने बदलकर अपना नाम NUSRAT रख लिया है भविष्य में मुझे NUSRAT के नाम से जाना व पहचाना जाये । W/O MOHAMMAD RASHID R/O 18C/2, KARAMAT KI CHOWKI, GTB NAGAR KARELI, PRAYAGRAJ

# गैस एजेंसी पर हंगामा, 350 सिलेंडर पर 500 ग्राहकों की भीड़

**संकट**

- अव्यवस्था से जूझे उपभोक्ता कई मायूस लौटे

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** क्षेत्र में रसोई गैस की समस्या थमने का नाम नहीं ले रही है। पर्याप्त आपूर्ति के दावों के बीच उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर के लिए भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। शनिवार को मनोकामना इंडेन गैस एजेंसी पर सुबह से ही सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई।

एजेंसी पर 350 सिलेंडर का लोड आया, जबकि करीब 500 ग्राहक गैस लेने के लिए पहुंच गए। पूरे दिन अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। उपभोक्ता सुबह से लाइन में लगकर शाम तक इंतजार करते रहे, लेकिन कई लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ा। सुरक्षा व्यवस्था न होने के कारण स्थिति और बिगड़ गई, लोग काउंटर पर शोर-शराबा करते नजर आए। मौके पर पहुंचे दो पुलिसकर्मी भी भीड़ को नियंत्रित नहीं कर सके।


करनैलगंज में गैस एजेंसी ऑफिस पर सिलेंडर लेने के लिए जुटे लोग।

ग्राहकों का आरोप है कि कुछ लोग लाइन तोड़कर आगे घुस जाते हैं, जिससे विवाद की स्थिति बनती है और गैस वितरण बाधित हो जाता है।

रामधन, सुधीर कुमार, सरोजा देवी और रज्जन ने बताया कि गैस बुकिंग कराने के बाद जब वे एजेंसी पहुंचते हैं, तो उनकी बुकिंग निरस्त होने की जानकारी दी जाती है। कई लोगों की बुकिंग दो-दो बार रद्द हो चुकी है, जिससे उन्हें बार-बार लाइन में लगने के बाद भी गैस नहीं मिल पा रही। देर शाम तक एजेंसी पर भीड़ बनी रही और लोगों में आक्रोश देखने को मिला। एसडीएम नेहा मिश्रा ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने गैस बुकिंग कराई है, उन्हें सिलेंडर मिलना ही चाहिए। यदि मनमाने ढंग से बुकिंग रद्द की जाती है तो संबंधित कंपनी और विक्रेता के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि आवश्यकता के अनुसार ही गैस लें, प्रशासन गैस की कमी नहीं होने देगा।

## नहीं सुधरे हालात तो थम जाएगी रफ्तार !

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** घरेलू गैस सिलेंडर के साथ-साथ कामर्शियल और 5 किलो के सिलेंडर की भारी किल्लत ने हालात गंभीर कर दिए हैं। स्थिति यह है कि आम आदमी से लेकर छोटे दुकानदार और आयोजनों से जुड़े लोग तक भटकने को मजबूर हैं। पिछले करीब दो हफ्तों से करीब 10 पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति अनिश्चित बनी हुई है। अधिकतर पंप बंद रहते हैं, जिससे लोगों के रोजमर्रा के कामकाज पर असर पड़ा है। खेती-किसानी और बाजार की गतिविधियां भी धीमी पड़ गई हैं। शुक्रवार को कस्बे की वैष्णवी गैस एजेंसी और भार्गव गैस एजेंसी पर सिलेंडरों की आपूर्ति हुई, लेकिन हालात बेकाबू नजर आए। भोर 3 बजे से ही हजारों उपभोक्ता खाली सिलेंडर लेकर लाइन में लग गए। दिनभर कड़ी धूप में इंतजार के बावजूद शाम तक सैकड़ों लोगों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। लाइन में लगे उपभोक्ता शीला, सुमन सिंह, राजेश और गंगाराम ने बताया कि चार दिन पहले पैसा जमा करने के बावजूद सिलेंडर नहीं मिला। उनका आरोप है कि एजेंसी के लोग खास लोगों को तुरंत सिलेंडर दे देते हैं, जबकि आम उपभोक्ता घंटों लाइन में खड़े रहकर भी वंचित रह जाते हैं। कमोबेश यही हालात भार्गव गैस एजेंसी का भी है। दोनो एजेंसियों से सम्बद्ध उपभोक्ताओं का यह भी कहना है कि वितरण स्थलों पर ब्लैकर सक्रिय हैं, जो जुगाड़ के जरिए आसानी से सिलेंडर हासिल कर लेते हैं। ये लोग खुलेआम पर्ची 1500 से 2000 रुपये और गैस सिलेंडर 3500 रुपये तक में बेच रहे हैं। खास बात यह है कि कमर्शियल और 5 किलो वाले सिलेंडर एजेंसियों से


बंद पेट्रोल पंप। ● अमृत विचार


सिलेंडर लेने के लिए जद्दोजहद करते लोग।

- गैस माफिया हावी या सिस्टम फेल? नवाबगंज में उठे बड़े सवाल
- 1500-2000 में पर्ची और 3500 रुपये में सिलेंडर की खुलेआम बिक्री

गायब हैं। भार्गव गैस एजेंसी पर धूप में लाइन में लगी कुसुम दूबे, सुधरा देवी, किरन, सोफिया और मीरा देवी ने बताया कि पुरुषों और महिलाओं की अलग-अलग लाइन नहीं होने से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कुछ मामलों में भार्गव गैस एजेंसी से जुड़ी रुचि भार्गव और अन्य कर्मचारियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। हालांकि मौके पर पुलिस बल की तैनाती की गई है, लेकिन उपभोक्ताओं का कहना है कि इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ा है। क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस आपदा को अवसर बनाने वाले गैस माफिया और लापरवाह एजेंसी कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। लोगों का साफ कहना है कि अगर जल्द हालात नहीं सुधरे, तो इलाके की रफ्तार पूरी तरह थम जाएगी।

### राम व कृष्ण अवतार की गाथा ने किया भावुक


कथा के दौरान पूजा में शामिल डीएम प्रियंका निरंजन व विधायक रमापति शास्त्री।

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** पड़ाव मोहल्ले में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में शुक्रवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा के दौरान भगवान राम और श्रीकृष्ण के अवतार प्रसंगों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावुक कर दिया। विधायक रमापति शास्त्री के द्वारा आयोजित इस श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के दौरान कथा वाचक आचार्य डॉ. संत शरण त्रिपाठी ने भगवान राम और श्रीकृष्ण के अवतार की विस्तृत व्याख्या करते हुए कहा कि ईश्वर समय-समय पर मानव कल्याण के लिए धरती पर अवतरित होते हैं। बताया कि जब समाज में अन्याय और अत्याचार बढ़ जाते हैं, तब भगवान धर्म की पुनर्स्थापना के लिए विभिन्न रूपों में प्रकट होते हैं। रामावतार का उल्लेख करते हुए कहा कि त्रेता युग में भगवान ने मर्यादा और आदर्शों की स्थापना के लिए अयोध्या में जन्म लिया। उनके जीवन से सत्य, कर्तव्य और त्याग का संदेश मिलता है, जो आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक है। इसके साथ ही श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि द्वापर युग में अत्याचार के अंत हेतु भगवान ने कारागार में जन्म लिया। उन्होंने वर्णन किया कि जन्म के समय प्रकृति भी दिव्यता से भर उठी और परिस्थितियां स्वयं भगवान के अनुकूल हो गईं। वसुदेव द्वारा शिशु कृष्ण को सुरक्षित गोकुल पहुंचाने का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। आगे बाल लीलाओं और रास प्रसंगों का वर्णन वातावरण को भक्तिमय बना गया। कथा के दौरान जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना कर आरती उतारी। कथा व्यास द्वारा उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीकापुर विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान और एसडीएम प्रदीप कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी की चपेट में गोंडा, 3 दिन और बढ़ेगा पारा

## गर्म हवाओं के चलते सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा, दोपहर के समय लगभग ठहर सा गया जनजीवन, 29 से राहत के आसार

**गर्मी का कहर**

**43.3** डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया तापमान

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** गोंडा जनपद इन दिनों प्रचंड गर्मी की चपेट में है। शनिवार को अधिकतम तापमान 43.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे दिनभर लोगों को तपिश और लू जैसे हालात का सामना करना पड़ा। गर्म हवाओं के चलते सड़कों पर सन्नाटा दिखा और दोपहर के समय जनजीवन लगभग ठहर सा गया। रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है, न्यूनतम तापमान में 1 से 1.5 डिग्री तक बढ़ोतरी का अनुमान है, जिससे उमस और बेचैनी बढ़ रही है।

मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों तक गर्मी और तेज होने वाली है। 26 अप्रैल को तापमान 43.6 डिग्री और 27 अप्रैल को 43.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। लगातार बढ़ते तापमान से लू का खतरा और गहरा सकता है, जिससे खासकर बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों के लिए स्थिति चिंताजनक हो सकती है। भीषण गर्मी का असर आम जनजीवन पर साफ दिखाई दे रहा है। बाजारों में दोपहर के समय भीड़ कम हो गई है, लोग जरूरी काम भी सुबह या शाम के समय ही निपटाने की कोशिश कर रहे हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों और मजदूर वर्ग को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली की बढ़ती खपत के चलते कटौती की समस्या भी लोगों की परेशानी बढ़ा रही है। हालांकि 28 अप्रैल से कुछ राहत मिलने के संकेत हैं। उस दिन तापमान में करीब 1 डिग्री की गिरावट के साथ 42.1 डिग्री रहने का अनुमान है।

मौसम विभाग का कहना है कि इस दिन से आसमान में बादल छाने (क्लाउडी) की संभावना है, जिससे गर्मी का असर थोड़ा कम होगा। इसके बाद 29 अप्रैल को तापमान में करीब 4 डिग्री तक गिरावट आने का अनुमान है, जिससे लोगों को राहत मिल सकती है। डा अतुल मिश्रा ने लोगों को सलाह दी है कि दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक धूप में निकलने से बचें, अधिक से अधिक पानी पिएं और हल्के व सूती कपड़े पहनें। प्रशासन की ओर से भी लू से बचाव के लिए सतर्क रहने की अपील की जा रही है। फिलहाल, गोंडा के लोगों को अगले कुछ दिन और भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा, लेकिन महीने के अंत तक मौसम में बदलाव से राहत मिलने की उम्मीद है।


गर्मी में इस तरह सिर ढक कर निकलते लोग ● अमृत विचार


लू से बचने के लिए पूरे मुंह को ढक कर जाता युवक।

## पानी की तलाश में गांवों में पहुंच रहे वन्यजीव

- कुत्तों के हमले से घायल हो रहे वन्यजीव

**गोंडा, अमृत विचार :** भीषण गर्मी का असर अब इंसानों के साथ-साथ जंगलों के बेजुबान जानवरों पर भी साफ नजर आने लगा है। जिले में लगातार बढ़ते तापमान और जंगलों में सूखते जलस्रोतों के कारण वन्य जीव पानी की तलाश में आबादी की ओर रुख कर रहे हैं।

इटियाथोक ब्लॉक के मोहनपुर असिधा गांव में एक हिरण का बच्चा चार दिन पहले भटककर पहुंच गया, जिससे इलाके में हलचल मच गई। ग्रामीणों के अनुसार, दोपहर की तेज धूप और प्यास से बेहाल हिरण का बच्चा जंगल से निकलकर गांव में आ गया था। जैसे ही वह बस्ती के पास पहुंचा, आसपास के आवारा कुत्तों ने उसे घेर लिया और हमला करने की कोशिश की। कुत्तों का झुंड उसे नोचने के लिए दौड़ा, जिससे वह बुरी तरह घबरा गया और इधर-उधर भागने लगा। इसी दौरान गांव के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए शोर मचाया और कुत्तों को दौड़ाकर भगाया। ग्रामीणों ने हिरण के बच्चे को सुरक्षित अपने कब्जे में लेकर उसे पानी पिलाया और छांव में रखा, जिससे उसकी हालत में कुछ सुधार हुआ। लोगों ने तुरंत इस घटना की सूचना वन विभाग को दी। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में जलस्रोतों के सूखने के कारण आए दिन जंगली जानवर गांव की ओर आ रहे हैं। इससे जहां वन्यजीवों की जान पर खतरा मंडरा रहा है, वहीं ग्रामीणों में भी डर और असहजता का माहौल बन रहा है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम को मौके पर भेजा जा रहा है।

विशेषज्ञों का मानना है कि तापमान में लगातार वृद्धि और पर्यावरणीय असंतुलन के चलते वन्यजीवों का प्राकृतिक आवास प्रभावित हो रहा है। ऐसे में जरूरी है कि जंगलों में जलस्रोतों का संरक्षण और संवर्धन किया जाए, ताकि वन्यजीवों को पानी और भोजन के लिए आबादी की ओर न आना पड़े।

### दो थानाध्यक्षों का गोरखपुर स्थानांतरण

**गोंडा, अमृत विचार :** जिले के दो थानाध्यक्षों का तबादला गोरखपुर कर दिया गया है। अपर पुलिस महानिदेशक एडीजी गोरखपुर जोन मुथा अशोक जैन ने यह स्थानांतरण किया है। कटरा बाजार में तैनात थानाध्यक्ष विवेक त्रिवेदी तथा मनकापुर में तैनात थानाध्यक्ष अरविंद सिंह को देवीपाटन परिक्षेत्र से स्थानांतरित करते हुए गोरखपुर जोन भेजा गया है। विवेक त्रिवेदी कटरा थाना क्षेत्र से पहले तरबगंज व नगर कोतवाली में अपनी सेवा दे चुके हैं, जबकि अरविंद सिंह मनकापुर से पहले धानेपुर समेत कहीं थानों में भी अपनी सेवा दिए हैं। स्थानांतरण होने पर शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें संबंधित क्षेत्र के पुलिसकर्मियों ने दोनों थाना अध्यक्षों को विदाई दी है

### सीएचसी कटरा बाजार का सीएमओ ने किया निरीक्षण


कटरा बाजार सीएचसी का निरीक्षण करते सीएमओ। ● अमृत विचार

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतलाल पटेल ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा बाजार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इमरजेंसी, डेंगू वार्ड, आयुष्मान भारत वार्ड और शौचालयों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को विशेष रूप से शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने को कहा। इमरजेंसी वार्ड में ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों से दवाओं की उपलब्धता और व्यवस्था के बारे में जानकारी भी ली। इस मौके पर अधीक्षक डॉ. इंदु राणा, डॉ. अरुण कुमार सिंह, बीसीपीएम धनिक राज, इंद्रसेन पांडेय आदि मौजूद रहे।

# ट्रिपल सी परीक्षा में फेल होने पर छात्रा ने दी जान

**गोंडा, अमृत विचार :** मोतीगंज के भिटेरो गांव में 24 वर्षीया बीएससी छात्रा गोल्डी शुक्ला ने कथित तौर पर ट्रिपल सी परीक्षा में असफल होने के बाद आत्महत्या कर ली।


गोल्डी (फाइल फोटो)

परिजनों के अनुसार, शुक्रवार को ट्रिपल सी परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ, जिसमें गोल्डी महज दो अंकों से असफल हो गई थी। परिणाम के बाद वह काफी परेशान थी। परिवार ने उसे समझाने का प्रयास किया और दोबारा तैयारी करने की सलाह भी दी, लेकिन देर रात उसने यह कदम उठा लिया। बताया जाता है कि शुक्रवार देर रात गोल्डी ने परिवार के साथ भोजन किया और अपने कमरे में चली गई। रात में जब सभी सो गए, तब उसने कमरे में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सुबह काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर परिजनों को संदेह हुआ, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर मोतीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर कमरे में दाखिल हुई। अंदर छात्रा का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना अध्यक्ष व प्रशिक्षु आईपीएस प्रदीप कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। गोल्डी गायत्री मंगल देवी पांडे स्मारक महाविद्यालय में बीएससी की छात्रा थी।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**रुपईडीह, अमृत विचार :** घर से शौच के लिए गए कौड़िया के कल्याणपुर चौहान पुरवा गांव निवासी एक युवक की शनिवार की सुबह गांव के नजदीक ही बहराइच से गोंडा की ओर जा रही एक ट्रेन की चपेट में आ जाने से मौत हो गयी।

बताया जाता है कि मिट्ठू लाल (35) की गांव के ही निकट बहराइच से गोंडा की ओर जा रही रेलगाड़ी की चपेट में आ जाने से मौत हो गई।

प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस घटना की सूचना रेलवे स्टेशन बनगांई के स्टेशन मास्टर द्वारा पुलिस को दी गई। उन्होंने बताया कि उनकी सूचना पर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर अग्रिम विधिक कार्रवाई की गई।

# खंभे से भिड़ी बाइक, छात्र की मौत

**बेकाबू रफ्तार**

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के नवाबगंज - ढेमवा घाट मार्ग पर सड़क हादसे में इंटर के छात्र की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल है।


शिवा (फाइल फोटो)

इंदरपुर के पूरे अंबर निवासी शिवा (17) शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे अपने चचेरे भाई राकी (16) के साथ बाइक से नवाबगंज बाजार जा रहा था। रास्ते में रघुनाथपुर के पास बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से दोनों को सीएचसी पहुंचाया। हालत चिंताजनक होने पर डॉक्टरों ने उन्हें अयोध्या मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। प्रधान प्रतिनिधि विष्णु सिंह के मुताबिक, मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान शिवा ने दम तोड़ दिया, जबकि राकी की हालत गंभीर है। वहीं, थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि उन्हें हादसे में दो युवकों के घायल होने की सूचना मिली थी, लेकिन मौत की आधिकारिक पुष्टि उनके स्तर पर नहीं हुई है। शिवा कक्षा 12 का छात्र था। इस हादसे के बाद पिता पंचम लाल, माता सुमन देवी समेत पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## कार व बाइक के बीच टक्कर, पांच लोग घायल

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** मनकापुर-बभनान मार्ग पर स्थित निर्मल नगर चौराहा के पास सड़क दुर्घटना में पांच लोग घायल हो गए। घायलों में बाइक सवार तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। हादसा लट्टू सिंह फार्म के पास उस समय हुआ जब एक बाइक और कार के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहनों पर सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में बल्लीपुर निवासी सनी (30), उनकी बहन सुमित्रा (28) और पांच वर्षीय कीर्ति शामिल हैं। ये तीनों बाइक से मनकापुर की ओर जा रहे थे। वहीं, दूसरी ओर कार सवार बखरौली थाना छपिया निवासी नौशाद और उनकी भाभी भी घायल हो गए। राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को एंबुलेंस 108 की सहायता से सीएचसी पहुंचाया। डॉ. नीरज गुप्ता ने बताया कि सनी, सुमित्रा और कीर्ति की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है, जबकि नौशाद का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है।

### जिले में 274 से अधिक रास्ते कराए गए खाली

**गोंडा, अमृत विचार :** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश पर जनपद में चकमार्ग एवं सार्वजनिक चकरोडों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। राजस्व, पुलिस और विकास विभाग की संयुक्त टीम लगातार कार्रवाई करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के मार्गों को फिर से आमजन के आवागमन के लिए सुव्यवस्थित बना रही है। अभियान के तहत अब तक उल्लेखनीय प्रगति सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील सदर में 46, तरबगंज में 73, करनैलगंज में 95 तथा मनकापुर में 60 चकमार्ग/सार्वजनिक चकरोडों को अतिक्रमण मुक्त कराया जा चुका है। इस प्रकार पूरे जनपद में कुल 274 से अधिक रास्तों को सफलतापूर्वक खाली कराया गया है। प्रशासन की इस कार्रवाई से ग्रामीणों को आवागमन में काफी सहूलियत मिली है और वर्षों से बाधित मार्ग फिर से चालू हो सके हैं। अधिकारियों का कहना है कि अभियान आगे भी जारी रहेगा और जहां-जहां अतिक्रमण की शिकायतें मिलेंगी, वहां सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

### सहजता व विनम्रता अच्छे व्यक्तित्व की पहचान

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** ग्राम कुंवरपुर अमरहा में श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथा प्रवाचक पंडित चंद्र कुमार शुक्ल चंदा ने गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, राजा बलि, मोहिनी अवतार, सूर्यवंशी राजाओं का वर्णन एवं भगवान के जन्म की कथा प्रस्तुत की। कथा प्रवाचक ने कहा कि सरलता, सहजता एवं विनम्रता ही अच्छे जीवन, अच्छे व्यक्तित्व की पहचान होती है। प्रभु श्री राम प्रातः काल अपने माता पिता एवं गुरुदेव को प्रतिदिन प्रणाम करते थे। इसलिए अपने से बड़ो का सम्मान करना चाहिए। सनातन धर्म में भगवान के चार स्वरूप की बड़ी विशद व्याख्या है मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, आचार्य देवो भव, अतिथि देवो भव। उन्होंने कहा कि जीवन की समीक्षा यही है कि सोने सोने में निकल गई सारी जिन्दगी, विषय भोगों में निकल गई सारी जिंदगी। सुखी जीवन जीने के लिए 5 नियम बनाना चाहिए। मीठा बोलने की आदत, सम्मान देने की आदत, प्रसन्न रहने, जो प्राप्त है उसी में सन्तोष, शांति की साधना करने की आदत बनानी चाहिए। प्रसन्न वही रह सकता है जिसका जीवन निर्मल होगा। छल, कपट, चोरी व कुकर्म करने वाला आदमी प्रसन्न नहीं हो सकता।

### दर्ज कराये गये मुकदमे को लेकर वकीलों का विरोध

**गोंडा, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने करनैलगंज क्षेत्राधिकारी की ओर से दर्ज कराये मुकदमे को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा और मुकदमा वापस लेने की मांग की। अधिवक्ताओं का आरोप है कि करनैलगंज क्षेत्राधिकारी द्वारा राजनीतिक दुर्भावना एवं रंजिश के चलते उन्हें परेशान करने की नीयत से मुकदमा दर्ज कराया गया है। उनका कहना है कि इस मामले में प्रथम दृष्टया कोई ठोस साक्ष्य उपलब्ध नहीं है, फिर भी अनावश्यक रूप से कार्रवाई की जा रही है। मामला कोतवाली नगर थाना क्षेत्र का है। अधिवक्ताओं ने कहा कि कथित अपराध को साबित करना संभव नहीं है, इसके बावजूद उन्हें सामाजिक, आर्थिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराते हुए मुकदमा निरस्त करने की मांग की। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि चंद्र त्रिपाठी, महामंत्री सुनील कुमार पांडे, पूर्व अध्यक्ष विंदेश्वरी प्रसाद दुबे, संगम लाल सिंह, कौशल किशोर पांडे, पूर्व महामंत्री संजय कुमार सिंह, जगन्नाथ शुक्ला अशोक कुमार तिवारी, मनोज कुमार मिश्रा, अजीत कुमार श्रीवास्तव, आशुतोष कुमार पांडे, शिवम त्रिपाठी समेत सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

**उठायी आवाज** — प्रधान संघ के पदाधिकारियों ने एडीओ को सौंपा ज्ञापन

# ग्राम पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** अखिल भारतीय प्रधान संघ ने पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। शनिवार को ब्लॉक अध्यक्ष लालजी सिंह के नेतृत्व में प्रधानों ने एडीओ पंचायत दुर्गाप्रसाद मिश्र को ज्ञापन दिया।

लालजी सिंह ने बताया कि प्रदेश की त्रिस्तरीय पंचायतों का वर्तमान कार्यकाल 26 मई 2026 को समाप्त हो रहा है, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में समय पर चुनाव कराना संभव नहीं दिख रहा है।

ज्ञापन में मतदाता सूची पुनरीक्षण में देरी, समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन न होना और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया पूरी न होने को चुनाव में देरी के प्रमुख कारण बताया गया है।


एडीओ (पंचायत) का मांगों का ज्ञापन सौंपते प्रधान। ● अमृत विचार

प्रधानों का कहना है कि न्यायालय के निर्देशों के अनुसार पिछड़ा वर्ग आरक्षण लागू करने के लिए इन प्रक्रियाओं का पूरा होना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि निर्वाचित पंचायतों के स्थान पर प्रशासकों की नियुक्ति केवल विशेष परिस्थितियों में ही की जानी चाहिए, क्योंकि इससे जनता और सरकार के बीच दूरी बढ़ सकती है। प्रधान संघ ने मांग की कि कार्यकाल बढ़ाए जाने से न केवल संवैधानिक व्यवस्था बनी रहेगी, बल्कि ग्रामीण जनता का सरकार पर विश्वास भी मजबूत होगा।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष लालजी सिंह के साथ ग्राम प्रधान रामदयाल तिवारी, लता पांडेय, रीता, रणधीर और ललिता पांडेय समेत कई प्रधान मौजूद रहे।

# संस्कृत बोर्ड मेरिट में छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**गोंडा, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की वर्ष 2026 की पूर्व मध्यमा अंतिम वर्ष परीक्षा की जिला स्तरीय मेरिट सूची जारी होते ही जिले में खुशी की लहर दौड़ गई। मेधावी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर यह साबित कर दिया कि संस्कृत शिक्षा के प्रति उनका समर्पण और मेहनत किसी से कम नहीं है।

मेरिट सूची के अनुसार विशाल शुक्ला ने 700 में से 651 अंक (93%) प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। सुमन पाण्डेय ने 618 अंक (88.29%) के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि भानु प्रताप चौबे 610 अंक (87.14 %) के साथ तीसरे स्थान पर रहे। चौथे स्थान पर मीना (598 अंक, 85.43 %) और

> जिले में संस्कृत बोर्ड के पूर्व मध्यमा एवं उत्तर मध्यमा द्वितीय के परिणाम घोषित हुए हैं। जिले के टॉप-10 में 93 प्रतिशत तक अंक प्राप्त हुए हैं। सभी सफल परीक्षार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
>
> - डॉ. राम चंद्र, डीआईओएस

पांचवें स्थान पर मुस्कान वारसी (597 अंक, 85.29 %) रहीं। अर्जुन तिवारी ने 589 अंक (84.14 %) प्राप्त कर छठा स्थान हासिल किया। विनय चौधरी (578 अंक), रोहिणी नंद मिश्र (577 अंक), अंकित मिश्रा (577 अंक), विद्यावती (576 अंक) और लकी सिंह (574 अंक) ने टॉप-10 में स्थान बनाया। इन छात्रों की सफलता ने अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का कार्य किया है। शिक्षा विभाग और विद्यालय परिवार ने सभी सफल छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

# कड़ी निगरानी में हुई होमगार्ड भर्ती परीक्षा, 78% अभ्यर्थी हुए शामिल

## छह केंद्रों पर 3448 परीक्षार्थी हुए शामिल, 968 ने परीक्षा से किया किनारा

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** जिले में शनिवार को होमगार्ड भर्ती लिखित परीक्षा छह केंद्रों पर कड़े सुरक्षा इंतजाम और सीसीटीवी निगरानी के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई, जिसमें कुल 4416 अभ्यर्थियों में से 3448 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 968 अनुपस्थित रहे।

सुबह से ही परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की भीड़ देखी गई। प्रवेश से पहले सभी का बायोमेट्रिक सत्यापन और सघन तलाशी की गई। मोबाइल, घड़ी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूरी तरह प्रतिबंध रहा।

बीएवी इंटर कॉलेज, बलरामपुर बालिका इंटर कॉलेज, एमडीके बालिका इंटर कॉलेज, एमएलके पीजी कॉलेज (कला व वाणिज्य संकाय) और एमपीपी इंटर कॉलेज सहित सभी केंद्रों पर दोनों पालियों में परीक्षा व्यवस्थित रूप से कराई गई। भीषण गर्मी के बावजूद अभ्यर्थियों में उत्साह बना रहा। परीक्षा समाप्त होने के बाद परीक्षार्थियों ने राहत महसूस की। डीएम डॉ. विपिन कुमार जैन ने बताया कि परीक्षा पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराई गई।



होमगार्ड भर्ती परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीएम, एसपी व अन्य। ● अमृत विचार

**डीएम-एसपी ने केंद्रों का किया निरीक्षण :** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित होमगार्ड भर्ती लिखित परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा संचालित परीक्षा के तहत भगवती आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज, एम.पी.पी. इंटर कॉलेज, एम.डी.के. बालिका इंटर कॉलेज तथा बलरामपुर बालिका इंटर कॉलेज पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरों, कंट्रोल रूम और सुरक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा की गई। डीएम ने ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को सतर्कता और अनुशासन से कार्य करने के निर्देश दिए। वहीं एसपी ने संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखने और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए। यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के भी निर्देश दिए गए।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# किशोरी का धर्मांतरण व दुष्कर्म का आरोपी बंदी

उतरौला, बलरामपुर

**कार्रवाई**

● पुलिस टीम ने पीड़िता को लखनऊ से किया बरामद

**अमृत विचार :** कोतवाली उतरौला पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने, धर्म परिवर्तन कराने और दुष्कर्म करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने पीड़िता को लखनऊ से सकुशल बरामद कर लिया है।

23 अप्रैल को पीड़िता के परिजनों ने थाना कोतवाली उतरौला में तहरीर देकर बताया था कि उनकी बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति शादी की नीयत से बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। 24 अप्रैल को पुलिस टीम ने पीड़िता को लखनऊ से बरामद किया। पूछताछ और विवेचना में मोहल्ला रफीनगर निवासी अलीरजा उर्फ अल्ताफ पुत्र अहमद रजा का नाम सामने आया।

जांच में धर्म परिवर्तन और दुष्कर्म की बात सामने आने पर पुलिस ने मुकदमे में उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन अधिनियम और बीएनएस की संगीन धारा की बढ़ोतरी की। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय और क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह की टीम ने 24 अप्रैल को आरोपी अलीरजा उर्फ अल्ताफ को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक अनिल कुमार और हेड कांस्टेबल विनोद यादव शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि मामले में विधिक कार्रवाई जारी है और पीड़िता के बयान व मेडिकल परीक्षण के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने दोहराया कि महिला व बाल अपराधों में त्वरित और कठोर कार्रवाई की नीति अपनाई जा रही है।

## प्रमोशन पर विदाई, नवागंतुक अधिकारी का स्वागत



दिग्विजय नाथ को स्मृति चिह्न प्रदान कर विदा करते नीमा के पदाधिकारी।

**तुलसीपुर बलरामपुर अमृत विचार :** नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) की स्थानीय इकाई द्वारा मधुरिमा इन के सभा कक्ष में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. दिग्विजय नाथ के अपर निदेशक (आयुष) गाजीपुर पद पर प्रोन्नति व तबादले के अवसर पर विदाई समारोह तथा नवागंतुक डा. संजय कुमार के स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नीमा अध्यक्ष डा. मो. शरीफ खान सहित उपस्थित आयुष चिकित्सकों द्वारा माल्यार्पण, पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान के साथ हुई। डा. शरीफ खान ने कहा कि डा. दिग्विजय नाथ ने सदैव मार्गदर्शक व संरक्षक की भूमिका निभाई और संगठन को परिवार की तरह जोड़े रखा। महामंत्री डा. रवि मिश्र ने उनके कार्यकाल की सराहना की। डा. दिग्विजय नाथ ने चिकित्सकों से नियमपूर्वक कार्य करने की अपील की। नवागंतुक डा. संजय कुमार ने सभी को सहयोग व निर्बाध कार्य का भरोसा दिलाया। संचालन डा. अभिषेक सिन्हा ने किया।

## पहलगाम हमले की बरसी पर शहीदों को किया नमन


पहलगाम के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** कांग्रेस द्वारा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की प्रथम बरसी पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की मंशा के अनुरूप संपन्न हुआ। इस दौरान वीर विनय चौराहा स्थित वीर विनय कायस्थ की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कैंडल जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही प्रार्थना सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखकर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष शिवलाल कोरी, एआईसीसी सदस्य राज बहादुर यादव, वरिष्ठ नेता राम शंकर भारती, जिला महासचिव अवधेश पाल सिंह सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# हीटवेव से बचाव को बसों पर लगे जागरूकता पोस्टर

**137 स्थानों पर खुले प्याऊ**



बस पर पोस्टर लगाते अधिकारी-कर्मचारी।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** भीषण गर्मी और लू से बचाव के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान तेज कर दिया है। जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन के निर्देशन में शनिवार को रोडवेज बसों एवं अन्य वाहनों पर हीटवेव से बचाव संबंधी पोस्टर चस्पा किए गए और यात्रियों को जागरूक किया गया।

एआरएम रोडवेज गोपीनाथ दीक्षित, आपदा विशेषज्ञ अरुण सिंह व वरिष्ठ केंद्र प्रभारी तरन्नुम की टीम ने बस स्टॉप पर यात्रियों को लू से बचाव के उपाय बताए और पैंफलेट वितरित किए। लोगों को सलाह दी गई कि पर्याप्त पानी पिएं, दोपहर 12 से 4 बजे तक धूप में निकलने से बचें, हल्के व सूती कपड़े पहनें और छाता या टोपी का उपयोग करें। आपात स्थिति के लिए स्वास्थ्य विभाग का कंट्रोल रूम (7704995639), आपदा प्रबंधन हेल्पलाइन (1077) तथा अग्निशमन सेवा (101) सक्रिय हैं। जिले में 137 स्थानों पर प्याऊ लगाए गए हैं, वहीं अस्पतालों में पांच लाख से अधिक ओआरएस पैकेट्स का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। डीएम ने लोगों से सतर्क रहने और निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

# ईंधन संकट पर संशय बरकरार, नहीं कम हो रही कतार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिले में डीजल, पेट्रोल और एलपीजी गैस की बढ़ती किल्लत ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। हालात दिन-ब-दिन बिगड़ते जा रहे हैं। शनिवार को भी अधिकांश पेट्रोल पंपों पर डीजल और पेट्रोल उपलब्ध नहीं रहा जबकि जहां मिल भी रहा वहां सुबह से ही लंबी कतारें लग गईं और कई जगहों पर धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई।

नगर के पेट्रोल पंपों के आसपास सुबह चार बजे से ही वाहन चालकों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। वीर विनय चौराहे सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को घंटों इंतजार के बाद भी कई बार खाली हाथ लौटना पड़ा। तेज धूप और अव्यवस्था के बीच लोगों में नाराजगी साफ देखने को मिली।


पंप पर पेट्रोल लेने के लिए जुटी दोपहिया वाहन सवारों की भीड़। ● अमृत विचार

ईंधन संकट के साथ-साथ एलपीजी गैस सिलेंडरों की किल्लत ने भी लोगों की परेशानी कई गुना बढ़ा दी है। उपभोक्ताओं का कहना है कि 10 से 15 दिन पहले गैस बुकिंग कराने के बावजूद समय पर सिलेंडर की डिलीवरी नहीं हो रही है। मजबूरन लोगों को गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ रहा है। कई उपभोक्ता सुबह से शाम तक इंतजार करने के बाद भी सिलेंडर नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। वहीं शादी-विवाह के सीजन के चलते ईंधन और गैस की मांग में अचानक वृद्धि ने संकट को और गहरा कर दिया है। वितरण व्यवस्था में समुचित प्रबंधन न होने से हालात और बिगड़ते जा रहे हैं।

जिला मुख्यालय और आसपास के क्षेत्रों में लगातार बिगड़ती स्थिति के चलते आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परिवहन व्यवस्था प्रभावित होने से दैनिक कार्यों में भी बाधा आ रही है। किसानों, व्यापारियों और नौकरीपेशा लोगों पर इसका सीधा असर पड़ रहा है।

लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही आपूर्ति और वितरण व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया गया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर समस्या के समाधान की मांग की जा रही है ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

## शिविर में 250 लोगों की आंखों की हुई जांच



नेत्र परीक्षण शिविर में मौजूद चिकित्सक, मरीज व रोटरी क्लब के सदस्य।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** ग्रीष्म ऋतु में बढ़ती आंखों की समस्याओं को देखते हुए रोटरी क्लब बलरामपुर ग्रेटर द्वारा ग्राम सुहागिन पुरवा और गौरी डकही में नेत्र परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप विश्वकर्मा और डॉ. आतिफ रहमान द्वारा करीब 250 लोगों की आंखों की जांच की गई तथा दवाएं वितरित की गईं। कार्यक्रम का उद्घाटन रोटरी के असिस्टेंट गवर्नर डॉ. देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने किया। शिविर के सफल आयोजन में आनंद मेडिकल स्टोर सुहागिन पुरवा और मंगलदेव फार्मा डकही का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव, सचिव डॉ. सतीश सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ. मोहम्मद सालिम सहित अन्य रोटेरियन उपस्थित रहे।

## फार्मासिस्टों की बैठक में हुई कार्यों की समीक्षा

**बलरामपुर, अमृत विचार :** स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी की अध्यक्षता में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत फार्मासिस्टों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दवाओं की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था, रिकॉर्ड मेंटेनेंस और मरीजों को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता की विस्तार से समीक्षा की गई। सीएमओ ने निर्देश दिए कि किसी भी केंद्र पर दवाओं की कमी न हो और मरीजों को समय पर आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जाएं। डॉ. रस्तोगी ने कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य व्यवस्था की अहम कड़ी हैं और उनकी जिम्मेदारी है कि वे पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों से आए फार्मासिस्टों ने अपने-अपने कार्यों की प्रगति की जानकारी दी और स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी प्रस्तुत किए।


संस्कृत बोर्ड के मेधावियों को सम्मानित करते शिक्षक। ● अमृत विचार

## संस्कृत विद्यालय के छात्रों ने लहराया परचम, किये गये सम्मानित

**तुलसीपुर, बलरामपुर, अमृत विचार :** स्थानीय क्षेत्र के श्री राधा कृष्ण संस्कृत माध्यमिक विद्यालय, देवी पाटन के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और जनपद का नाम रोशन किया है। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मेधावी विद्यार्थियों को माल्यार्पण कर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अनिल द्विवेदी एवं शिक्षकों ने छात्रों के कठिन परिश्रम की सराहना करते हुए इसे अनुशासित जीवन का परिणाम बताया। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी इन सफल छात्रों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। परिणामों की बात करें तो मध्यमा द्वितीय वर्ष के छात्र नैतिक पांडे ने 85.71 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष के छात्र सोमदेव ने 66.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। अन्य मेधावी छात्रों में दिलीप (84.5 प्रतिशत), विपिन कुमार तिवारी (84 प्रतिशत) एवं सर्वेश शुक्ल (59.33 प्रतिशत) ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य अनिल द्विवेदी ने कहा कि संस्कृत शिक्षा के प्रति बढ़ती रुचि भारतीय संस्कृति के संरक्षण के लिए शुभ संकेत है। समारोह में शिक्षकों एवं अभिभावकों की उपस्थिति ने छात्रों का उत्साह और बढ़ा दिया।

# युवक पर हमला चार पर केस दर्ज

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में खेत की मेड़ को लेकर हुए विवाद में युवक और उसके भाई पर लाठी-डंडों से हमला किए जाने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

गोकुला के गोजर पुरवा में शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे खेत की मेड़ काटने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। पीड़ित सुनील कोरी के अनुसार, गांव के ही चार लोगों ने उसकी जमीन की मेड़ को नुकसान पहुंचाया। जब उसने विरोध किया, तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों से हमला कर उसे घायल कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे उसके भाई से भी मारपीट की गई। साथ ही दोनों को जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है।

# शिक्षामित्रों के मानदेय भुगतान को धनराशि जारी

**गोंडा, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा निदेशालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में शिक्षा मित्रों के मानदेय भुगतान के लिए बड़ी धनराशि जारी की गई है। जारी आदेश के अनुसार, जिला योजना के अंतर्गत मानदेय भुगतान के लिए कुल 50 करोड़ 25 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

जिलेवार आंकड़ों के अनुसार गोंडा में 2649 शिक्षामित्र विभिन्न परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत हैं और शिक्षा में अपना योगदान कर रहे हैं। वैसे प्रदेश भर में करीब डेढ़ लाख शिक्षामित्र कार्यरत हैं। यह धनराशि प्रदेश के विभिन्न जनपदों में शिक्षा मित्रों के मानदेय भुगतान के लिए आवंटित की जाएगी। शासनादेश के मुताबिक, धनराशि का उपयोग केवल निर्धारित कार्य/प्रयोजन के लिए ही किया जाएगा और इसका अनुपालन सख्ती से सुनिश्चित किया जाएगा। निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि आवंटित धनराशि का आहरण एकमुश्त नहीं किया जाएगा, बल्कि आवश्यकता के अनुसार ही कोषागार से निकासी की जाएगी। साथ ही, अगली वित्तीय स्वीकृति प्राप्त करने से पहले पूर्व में खर्च की गई धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। शासन ने यह भी निर्देश दिए हैं कि सभी वित्तीय नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए और किसी भी प्रकार की अनियमितता के लिए संबंधित अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे। गौरतलब है कि एक अन्य आदेश के तहत 1 अप्रैल 2026 से शिक्षा मित्रों को प्रतिमाह 18,000 रुपये मानदेय दिए जाने का प्रावधान किया गया है।

**खेलकूद** | **जिला स्तरीय महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता**

# स्पोर्ट्स स्टेडियम की टीम बनी विजेता

**बलरामपुर अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन की तरफ से स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आठ विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्पोर्ट्स स्टेडियम की टीम विजेता बनी। विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार व उपहार देकर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला सेवायोजन अधिकारी मीता गुप्ता व एमएलके पीजी कॉलेज के प्रो. डॉ. शिवानंद पांडेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। पहला मैच अवधूत और टीटू वर्ल्ड के बीच खेला गया, जिसमें टीटू वर्ल्ड की टीम ने जीत हासिल की। दूसरा लीग मैच पायनियर पब्लिक स्कूल और सेंट जेवियर्स के बीच हुआ, इसमें सेंट जेवियर्स ने बाजी मारी। तीसरा लीग मैच सीएमएस और एमएलके पीजी कॉलेज के बीच हुआ, इसमें सीएमएस ने जीत हासिल की। फाइनल मैच सेंट जेवियर्स व स्पोर्ट्स स्टेडियम के बीच खेला गया। स्पोर्ट्स स्टेडियम के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में सेंट जेवियर्स को 15-12 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया।



हैंडबॉल प्रतियोगिता का खिताब जीतकर खुशी मनाते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

मुख्य अतिथि अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग कमल किशोर ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार व उपहार देकर सम्मानित किया। हैंडबॉल प्रशिक्षक हिना खातून ने बताया कि उत्तर प्रदेश ओलिंपिक एसोसिएशन की तरफ से पहली बार महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। स्टेडियम के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन कर नाम रोशन किया है। इस अवसर पर उपक्रीड़ाधिकारी कमाल अहमद, प्रवेश कुमार रावत, प्रशिक्षक नागेंद्र गिरि, विजय शंकर पांडेय, पवन तिवारी, सूरज कुमार व अभय सिंह आदि मौजूद रहे।

## आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने का अभियान तेज

**बलरामपुर अमृत विचार :** जनपद में आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाने का अभियान तेजी पकड़ चुका है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने लोगों से अपील की है कि जो भी नागरिक योजना के दायरे में आते हैं, वे जल्द से जल्द अपना गोल्डन कार्ड बनवा लें, ताकि जरूरत पड़ने पर निःशुल्क इलाज का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत कार्डधारकों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का मुफ्त उपचार सरकारी और सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में उपलब्ध कराया जाता है। यह योजना विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। सीएमओ ने जानकारी दी कि जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर गोल्डन कार्ड बनाने की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि समय रहते अपना गोल्डन कार्ड बनवाएं और अपने परिवार की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करें।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बहराइच**

पत्रांक : 97 / मु0मं0न0सृ0यो0 / अनुपूरक कार्य0/नि0कार्य/ई-टेण्डर/2025-26 — दिनाँक 24 अप्रैल, 2025

**ई-निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक-26 / मु0म0 न0सृ0यो0 / अनुपूरक कार्य0/ नि0कार्य / ई-टेण्डर/2025-26 दिनांक 24 अप्रैल, 2026 द्वारा मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगर पालिका परिषद, बहराइच के स्वीकृत 01 निर्माण कार्य हेतु जी0एस0टी0 रहित आनलाइन निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 25 अप्रैल, 2026 को अपरान्ह 02:30 बजे से दिनांक 25 मई, 2026 को अपरान्ह 3:30 बजे तक निर्माण कार्यो के लिए वर्ष 2026-27 में समस्त विभागों में ''ए'', ''बी'' एवं ''सी'' श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों / फर्मो से प्रतिशत दर के आधार पर निर्धारित नियम एंव शर्तो के अधीन आमन्त्रित की जाती है। उक्त अवधि में ही ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। कार्य की जमानत धनराशि आर0टी0जी0एस0/ नेफ्ट के माध्यम से नगर पालिका परिषद बहराइच के इण्डियन बैंक शाखा डिगिहा स्थित खाता संख्या-50383894033 IFSC Code-IDIB000C601 में ऑनलाइन जमा की जायेगी अथवा एफ0डी0आर0/ टी0डी0आर0/एन0एस0सी0/सी0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, बहराइच के पक्ष में बन्धक हो, भी स्वीकार किये जायेंगे। निविदा मूल्य आनलाइन ही जमा करना होगा। आनलाइन अपलोड की गयी निविदा से सम्बन्धित अभिलेखों (जैसे जमानत धनराशि / निविदा मूल्य जमा रसीद (बैंक स्टेटमेन्ट), हैसियत / चरित्र प्रमाण-पत्र / पंजीकरण प्रमाण पत्र इत्यादि) को ई-टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। कार्य की स्वीकृत लागत के सापेक्ष रु0 40.00 लाख तक 10 प्रतिशत जमानत धनराशि एवं रु0 40.00 लाख के पश्चात् कार्य की लागत की अवशेष धनराशि के सापेक्ष 05 प्रतिशत जमानत धनराशि आनलाइन अथवा एफ0डी0आर0/ टी0डी0आर0/एन0एस0सी0/सी0डी0आर0 के रूप में जमा करना होगा। जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 25 मई, 2026 को अपरान्ह 04:00 बजे आनलाइन खोली जायेगी। अपलोड की गयी ई-निविदाओं में से किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष महोदय, नगर पालिका परिषद, बहराइच को होगा। तकनीकी बिड में अर्ह पायी गयी निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई-टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड की जायेंगी। सम्बन्धित निविदा सूचना नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेब साइट www.bahraichnpp.in पर उपलब्ध है।

(प्रमिता सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बहराइच

(सुधा देवी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, बहराइच

## न्यूज ब्रीफ

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती, अमृत विचार : गिलौला थाना क्षेत्र निवासी एक किशोरी से गिलौला कस्बे में कोचिंग संचालक थाना क्षेत्र के ग्राम तिलकपुर के मजरा दर्जीपुरवा निवासी जकी अहमद पुत्र नीबर अली बहला-फुसलाकर अश्लील वार्ता करने लगा। बाद में आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले में किशोरी के चाचा की तहरीर पर गिलौला पुलिस ने केस दर्जकर आरोपी को शुक्रवार नवनिर्मित गिलौला बाईपास से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल फोन व 520 रुपए नकदी बरामद किया। जिसके विरूद्ध पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।

### अमीन व लेखपाल संघ ने दिया धरना

कैसरगंज (बहराइच) : शनिवार को कैसरगंज तहसील परिसर में राजस्व संग्रह अमीन संघ और लेखपाल संघ ने एक दिवसीय कार्य बहिष्कार कर प्रदर्शन किया। अमीनों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए नाराजगी जताई। संघ के तहसील अध्यक्ष हेमेन्द्र प्रताप सिंह और मंत्री रजत यादव ने बताया कि उनके साथी विजय शंकर वर्मा की बुलेट बाइक 18 अप्रैल को एपेक्स इंटरनेशनल स्कूल, फिरोजपुर से चोरी हो गई जब वे जनगणना 2027 के प्रशिक्षण में शामिल थे। पीड़ित अमीन विजय शंकर वर्मा के अनुसार, उन्होंने खुद कई स्थानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें बाइक चोरी करते हुए स्पष्ट दृश्य मिले। ये साक्ष्य पुलिस को देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। संघ ने 23 अप्रैल को उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर 25 अप्रैल तक कार्रवाई की मांग की थी। तय समय सीमा बीतने और बाइक बरामद न होने पर अमीनों ने सामूहिक कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया। इस संबंध में उपजिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि चोरी की घटना का शीघ्र अनावरण करने और सीसीटीवी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### मोतीपुर प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का शुभारम्भ कल से

मिहींपुरवा (बहराइच)। मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोतीपुर स्थित सिंचाई कॉलोनी के मैदान पर आगामी 27 अप्रैल से एमपीएल नाईट क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। क्रिकेट मैच प्रतियोगिता के लिए आयोजन कमेटी द्वारा तैयारियां जोर-जोर से शुरू कर दी गई है। क्रिकेट प्रतियोगिता में दबंग -11, टाइगर -11, अक्षिता -11, आदिल -11, आरआर -11, टीएम ब्रांड-11, जिगरबाज -11, सैम -11, ब्रदर्स -11 व लायन्स -11 सहित कुल 10 टीमे में प्रतिभा करेंगी। आयोजन की तैयारी के क्रम में बृहस्पतिवार को एमपीएल नाइट क्रिकेट मैच प्रतियोगिता के लिए ट्रॉफी के अनावरण व टीम चयन का कार्यक्रम आयोजक कमेटी द्वारा संपन्न कराया गया। ट्रॉफी का अनावरण सीमा जागरण मंच अवध प्रांत के सह प्रचार प्रमुख योगेन्द्र मौर्य, मोतीपुर ग्राम प्रधान अजय वर्मा उर्फ बाबू व शिक्षक राजकुमार यादव के द्वारा किया गया। टीम चयन व ट्रॉफी अनावरण कार्यक्रम के दौरान एमपीएल नाइट क्रिकेट मैच प्रतियोगिता के आयोजक - मोहम्मद फैजल, महासचिव- रोहित पीटर, सचिव-आकाश मदेशिया, शोएब खान, कमेटी- चाँद बाबू, साजिद, तालिब, आदिल, आदिल खान, अरशद वारसी, जीतेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र सिंह, मनोज यादव, हकीम अंसारी, सैम. हाश्मी, राहुल पीटर, साहिबे आलम, दिवाकर रावत, अमीरज़ादा, मनोज यादव, पवन यादव, अनुज वर्मा आदि युवा खिलाड़ी मौजूद रहे।

# बोर्ड के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें

## होमगार्ड भर्ती परीक्षा केन्द्रों का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण, 3600 के सापेक्ष 913 परीक्षार्थी अनुपस्थित

संवाददाता, बहराइच



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम व एसपी। अमृत विचार

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को प्रति दिन 02 पालियों में आयोजित होने वाली उ.प्र. होगार्डस के पदों पर एनरोलमेंट 2025 की लिखित परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव व अपर पलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह के साथ परीक्षा केन्द्र राजकीय इण्टर कालेज व महाराज सिंह इण्टर कालेज का निरीक्षण कर केन्द्र व्यवस्थापकों एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम ने केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें तथा महत्वपूर्ण चरणों की कार्यवाही करते समय पूरी सावधानी बरती जाए।

उल्लेखनीय है कि जनपद के 10 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई प्रथम पाली की परीक्षा में सरस्वती इण्टर कालेज रिसिया में 480 के सापेक्ष 355, राजकीय बालिका इण्टर कालेज में 384 के सापेक्ष 278, महाराज सिंह इण्टर कालेज में 384 के सापेक्ष 303, राजकीय इण्टर कालेज में 384 के सापेक्ष 278, तारा महिला इण्टर कालेज में 240 के सापेक्ष 166, आज़ाद इण्टर कालेज में 384 के सापेक्ष 299, चौधरी सियाराम इण्टर कालेज फखरपुर में 480 के सापेक्ष 355, जवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर में 240 के सापेक्ष 173, आर्य कन्या इण्टर कालेज में 240 के सापेक्ष 179 तथा वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 301 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार कुल 3600 के सापेक्ष 2687 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 913 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

इसी प्रकार द्वितीय पाली की परीक्षा में सरस्वती इण्टर कालेज रिसिया में 480 के सापेक्ष 357, राजकीय बालिका इण्टर कालेज में 384 के सापेक्ष 303, महाराज सिंह इण्टर कालेज में 384 के सापेक्ष 289, राजकीय इण्टर कालेज में 384 के सापेक्ष 302, तारा महिला इण्टर कालेज में 240 के सापेक्ष 185, आज़ाद इण्टर कालेज में 384 के सापेक्ष 295, चौधरी सियाराम इण्टर कालेज फखरपुर में 480 के सापेक्ष 371, जवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर में 240 के सापेक्ष 193, आर्य कन्या इण्टर कालेज में 240 के सापेक्ष 190 तथा वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 290 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार कुल 3600 के सापेक्ष 2687 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 913 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### डीएम ने गेहूं क्रय केन्द्रों का किया निरीक्षण

जमुनहा (श्रावस्ती), अमृत विचार। डीएम अन्नपूर्णा गर्ग ने शनिवार जमुनहा क्षेत्र के गेहूं क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गेहूं खरीद का जायजा लिया। डीएम ने बहुद्देशीय ग्रामीण सहकारी समिति( बी-पैक्स) लक्ष्मणपुर सेमरहनिया, साधन सहकारी समिति लि. शिकारी चौड़ा एवं महादेवा नासिरगंज जाकर गेहूं खरीद का जायजा लिया।



गेहूं क्रय केंद्र का निरक्षण करतीं डीएम अन्नपूर्णा गर्ग।

इस दौरान उन्होंने गेहूं बेचने आये किसानों से वार्ता कर उनकी समस्या सुना। साथ ही क्रय केन्द्र प्रभारियों को किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने, क्रय केन्द्र पर आने का रास्ता व वाहनों के पार्किंग के लिए भी पर्याप्त स्थान रखने को कहा। इस दौरान डीएम ने खरीद पंजिका, बोरों की व्यवस्था, ई-उपार्जन हेतु लैपटॉप/आई-पैड, इलेक्ट्रॉनिक कांटा, नमी मापक यंत्र, विनोइंग फैन/पंखा, छलना पावर डस्टर एवं अन्य सभी मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही केन्द्र प्रभारी को गेहूं खरीद में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतने, क्रय केन्द्रों पर किसानों के बैठने के लिए छाया, पेयजल सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने तथा गेहूं खरीद के बाद जब तक केन्द्र पर गेहूं रहता है। तब तक उसकी देखभाल करने को कहा। उन्होंने किसानों से अपील किया कि वे गेहूं बेचने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन जन सुविधा केन्द्रों पर जाकर वेबसाईट-https//fcs.up.gov.in पर या मोबाइल से यूपीकिसानमित्र ऐप के माध्यम से करा लें, ताकि उन्हें अपना गेहूं बेचने में कोई दिक्कत न होने पाये। इस दौरान एसडीएम जमुनहा संजय कुमार राय सहित सम्बन्धित क्रेन्द्रों के प्रभारी व किसान मौजूद रहे।

# बोलेरो की टक्कर से साइकिल सवार बहन की मौत, भाई गंभीर

जमुनहा (श्रावस्ती)

अमृत विचार: रानीसीर गांव के निकट शनिवार तेज रफ्तार बोलेरो ने साइकिल को टक्कर मार दिया। घटना में साइकिल सवार भाई-बहन गम्भीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें सीएचसी मल्हीपुर लाया गया। जहां चिकित्सक ने बहन को मृत घोषित कर दिया।

हरदत्तनगर गिरंट थाना क्षेत्र के जमुनहा बहराइच मार्ग पर रानीसीर से बदला चौराहा जाते समय रानीसीर गांव के सामने पीछे से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने साइकिल को टक्कर मार दिया। घटना में साइकिल पर सवार भाई बहन रानीसीर निवासी गुलाब शाह (11) पुत्री बाउर व उसका भाई शाह अली उर्फ़ अली अहमद गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक मौके पर रुके बिना बदला की तरफ भाग गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने एम्बुलेंस से गुलाब को सीएचसी मल्हीपुर में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सक ने गुलाब शाह को मृत घोषित कर दिया। वहीं शाह अली का इलाज एक निजी चिकित्सक के यहां चल रहा है। जबकि परिजन पुलिस को सूचना दिए बगैर शव को अपने घर ले गए। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से 3 बाइक सवार घायल

सिरसिया (श्रावस्ती), अमृत विचार : मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहे बाइक सवारों को शुक्रवार देर रात ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने दो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सिरसिया थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी बुधराम (30) पुत्र जगराम, सिरसिया निवासी विजय गुप्ता (40) पुत्र राम सुमिरन व कुशमहवा गांव निवासी अनीश (22) पुत्र कलहू शुक्रवार शाम को बाइक से मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। तीनों देर रात घर वापस लौट रहे थे। इस दौरान सिरसिया थाना क्षेत्र के ही बालापुर मोड़ से सोनपथरी जाने वाले मार्ग पर स्थित एएनएम सेंटर के सामने पहुंचते ही सामने से जा रहे ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीनों गंभीररूप से घायल हो गए। लोगों ने एम्बुलेंस से घायलों को सीएचसी सिरसिया पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर देख बुधराम व विजय को प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर ट्रॉली छोड़कर भाग गया। वहीं विजय को मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया गया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला महिला का शव

बदला चौराहा (श्रावस्ती),

- दहेज-प्रताड़ना का आरोप, मामले की जांच में जुटी पुलिस

अमृत विचार। हरदत्तनगर गिरंट के बेगमपुर बाघमारी में शुक्रवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई। उसका शव फंदे से लटका मिला। मायके वालों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है।

मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानजोत चहलवा निवासी सहदेव प्रसाद ने अपनी बहन सुशीला देवी (20) का विवाह 11 माह पूर्व हरदत्तनगर गिरंट थाना क्षेत्र के ग्राम बेगमपुर बाघमारी निवासी मुकेश कुमार के साथ किया था। शुक्रवार रात सुशीला देवी का शव घर के अंदर छत के कुंडे से लटका मिला। घटना की सूचना पर पहुंचे मृतका के भाई सहदेव प्रसाद ने दहेज के लिए अपनी बहन को प्रताड़ित कर उसकी हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी। उसका आरोप था कि विवाह के बाद से ही दहेज को लेकर उसकी बहन से ससुरालीजन मारपीट करते थे। उसे आशंका है कि दहेज की माँग पूरी न होने पर उसकी बहन की हत्या कर शव लटकाया गया है। पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है। थानाध्यक्ष महिमानाथ उपाध्याय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तथ्यों की जाँच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। मामले में सभी पहलुओं की जाँच की जा रही है।

# पुतला फूंकते समय झुलसीं भाजपा विधायक

संवाददाता, बहराइच



सदर विधायक अनुपमा की आग बुझाते कार्यकर्ता। अमृत विचार

- विपक्षी नेताओं का पुतला फूंकते समय चेहरा जला, भर्ती

अमृत विचार। नारी वंदन अधिनियम का लोकसभा में विरोध करने को लेकर समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव व कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंकते समय सदर विधायक के चेहरा जल गया। मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने उन्हें बचाया जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नगर में स्थित जिलाधिकारी आवास के पास आज भाजपा की ओर से विपक्षी पार्टियों की ओर से नारी वंदन अधिनियम का विरोध करने को लेकर प्रदर्शन का आयोजन किया गया था। प्रदर्शन में भाजपा से सदर विधायक अनुपमा जायसवाल भी शामिल होने पहुंची इसी दौरान समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव व कांग्रेस नेता का पुतला फूंकते समय विधायक के चेहरे पर आग की लपट लगने से वह झुलस गई। जिसके बाद मौके पर हड़कंप मच गया। घटना के दौरान अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने आग बुझाते हुए आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों की ओर से उनका इलाज किया जा रहा है। हादसे की जानकारी पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने जिला अस्पताल पहुंच उनका हाल जाना। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी जिला अस्पताल में मौजूद रहे।

### हाईवे जाम करने पर 13 नामजद और 15 अज्ञात लोगों पर केस दर्ज

इकौना (श्रावस्ती), अमृत विचार। डीजल-पेट्रोल न मिलने का आरोप लगाते हुए लोगों ने गुरुवार को नेशनल हाईवे 730 पर लकड़ी की बल्ली रख हाईवे जाम कर दिया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन लोग हाइवे से नहीं हटे। घंटो मशक्कत कर पुलिस ने लोगों को हटाकर आवागन शुरू कराया। मामले में पुलिस ने 13 नामजद व 15 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। इकौना क्षेत्र के भगवानपुर बनकट गांव के पास भारत पेट्रोलियम पम्प पर गुरुवार को डीजल व पेट्रोल के लिए सुबह से ही लम्बी लाइन लगी थी। तेल भरवाने के लिए लोगों को घंटो लाइन में लगना पड़ रहा था। इस दौरान लोग आक्रोशित होकर पम्प के सामने ही लकड़ी की बल्लियां रखकर नेशनल हाइवे 730 को जाम कर दिया और धरने पर बैठ गए। ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने थाने पर सूचना दी। सूचना पर उपनिरीक्षक राम दुलारे यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को हाइवे से हटाने लगे। इस पर लोग हंगामा करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान दोनों तरफ लम्बा जाम हो गया और मौके पर अफरा तफरी की स्थिति बन गई। लोग हाइवे से हटने को तैयार नहीं थे। उपनिरीक्षक व उनकी टीम के घंटों समझाने के बाद लाग हाइवे से हटे। करीब एक घंटे के बाद जाम हटा और आवागमन शुरू हुआ। मामले में उपनिरीक्षक राम दुलारे यादव की तहरीर पर इकौना थाने में महजिदिया निवासी राजेश, आसधव भगवानपुर बनकट निवासी मुकेश, बड़कऊ, राकेश, प्रदीप, इटौंझा निवासी अल्ताफ, टंडवा महंथ निवासी जीवनलाल समेत 13 नामजद व 15 आज्ञात के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। उपनिरीक्षक राम दुलारे का कहना है कि पम्प पर लोगों को डीजल पेट्रोल का वितरण किया जा रहा था। हाइवे जाम करने वाले लोगों को पर्याप्त डीजल-पेट्रोल होने का आश्वासन देते हुए दिलाने को कहा गया। लेकिन लोग सुविधा अनुसार बिना लाइन लगाए डीजल-पेट्रोल लेने की जिद पर हाइवे जाम कर रखा था। प्रभारी निरीक्षक परमानंद तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है।

### जरवल में हेल्थ केयर सेंटर का उद्घाटन

जरवलरोड (बहराइच)। स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नया आयाम जोड़ते हुए मोहन मार्केट, पुराना दशहरा बाग स्थित श्री बालाजी स्वीट्स के नीचे श्री श्याम हेल्थ केयर सेंटर का शुक्रवार को भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर डॉ. बाबूराम यादव ने फीता काटकर क्लीनिक का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में नगरवासियों, ग्रामीणों, समाजसेवियों और गणमान्यजनों की भारी भीड़ उमड़ी। सभी ने इस नए चिकित्सा केंद्र की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में कृष्ण मुरारी अग्रवाल, प्रमोद गुप्ता, परमेश अग्रवाल, पंकज यादव, राजेश सर्राफ, कृष्णपाल सभासद, शशिकांत श्रीवास्तव, अश्मित रस्तोगी और डॉ. सिद्धांत सहित बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी, चिकित्सक मौजूद रहे।



अतिथि को श्रीराधा-कृष्ण की फोटो देकर स्वागत करते चिकित्सक।


### बौद्ध परिपथ जाम करने के 10 आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती, अमृत विचार। बहराइच बलरामपुर हाइवे एनएच 730 को नियम विरुद्ध जामकर अवरोध उत्पन्न करने वाले 10 आरोपियों को शनिवार इकौना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसपी राहुल भाटी ने बताया कि इकौना पुलिस टीम ने बौद्ध परिपथ जाम करने के आरोपी भलुहिया दसौधी के ग्राम महजिदिया निवासी राजेश उर्फ राजू पुत्र बच्छराज, इटौझा निवासी अल्ताफ पुत्र जुल्फिकार, टण्डवा महन्थ निवासी जीवनलाल व ननकू पुत्रगण हरि प्रसाद, मदारा निवासी अजीत यादव पुत्र ननके उर्फ अमेरिका यादव, भगवानपुर बनकट निवासी चिरागी उर्फ जसवन्त पुत्र छेदी, प्रदीप पुत्र आशाराम, आसधव निवासी मुकेश पुत्र बड़कऊ, राकेश पुत्र पुत्तीलाल व अंडुआ निवासी राजकुमार उर्फ राजा पुत्र राघवराम को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर संबंधित न्यायालय भेजा गया है।

# निजी अस्पतालों व अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर की गई छापेमारी से मचा हड़कंप

संवाददाता, श्रावस्ती

कार्रवाई



अल्ट्रासाउंड केंद्र का निरीक्षण करती स्वास्थ्य विभाग की टीम। अमृत विचार

अमृत विचार। जिले में अवैध चिकित्सा गतिविधियों पर अंकुश लगाने व मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार कार्रवाई की। सीएमओ के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की विशेष टीम ने जिले में संचालित नर्सिंग होम, अल्ट्रासाउंड सेंटरों व पैथोलॉजी लैब का औचक निरीक्षण किया।

अभियान के तहत क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट के नोडल अधिकारी डॉ. आरआर विश्वास व सहायक शोध अधिकारी सुरेश यादव की संयुक्त टीम ने कई केंद्रों पर दबिश दी। इस दौरान टीम ने केंद्रों की वैधता, वहां पंजीकृत और अधिकृत चिकित्सक की उपस्थिति, पंजीकरण प्रमाणपत्र सहित अन्य दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। इस दौरान टीम ने सभी अस्पताल और केंद्र संचालकों को कड़े शब्दों में हिदायत दी कि वे शासन द्वारा निर्धारित मानकों और नियमों के तहत ही केंद्रों का संचालन करें। दस्तावेजों में कमी या बिना मान्यता के चल रहे केंद्रों को चेतावनी देते हुए व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए भी गए।

वहीं डॉ. अशोक कुमार सिंह, सीएमओ का कहना है कि पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत किसी भी अल्ट्रासाउंड केंद्र पर भ्रूण के लिंग की जांच कतई नहीं होनी चाहिए। स्वास्थ्य मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कोई भी केंद्र अवैध रूप से लिंग जांच या अन्य किसी भी संदिग्ध गतिविधि में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी, ऐसे किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# नाबालिग बालिका को किया रेस्क्यू व नेपाली तस्कर गिरफ्तार

रुपईडीहा (बहराइच)

अमृत विचार। भारत-नेपाल सीमा पर मानव तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सशस्त्र सीमा बल को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, बहराइच के कमांडेंट गिरीश चन्द्र पाण्डेय के मार्गदर्शन में एक भारतीय नाबालिग बालिका को रेस्क्यू किया गया, जबकि एक नेपाली संदिग्ध तस्कर को गिरफ्तार कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट रुपईडीहा पर तैनात एसएसबी जवानों ने ऑप्स ब्रांच से प्राप्त सूचना के आधार पर सघन जांच अभियान चलाया। सूचना मिली थी कि बिहार के मुजफ्फरपुर जनपद से लापता एक नाबालिग बालिका को एक नेपाली युवक द्वारा नेपाल से भारत लाया जा सकता है। इसी सूचना के क्रम में पैसेंजर टर्मिनल बिल्डिंग में नेपाल के बुटवल से दिल्ली आ रही बस की गहन तलाशी ली गई। जांच में एक नाबालिग बालिका एक नेपाली युवक के साथ संदिग्ध अवस्था में पाई गई। पूछताछ में बालिका की पहचान आराधना यादव (15 वर्ष) पुत्री उमाशंकर राय, निवासी ग्राम रैपुर, पोस्ट दुबाहा, मुजफ्फरपुर, बिहार के रूप में हुई। बालिका के पास कोई वैध पहचान पत्र नहीं था। साथ मौजूद युवक ने अपना नाम सुशांत राना (19 वर्ष) पुत्र दल बहादुर, निवासी मुसिकोट नगरपालिका वार्ड संख्या 03, जिला गुल्मी, नेपाल बताया तथा नेपाली नागरिकता प्रमाण पत्र दिखाया।

समीक्षा बैठक

## एसडीएम नानपारा ने फॉर्मर रजिस्ट्री को लेकर की बैठक, अधिकारियों को दिए दिशा- निर्देश

# किसी भी प्रकार की बर्दाश्त नहीं की जाएगी लापरवाही : मोनालिसा

नानपारा (बहराइच)



अधिकारियों के साथ बैठक करतीं एसडीएम मोनालिसा जौहरी। अमृत विचार

अमृत विचार। तहसील नानपारा प्रशासनिक सक्रियता अपने चरम पर दिखी, जब उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी ने फॉर्मर रजिस्ट्री को लेकर एक अहम समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। बैठक में कृषि, राजस्व, विकास, आपूर्ति और बाल विकास विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में एसडीएम ने साफ शब्दों में कहा कि अब किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने बैठक के दौरान सभी विभागों की प्रगति रिपोर्ट को गंभीरता से परखा और जहां भी कमी पाई गई, वहां तुरंत सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य हर हाल में समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से शत प्रतिशत पूरा किया जाए। एसडीएम ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि केवल खानापूर्ति नहीं चलेगी, बल्कि जमीनी स्तर पर कार्य दिखाई देना चाहिए उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को गांव में घर घर जाकर एक-एक किसान की फॉर्मर रजिस्ट्री कराने तथा अन्य लंबित मामलों को प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश दिए। एसडीएम नानपारा ने कहा कि आपस मे समन्वय से ही बेहतर परिणाम मिलेगा। एसडीएम ने सभी विभागों के बीच बेहतर तालमेल बनाने पर जोर देते हुए कहा कि सभी मिलकर काम करेंगे तभी शत प्रतिशत फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण हो पाएगा साथ ही पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का पूरा लाभ मिल सकेगा।बैठक के अंत में एसडीएम ने दो टूक कहा कि यदि किसी भी स्तर पर ढिलाई या लापरवाही सामने आई तो संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### थाना समाधान दिवस में निपटा मात्र एक मामला

संवाददाता, श्रावस्ती, अमृत विचार : जिले के थानों में शनिवार थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान थाने में आए कुल 34 के सापेक्ष मात्र एक मामला ही निस्तारित हो सका। मल्हीपुर थाने में आयोजित थाना समाधान की अध्यक्षता डीएम अन्नपूर्णा गर्ग व एसपी राहुल भाटी ने किया। यहां डीएम व एसपी ने लोगों की शिकायत सुनी। इस दौरान यहां छह शिकायतें प्राप्त हुई। इनमें से किसी भी मामले का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। डीएम ने कहा कि आने वाले फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर समय से निस्तारण करें। फरियादियों के साथ नम्र व्यवहार किया जाए। भूमि विवादों से सम्बन्धित प्रकरणों का राजस्व व पुलिस टीम मौके पर जाकर निपटारा करे। बालिकाओं व महिलाओं की शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए। एसपी ने थानाध्यक्ष को निर्देश दिया कि शिकायत का संज्ञान लेकर तुरंत मौके पर जाकर प्रकरण की जांच कर कार्रवाई करें। निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता को फोन आदि के माध्यम से सूचित भी करें। थाना समाधान दिवस में हरदत्तनगर गिरंट में पांच, इकौना थाने में दो, मल्हीपुर थाने में छह, सिरसिया थाने में तीन, सोनवा थाने में तीन, नवीन माडर्न थाना श्रावस्ती में दो व गिलौला थाने में छह समेत कुल 34 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से महज गिलौला में एक शिकायत का निस्तारण हो सका।


उ0प्र0 प्रोजेक्ट्स कार्पोरेशन लि0, निर्माण इकाई-22

(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)

CIN: UP15209UP1976SGC004285

200 (एन-11) रायपुरराजा, सिविल लाइन जनपद-बहराइच (उ.प्र.) पिन- 271801

Email- (1) projectmanagerunit22@gmail.com, (2) pm22@upprojects.org

ISO 9001:2015

पत्रांक : 61/पी.सी.एल./प.प्र./मैनुअल-निविदा दिनाँक: 22/04/2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

एत्द द्वारा चिकित्सा शिक्षा अनुभाग के अन्तर्गत निम्नांकित कार्य हेतु यू०पी० प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि० में सभी श्रेणी में पंजीकृत फर्मों से प्रतिशत दर आधारित मैनुअल सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | लागत लाख रू0 | निविदा शुल्क जीएसटी सहित | जमानत धनराशि | कार्य अवधि | आमंत्रण निविदा तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जनपद-गोण्डा के चिकित्सा महाविद्यालय में मेडिकल गैस पाइप लाइन का कार्य। | 7.33 लाख | 2000 + 18% GST | रू0 14651.00 राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ०डी०आर० जो परियोजना प्रबन्धक निर्माण इकाई-22 यू०पी०पी०सी० एल० के नाम बन्धक हो। | 3 माह वर्षा ऋतु सहित | दिनांक 23.04.26 से 27.04.26 अपरान्ह 3:00 बजे तक |

निविदा से सम्बन्धित विवरण सूचना शर्ते एवं निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यालय दिवस में निविदा शुल्क लेखा पटल पर देकर, दिनाँक 23.04.2026 से दिनाँक 27.04.2026 अपरान्ह 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में डाली जा सकेगी, जो दिनाँक 27.04.2026 को सायं 4:00 बजे सम्बन्धित फर्म अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी।

परियोजना प्रबन्धक
निर्माण इकाई-22



'तुलसी' सब छल छांड़िकै, कीजै राम-सनेह
अंतर पति सों है कहा, जिन देखी सब देह

गोस्वामी तुलसी दास कहते हैं, सब छल-कपटों को छोड़ कर भगवान की सच्चे दिल से भक्ति करो। जैसे पति अपनी पत्नी के सारे शरीर के रहस्यों को जानता है, वैसे ही प्रभु सारे जीवों के सब कर्मों को जानता है।



# सिर्फ नंबर नहीं, समग्र विकास पर हो शिक्षा का ध्यान

ज्ञान से बड़ा कुछ भी पवित्र नहीं है। ज्ञान भौतिक संसार की सभी उपलब्धियों को प्राप्त करने का उपकरण है। जो लोग इस भौतिक संसार से पृथक अन्य लोकों का भी अस्तित्व मानते हैं, वह लक्ष्य भी ज्ञान मार्ग से ही प्राप्त होना संभव बताया गया है। ज्ञान प्राप्ति का सर्वश्रेष्ठ उपकरण है शिक्षा। भारतीय इतिहास के वैदिक काल में शिक्षा प्राप्ति को अन्य उपलब्धियों से श्रेष्ठ बताया गया है। तैत्तिरीय उपनिषद की शिक्षावल्ली में शिक्षा को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का साधन बताया गया है। कभी भारतीय ज्ञान का डंका समूचे विश्व में छाया हुआ था। उच्च शिक्षा के कारण ही भारत को विश्वगुरु कहा जाता था।

छान्दोग्य उपनिषद में नारद को व्यथित बताया गया है। व्यथित नारद सनत कुमार के पास पहुंचे। उन्होंने सनत कुमार को अपनी व्यथा बताई। सनत कुमार ने नारद से पूछा कि आपने अब तक क्या-क्या पढ़ा है। नारद ने बताया, 'हे भगवन मैंने ऋग्वेद सहित सभी वेद पढ़े हैं। भूगर्भ विद्या, नक्षत्र विद्या, आकाश विद्या, गणित, ज्योतिष आदि अनेक विषय पढ़े हैं। उपनिषद में यह सूची काफी बड़ी है। इसका अर्थ यह निकलता है प्राचीन भारत में अनेक विषय पढ़े और पढ़ाए जाते थे। आज की ज्ञान परंपरा में वैदिक काल और उसके पहले से लेकर आधुनिक काल तक सभी विषय प्रासंगिक हैं। शिक्षा या विद्यार्थी जीवन पुरुषार्थ का स्वर्ण काल है। प्राचीन काल में शिक्षा के सभी अनुशासन पढ़े-पढ़ाए जाते थे।

नई शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में यह भी जरूरी हो जाता है कि हम केवल परीक्षा परिणामों पर ही केंद्रित न रहें, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास पर ध्यान दें। आज का विद्यार्थी केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहकर व्यावहारिक, नैतिक और तकनीकी ज्ञान से भी सुसज्जित होना चाहिए। परिणामों के विश्लेषण से यह भी स्पष्ट होता है कि जिन विद्यालयों में नियमित शैक्षणिक वातावरण और अनुशासन बना रहा, वहां सफलता का प्रतिशत अधिक रहा है। संप्रति शिक्षा-नौकरी और जीवन यापन की सुविधाएं जुटाने का यंत्र बन गई है। सरकारें अपने ढंग से अपने देश और राज्य के क्षेत्र में शिक्षा का प्रबंधन करती हैं। निजी क्षेत्र में भी शिक्षा के तमाम तरह के अनुशासन हैं। शिक्षा महंगी है और वह संस्कृति और दर्शन तथा ज्ञान प्राप्ति का उपकरण नहीं है। परीक्षाओं में ज्यादा से ज्यादा अंक पाने की होड़ रहती है।

> नई शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में यह भी जरूरी हो जाता है कि हम केवल परीक्षा परिणामों पर ही केंद्रित न रहें, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास पर ध्यान दें। आज का विद्यार्थी केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहकर व्यावहारिक, नैतिक और तकनीकी ज्ञान से भी सुसज्जित होना चाहिए। परिणामों के विश्लेषण से यह भी स्पष्ट होता है कि जिन विद्यालयों में नियमित शैक्षणिक वातावरण और अनुशासन बना रहा, वहां सफलता का प्रतिशत अधिक रहा है।

विद्यार्थी अधिक अंक पाने के तनाव में रहते हैं। आत्महत्याएं होती हैं। शिक्षार्थी को अध्ययन के दौरान ज्ञान का आनंद नहीं मिलता। निजी क्षेत्र के विद्यालयों में एक समान पाठ्यक्रम नहीं है। कुछ विद्यालय कक्षा एक से पढ़ाई शुरू करवाते हैं। कुछ विद्यालय पहली कक्षा से भी पहले की कक्षाएं केजी, नर्सरी आदि नामों से चलवाते हैं। सीबीएसई पूरे देश में लागू एक केन्द्रीयकृत शिक्षा व्यवस्था है। बेशक इससे पूरे देश में एक समान शिक्षा का पाठ्यक्रम बनाया जाता है, लेकिन विद्यार्थियों को अध्ययन के समय आनंदित करने के कोई उपाय नहीं हैं।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं संचालित करता है। इसी के परिणाम इसी सप्ताह घोषित हुए थे। लड़कियों ने लड़कों की अपेक्षाकृत उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिन बेटियों को अच्छे अंक मिले हैं, उन्हें बधाई। उनके परिजनों को बधाई। उनके गुरुजनों को बधाई। अभी कुछ ही दिनों में महाराष्ट्र बोर्ड, सीबीएसई और आईसीएसई के परिणाम आने वाले हैं। एमपी बोर्ड के नतीजे पहले ही आ चुके हैं।

ज्यादा अंक पाने वाले परीक्षार्थियों के घरों में भी इस बात का तनाव है कि उन्हें और अधिक नंबर क्यों नहीं मिले। मेरी अपनी पढ़ाई उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित विद्यालय से हुई है। तब परीक्षाफल घोषित होने के दिन उल्लास होता था। कुछ फेल होते थे कुछ पास, लेकिन शैक्षिक वातावरण तनावपूर्ण नहीं होता था। इधर 20-25 वर्षों में जो उत्तीर्ण हैं, वे भी रुआंसे हैं कि और अधिक अंक क्यों नहीं मिले। जो फेल हो गए हैं, उनके घर वाले सारा दोष बच्चों पर ही डाल रहे हैं।

विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना जरूरी है। प्रतिस्पर्धा के कारण तनाव बढ़ता है, इसलिए विद्यालयों में काउंसलिंग की व्यवस्था होनी चाहिए। समय पर सही मार्गदर्शन मिलना आवश्यक है। कौशल आधारित शिक्षा पर भी जोर देना होगा। केवल पारंपरिक पढ़ाई पर्याप्त नहीं है। आईटी, उद्यमिता और कृषि जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण जरूरी है। इससे छात्र आत्मनिर्भर बनेंगे। मूल्य शिक्षा से विद्यार्थियों में नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित होगी।

भारतीय ज्ञान परंपरा अत्यंत समृद्ध रही है। वैदिक काल में शिक्षा जीवन से जुड़ी थी। वेद और उपनिषदों में ज्ञान, विज्ञान और नैतिकता का समन्वय मिलता है। तक्षशिला और नालंदा जैसे विश्वविद्यालय विश्व में प्रसिद्ध थे। यहां दूर-दूर से विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करने आते थे। गुरुकुल परंपरा में गुरु और शिष्य का संबंध गहरा होता था। शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण भी था।

मुगल काल और अंग्रेजी शासन के दौरान इस स्वदेशी शिक्षा व्यवस्था को अपेक्षित संरक्षण नहीं मिला। पारंपरिक संस्थाएं कमजोर हुईं। हमारी मूल ज्ञान परंपरा प्रभावित हुई। आज आवश्यकता है कि हम अपनी इस समृद्ध परंपरा के श्रेष्ठ तत्वों को आधुनिक शिक्षा के साथ जोड़ें। इससे आने वाली पीढ़ी मजबूत, संस्कारित और आत्मनिर्भर बन सकेगी।

अकेले विद्यार्थी ही परीक्षा परिणामों के लिए दोषी नहीं होते। उनकी सफलता या असफलता में आचार्य का भी श्रम अंतर्निहित होता है। इस वर्ष के परिणामों में जहां एक ओर विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण की झलक स्पष्ट दिखाई देती है, वहीं दूसरी ओर शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता भी महसूस होती है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच जो शैक्षिक असमानता है, उसे कम करना समय की मांग है। इसके लिए आवश्यक है कि संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित किया जाए और डिजिटल शिक्षा के माध्यमों को हर छात्र तक पहुंचाया जाए।

घर परिवार के लोग भी उचित वातावरण देने के लिए जिम्मेदार होते हैं। समाज भी व्यापक प्रभाव डालता है। संस्कृति और विद्यालय में पढ़ाई जाने वाले पाठ्यक्रम को भी इस जिम्मेदारी में सम्मिलित किया जाना चाहिए। मूलभूत प्रश्न है कि बच्चों को मिले अंक और तनाव की जिम्मेदारी किस पर डाली जाए। बच्चों पर अनावश्यक दबाव डालने के बजाय उन्हें प्रोत्साहित करना और उनकी रुचियों को समझना अधिक आवश्यक है।

हर विद्यार्थी की क्षमता अलग होती है, और उसी के अनुरूप उसे मार्गदर्शन मिलना चाहिए। असफलता को भी सीखने के अवसर के रूप में स्वीकार करना हमारी शिक्षा संस्कृति का हिस्सा बनना चाहिए। चुनौती बड़ी है। टीवी खोलो तो युद्ध का धुआं है। पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है। जैव विविधता पर संकट है। ग्लोबल वार्मिंग हैं। सारा वातावरण बच्चों को अवसाद की ओर ले जाता है, इसलिए सारा दोष बच्चों पर ही डालना उचित नहीं है। यह विषय गंभीर महत्व का है। इस पर चिंतन होना चाहिए। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# घुमंतू व वंचित समुदायों में शिक्षा से जुड़ाव बेहद कम

भारत में घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदायों की स्थिति पर नीति आयोग और यूनेस्को जैसी संस्थाओं की रिपोर्ट बताती है कि इन समुदायों के बच्चों का नामांकन और निरंतर शिक्षा से जुड़ाव बेहद कम है। राष्ट्रीय स्तर पर देखा जाए तो भारत में प्राथमिक स्तर पर नामांकन दर लगभग 95 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है, लेकिन घुमंतू समुदायों के बच्चों में यह दर कई क्षेत्रों में 60 से 70 प्रतिशत तक ही सीमित रह जाती है। वहीं ड्रॉपआउट दर सामान्य आबादी में जहां माध्यमिक स्तर पर लगभग 12–15 प्रतिशत है, वहीं घुमंतू और प्रवासी परिवारों में यह 40 प्रतिशत से भी अधिक पाई जाती है।



निकिता
एक्टिविस्ट

इनकी भूमि के पट्टे आज भी कागजों और अदालतों में उलझे हुए हैं। इस अस्थिरता के कारण लोग अपने घर, भविष्य और बच्चों की शिक्षा को लेकर आश्वस्त नहीं हो पाते हैं। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रवासी और घुमंतू परिवारों के लगभग 30 प्रतिशत बच्चों के पास बुनियादी पहचान के दस्तावेज नहीं होते, जिससे उनका स्कूल में नामांकन बाधित होता है।

पलायन और घुमंतू समुदाय की सबसे बड़ी समस्या उनकी पहचान की होती है। स्थाई निवास नहीं होने के कारण, उनके बच्चों के पास जन्म प्रमाण पत्र, आधार या जाति प्रमाण पत्र नहीं होते, जिससे वे सरकारी योजनाओं और स्कूलों में प्रवेश से वंचित रह जाते हैं। बाबा रामदेव नगर बस्ती में भी यही स्थिति देखने को मिलती है, जिसकी वजह से यहां के अधिकतर बच्चों का स्कूल में दाखिला नहीं हो पाता। इसके अलावा, शिक्षा के ढांचे की कमी भी एक बड़ी समस्या है।

> भारत में घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदायों की स्थिति पर नीति आयोग और यूनेस्को जैसी संस्थाओं की रिपोर्ट बताती हैं कि इन समुदायों के बच्चों का नामांकन और निरंतर शिक्षा से जुड़ाव बेहद कम है। भारत में प्राथमिक स्तर पर नामांकन दर लगभग 95 प्रतिशत तक ही पहुंच सकी है।

आर्थिक तंगी भी शिक्षा में एक बड़ी बाधा है। कई परिवारों के लिए रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना ही चुनौती है, ऐसे में बच्चों को स्कूल भेजना उनके लिए अतिरिक्त बोझ बन जाता है। बच्चों, खासकर लड़कियों, को घर के कामों और मजदूरी में लगना पड़ता है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार भारत में बाल मजदूरी की समस्या का एक बड़ा हिस्सा प्रवासी और घुमंतू परिवारों से आता है, जहां लगभग 10 मिलियन बच्चे किसी न किसी रूप में काम कर रहे हैं। यह आंकड़ा बताता है कि शिक्षा और आजीविका के बीच बच्चों को अक्सर कठिन चुनाव करना पड़ता है।

कोविड महामारी ने इस स्थिति को और खराब कर दिया। इस दौरान स्कूल बंद हो गए और ऑनलाइन शिक्षा का विकल्प उन बच्चों के लिए लगभग असंभव था, जिनके पास न तो स्मार्टफोन थे और न ही इंटरनेट की सुविधा। वर्ल्ड बैंक के अनुसार महामारी के कारण भारत में लगभग 247 मिलियन बच्चों की शिक्षा प्रभावित हुई और इनमें से बड़ी संख्या प्रवासी और गरीब परिवारों की थी। इस पूरी स्थिति को देखते हुए यह स्पष्ट होता है कि शिक्षा पर कई स्तरों पर समस्याओं का पहरा है, जिनमें पहचान की कमी, आर्थिक तंगी, असुरक्षित माहौल, सामाजिक सोच और कमजोर शैक्षिक ढांचा प्रमुख है। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# 'साइलेंट किलर' बन रही है लू

भारत में लू अब एक गंभीर मौसमी आपदा के रूप में उभर रही है, जिसे विशेषज्ञ 'साइलेंट किलर' का नाम दे रहे हैं, क्योंकि यह बिना शोर मचाए शरीर का पानी सोख लेती है और जीवन पर भारी पड़ जाती है। इस अदृश्य आफत का सबसे क्रूर वार बुजुर्गों, मासूम बच्चों, गर्भवती महिलाओं, बीमार व्यक्तियों, दिहाड़ी मजदूरों, झोपड़ी-पट्टी में रहने वाले परिवारों और बेघर लोगों पर होता है।

असंगठित क्षेत्र में खुले आसमान के नीचे पसीना बहाने वाले श्रमिकों के लिए तो हर दोपहर जानलेवा साबित हो सकती है। लगातार बढ़ता तापमान शरीर की कार्यप्रणाली को झकझोर देता है और समय पर उपचार न मिले तो स्थिति कुछ ही पलों में गंभीर हो जाती है। गर्मी सहने की भी एक सीमा होती है और जब पारा उस सीमा को लांघता है, तो इंसानी सेहत के साथ-साथ देश की उत्पादकता भी झुलसने लगती है, इसलिए हीट वेव से बचाव और जोखिम न्यूनीकरण की तैयारी अब विलासिता नहीं, जीवन की अनिवार्य शर्त बन चुकी है।



डॉ. नंद किशोर
लेखक

उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, कानपुर की कार्यशाला में विशेषज्ञों ने साफ किया कि तेज बुखार, लगातार उल्टी और दस्त लू के प्रमुख लक्षण हैं। ऐसी स्थिति में घबराने के बजाय तत्काल राहत के उपाय करें। भीगे गमछे या तौलिए को सिर पर रखें, चेहरे को ठंडे पानी से बार-बार पोछें। आम का पना, सत्तू का घोल, नारियल पानी, ओआरएस और ग्लूकोज का नियमित सेवन शरीर में खोए हुए लवण और पानी की भरपाई करता है। लू के प्रकोप को थामने का सबसे सरल मंत्र है कि प्यास न लगे तब भी थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पीते रहें।

तरबूज, खरबूजा, खीरा, ककड़ी जैसे फलों और बेल, सौंफ, पुदीना, धनिया के शर्बत, छाछ, लस्सी, नींबू पानी को दिनचर्या में शामिल करें। हल्के रंग के, ढीले सूती कपड़े पहनें और दोपहर 12 से तीन बजे के बीच सीधी धूप में निकलने से बचें। बाहर जाना जरूरी हो तो छाता, गमछा, पानी की बोतल और टोपी को अपना सुरक्षा कवच बना लें। बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं पर विशेष नजर रखना बेहद जरूरी है।

अगर बच्चे के पेशाब का रंग गहरा हो रहा है, तो यह डिहाइड्रेशन का स्पष्ट संकेत है। उन्हें लगातार पानी पिलाएं। पास में पानी होने पर हम अनजाने में भी घूंट-घूंट पीते रहते हैं। किसी भी हालत में बच्चों या पालतू जानवरों को धूप में खड़ी गाड़ी में अकेला न छोड़ें। लगातार धूप और लू के थपेड़े किडनी तक को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

खेतों में काम करने वाले किसानों और खुले में काम करने वाले श्रमिकों के लिए खतरा दोगुना है। कार्यस्थल पर ठंडा जल उपलब्ध कराना, भारी काम सुबह या शाम के ठंडे पहर में कराना और दोपहर में छायादार विश्राम सुनिश्चित करना मालिकों की नैतिक जिम्मेदारी है। शराब, चाय, कॉफी, कोल्ड ड्रिंक और बासी-भारी भोजन से परहेज करें, क्योंकि ये शरीर को निर्जलित करते हैं। खाना पकाने के लिए हवादार जगह चुनें। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# राजनीति की दशा-दिशा बदलने की युवा सोच

शरीर के मुकाबले सोच युवा हो तो जमाना कभी नहीं गुजरता। हर दिन नया करना और सीखना ही जिंदगी जीने का दूसरा नाम है। इंजीनियरिंग, चिकित्सा, कानून, उद्यम से अलग राजनीतिक में भी भविष्य बनाने का जज्बा युवाओं में कम नहीं है। सोच राजनीति की दशा और दिशा बदलने की है। वैसे, दक्षिण एशिया के दो प्रमुख युवाओं के नाम इन दिनों चर्चा में हैं। हाल ही में टाइम मैगजीन की 2026 की 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में दक्षिण एशिया के दो प्रमुख युवा नेताओं को शामिल किया गया। दोनों अपने-अपने देशों में सबसे युवा प्रधानमंत्री के रूप में उभरे हैं। एक हैं बालेन शाह और दूसरे हैं तारिक रहमान। बीते दिनों जहां बालेन शाह नेपाल के सबसे युवा प्रधानमंत्री बने, वहीं तारिक रहमान ने भी बतौर सबसे युवा प्रधानमंत्री बांग्लादेश का नेतृत्व संभाला है।

> युवा वर्ग करप्शन फ्री इंडिया चाहता है और इन्हीं में से एक समूह वर्तमान राजनीतिक हालात पर असंतोष जताता है, तो हमारी यह जिम्मेदारी बनती है कि उसे राजनीति की अच्छाई से अभी अवगत कराया जाए। कुछ अलग पॉजिटिव-क्रिएटिव करने को उत्साहित करें।

जमीनी हकीकत यह है कि लोकतांत्रिक देशों में राजनीतिक दलों के बिना सरकार का कोई अस्तित्व नहीं है। युवा नेतृत्व से राजनीति की दशा और दिशा बदल सकती है। कठिन परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता युवा वर्ग की पहचान कराती है। अपने देश में अगर युवा वर्ग करप्शन फ्री इंडिया चाहता है और इन्हीं में से एक समूह वर्तमान राजनीतिक हालात पर असंतोष जताता है, तो हमारी यह जिम्मेदारी है कि उसे राजनीति की अच्छाई से अभी अवगत कराया जाए। राजनीति में परिवारवाद एवं जातिवाद के ही पहलू से अलग कुछ पॉजिटिव-क्रिएटिव कर गुजरने को उत्साहित करें।



अजय दयाल
हल्द्वानी

आंकड़ों पर गौर करें, तो पाएंगे कि भारत विश्व की सबसे बड़ी युवा जनसांख्यिकी (15-29 वर्ष) वाला देश है, जिसमें लगभग 35 करोड़ से अधिक युवा आबादी है। हालिया रिपोर्ट (2025-26) के अनुसार, मेरा युवा भारत पोर्टल पर 35 लाख से अधिक युवा पंजीकृत हैं। यह युवा शक्ति देश के लगभग 36 प्रतिशत सकल राष्ट्र आय में योगदान भी दे रही है।

अगर राजनीतिक और सामाजिक सहभागिता पर चर्चा करें तो पाते हैं कि लगभग 30 प्रतिशत युवा सक्रिय राजनीति से दूरी बनाए हुए हैं, जबकि 25 प्रतिशत बिना किसी दल से जुड़े राजनीतिक चर्चाओं में भाग लेते हैं। केवल 11 प्रतिशत ही किसी राजनीतिक दल के सक्रिय सदस्य हैं। राजनीति के मुकाबले उद्यमशीलता में दिलचस्पी रखने वाले युवाओं की गणित भी समझिए। 49 प्रतिशत युवा सामाजिक उद्यमी बनना चाहते हैं, लेकिन 58 प्रतिशत को फंडिंग और 39 प्रतिशत को सही मार्गदर्शन की आवश्यकता महसूस होती है। जनसांख्यिकीय आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2021 में कुल जनसंख्या में 15-29 वर्ष के युवाओं की हिस्सेदारी 27.2 प्रतिशत थी, जो 2036 तक घटकर 22.7 प्रतिशत होने का अनुमान है। सर्वेक्षण कहते हैं कि युवा पारंपरिक राजनीति के बजाय मुद्दों पर आधारित राजनीति में अधिक रुचि रखते हैं।


इसके अतिरिक्त, बेरोजगारी और सरकारी नौकरियों में अनियमितताएं युवाओं में बैठी चिंताएं हैं, जो उन्हें मुख्यधारा की राजनीति से दूर करती हैं।

वैश्विक राजनीति में युवा नेतृत्व एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है, जहां युवा अब केवल वोटर नहीं, बल्कि नीति-निर्माता और परिवर्तन के वाहक के रूप में भी आगे आ रहा है। यह परिदृश्य पारंपरिक राजनीति से आधुनिक और नवीन दृष्टिकोण की ओर बढ़ रहा है। वैश्विक परिदृश्य का आकलन करें, तो देखेंगे कि युवाओं की राजनीतिक भागीदारी तो बढ़ी है और बतौर जनप्रतिनिधि ऐसे युवा जलवायु परिवर्तन, शिक्षा, रोजगार और सतत विकास जैसे मुद्दों पर सक्रिय रूप से काम भी कर रहे हैं। इसी कड़ी में यह जोड़ना आवश्यक है कि दुनिया भर में 30-40 वर्ष की आयु वाले युवा शीर्ष पदों पर पहुंच रहे हैं।

उदाहरण के लिए, फिनलैंड में सना मरीन (34 वर्ष में पीएम), न्यूजीलैंड में जसिंडा आर्डन (37 वर्ष में पीएम) और डेनमार्क में मेटे फ्रेडरिकसन (41 वर्ष में पीएम) ने युवा नेतृत्व की क्षमता को दर्शाया है। इतना ही नहीं, संयुक्त राष्ट्र ने भी शासन और नीति-निर्माण प्रक्रियाओं में युवाओं की भागीदारी को औपचारिक रूप से मान्यता दी है, जो 2030 के एजेंडे को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण है। गहराई से देखें तो, 15-25 वर्ष की आयु के लोग दुनिया की आबादी का पांचवां तो हैं, फिर भी वैश्विक स्तर पर सांसदों की औसत आयु 53 वर्ष है।

# 'परहित सरिस धर्म नहिं भाई, पर पीड़ा सम नहिं अधमाई'

'मनुष्य के रूप में जन्म क्यों मिला?' इस विषय पर प्राचीन से लेकर अद्यतन विमर्श होते चले आ रहे हैं। शास्त्रों से लेकर व्याख्यान-कार्यक्रमों में अलग-अलग ढंग से इस विषय पर प्रकाश डाले जाते हैं। मूलतः हर कोई 'परहित सरिस धर्म नहिं भाई, पर पीड़ा सम नहिं अधमाई' के आसपास ही अपना मत रखता है। पर-पीड़ा का अर्थ तो एक सीमित दायरे तक रखा जाता है, जिसमें दूसरों के साथ छल-कपट न करना, असत्य न बोलना, पराई संपत्ति एवं पराए ढंग का संबंध न स्थापित करना तथा अनुचित आहार न ग्रहण करना आदि तक ही है, लेकिन पर-हित की अनन्त व्याख्याएं की जाती हैं, जिसमें दूसरों की मदद करना, असक्षम लोगों को धन, वस्त्र, अनाज आदि का दान करना, संतों की सेवा करना, मंदिर आदि का निर्माण करना।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

वर्ष पर्यंत जितने तीज-त्योहार पड़ते हैं, सब में दान को मुख्य स्थान दिया गया है। मौसम के अनुसार दान की वस्तुओं का उल्लेख भी है। गर्मी के दिनों में शीतलता वाले पदार्थों के दान एवं शीत-ऋतु में गर्म कपड़े दान करने से पुण्य मिलने की बात कही गई है। इसी कड़ी में 'वसुधैव कुटुंबकं' का जिक्र किया गया है। यहां गौर करने वाली बात यह है कि 'कुटुंब' शब्द का अर्थ बहुत गहरा है। कुटुंब में पेड़-पौधे, नदी-ताल-तलैया, धरती-आकाश, पर्वत-झरने सब आते हैं। कुटुंब शब्द की व्यापकता को देखते हुए यहां 'परिवार' शब्द का प्रयोग नहीं किया गया, क्योंकि परिवार में रक्त-संबंधों से जुड़े लोग ही आते हैं।

इसे थोड़ा और व्यापक इतना ही किया जा सकता है कि यदि परिवार में कोई अन्य ऐसा व्यक्ति जो काफी घनिष्ठ हो गया हो, उसके लिए 'परिवार जैसे सदस्य' का प्रयोग तो किया जा सकता है लेकिन विधि-सम्मत स्थानों में तो माता-पिता, पुत्र, पुत्रवधू तथा अविवाहित पुत्री को ही परिवार के सदस्य के रूप में माना जाता है। इस तरह परिवार से ज्यादा बड़ा दायरा कुटुम्ब का होता है। कुटुंब की गहराई को देखा जाए, तो प्रकृति को भी कुटुंब की श्रेणी में लिया जाएगा, इसीलिए हर धार्मिक अनुष्ठानों में पृथ्वी, जल, अग्नि, औषधियों, सूर्य, चंद्रमा, तारे-सितारे, नदी-झरने, ग्रह-नक्षत्र यदि की अनुकूलता के लिए मंत्र पढ़े जाते हैं।


(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# हर साल एक अरब टन खाना बर्बाद कर डालते हैं हम

विश्व में हम हर साल करीब एक अरब टन खाने योग्य भोजन को बर्बाद कर डालते हैं। इस भोजन से करोड़ों लोगों का पेट भर सकता है, लेकिन हमारी लापरवाही से यह बर्बाद हो जाता है। भोजन की बर्बादी का यह आंकड़ा हाल में संयुक्त राष्ट्र ने जारी किया है, जो बेहद चिंताजनक और सोचने पर मजबूर करने वाला है। दुनिया भर में जब लोग भोजन को बर्बाद कर रहे होते हैं, तब करोड़ों लोग रात को भूखे पेट सोने पर मजबूर होते हैं। बड़ा सवाल यह है कि क्या इन हालात में हमें भोजन की बर्बादी रोकने के लिए संकल्पबद्ध हो कर काम नहीं करना चाहिए?



कहते हैं कि इंसान की असली पहचान उसकी थाली से होती है। एक इंसान क्या खाता है और कितना बचाता है, लेकिन आज हमारी थालियां हमारी संवेदनहीनता का आईना बनती जा रही हैं। हम जरूरत से ज्यादा परोस लेते हैं, फिर आधा खाकर छोड़ देते हैं। ऐसा करते हुए हम यह भूल जाते हैं कि जो रोटी हम छोड़ रहे हैं, वह किसी और की भूख मिटा सकती है।



अमरपाल सिंह वर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

अगर हमारे देश भारत के संदर्भ में इसे देखें, तो विरोधाभासी तस्वीर सामने आती है। एक ओर जहां हम 'अन्न को देवता' मानने की बात कहते नहीं थकते, वहीं दूसरी ओर विवाह-शादियों, धार्मिक आयोजनों, जन्मदिन की पार्टियों और अन्य अवसरों पर बड़े आयोजनों में भोजन को बर्बाद करते हैं। बड़े-बड़े पंडालों में बचे हुए खाने के ढेर हम प्रायः रोजाना ही देखते हैं। हम लोग प्लेट में जरूरत से ज्यादा खाना लेते हैं, थोड़ा खाते हैं और बाकी यूं ही छोड़ देते हैं, जैसे उसका कोई मूल्य ही न हो।

गांवों और कस्बों में किसी कार्यक्रम के बाद खाना कूड़े में फेंक दिया जाता है, जबकि उसी गांव-कस्बों में कुछ घर ऐसे भी होते हैं, जहां रात का चूल्हा नहीं जलता। इससे हमारी सोच परिलक्षित होती है। आंकड़े बताते हैं कि बर्बाद हुए भोजन का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा हमारे घरों से आता है। जाहिर है, हम अपनी थाली में अनजाने या लापरवाही से भोजन को बर्बाद कर रहे हैं। भोजन की बाकी 40 प्रतिशत बर्बादी खराब प्रबंधन और योजना की कमी के कारण बाजार, होटल, रेस्टोरेंट और सप्लाई सिस्टम में होती है।

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के आंकड़ों के अनुसार भारत में सालाना करीब 7.82 करोड़ टन खाना बर्बाद कर दिया जाता है। देश का हर व्यक्ति साल में 55 किलोग्राम खाना बेकार कर देता है, जिसकी कीमत करीब 10.69 लाख करोड़ रुपये होती है। हमें सोचना चाहिए कि भोजन की बर्बादी का दर्द केवल भूख तक सीमित नहीं है। जब हम खाना फेंकते हैं, तो हम उस किसान की मेहनत को भी अनदेखा कर रहे होते हैं, जिसने तपती दुपहरी में खून-पसीना एक किया होता है। साथ ही, उस पानी को भी बर्बाद करते हैं जो सिंचाई में लगता है और उस ऊर्जा की भी अनदेखी कर देते हैं, जो इसे हमारी थाली तक लाने में खर्च होती है। इतना ही नहीं, जब यही खाना कचरे में सड़ता है, तो वह पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाता है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा हर साल 30 मार्च को 'शून्य भोजन बर्बादी दिवस' मनाया जाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि भोजन केवल उपभोग की वस्तु नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है। इस मौके पर हम रस्म अदायगी करते हैं, लेकिन इसके तुरंत बाद अप्रैल में होने वाली शादियों के मौके पर भोजन को बर्बाद करने में जुटे दिखते हैं। सवाल उठता है कि हम लोग आखिर क्यों इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लेते हैं? हममें से कितने ही लोग घर पर भोजन मांगने आए व्यक्ति को दुत्कार कर भगा देते हैं, मगर थाली में भोजन बेकार करके फेंकते हुए हमारा मन विचलित नहीं होता।

सवाल उठता है कि एक गंभीर मुद्दे के प्रति हम उदासीन क्यों हैं? आखिर हमें भोजन को बर्बाद करके मिलता क्या है? क्या यह इतना कठिन काम है, जिसे हम कर ही नहीं सकते? इन सवालों का एक ही जवाब है-हमारी सोच की कमी। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# संदिग्ध हालात में पत्नी की मौत, हत्या के आरोप से आहत पति ने दी जान

## एक घंटे में ही उजड़ गया घर, 10 माह के पुत्र के सिर से उठा माता-पिता का साया

फतेहपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** तालाब में डूबने से महिला की मौत को लेकर हत्या का आरोप लगने से आहत पति ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों घटनाएं एक घंटे के अंतराल में हुईं। पति ने सुसाइड नोट में अपना दर्द बयां किया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरु कर दी है।

घटना कोतवाली क्षेत्र के हजरतपुर बिलौली गांव में शनिवार को हुई। यहां के दिव्यांग कुलदीप (30) का विवाह करीब दो वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र के ग्राम कटघरा की निशा चौहान (27) से हुआ था। कुलदीप पत्नी के साथ जबकि उनकी मां दयावती व भाई दिवाकर अलग-अलग घरों में निवास करते हैं। बताया जा रहा कि कुलदीप कुछ दिनों से मां द्वारा दी गई जगह पर एक कोठरी की मरम्मत करा रहा था। इसी सिलसिले में शनिवार सुबह वह पत्नी निशा के साथ गांव के तालाब से मिट्टी लाने गया था। इसी दौरान निशा की तालाब में डूबकर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। निशा की मौत की खबर पाते ही मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और कुलदीप पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। यही नहीं, मृतका के भाई ने पुलिस को तहरीर देकर बहन की हत्या की आशंका भी जता दी। इसी बीच कुलदीप अचानक वहां से कहीं चला गया। करीब एक घंटे बाद फैली खबर ने सनसनी मचा दी। कुलदीप का शव उसके ही घर में ही रस्सी के सहारे फंदे से लटकता मिला। कोतवाल अमित भदौरिया के अनुसार शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन। ● अमृत विचार


दंपति की फाइल फोटो।

### कुलदीप ने सुसाइड नोट में बयां किया दर्द

शव के पास सुसाइड नोट मिला, जिसमें कुलदीप ने लिखा कि निशा के साथ क्या हुआ, उसे नहीं पता। तमाम झगड़े के बावजूद उसने निशा को कुछ नहीं कहा। अब छोटू कह रहे कि तुम इसकी मौत के जिम्मेदार हो। मैं यह कलंक लेकर नहीं जीना नहीं चाहता। बड़े भैया, मेरे बेटे व मां का ख्याल रखना। अम्मा मुझे माफ करना। आशंका है कि पत्नी की मौत का आरोप सीधे उसे पर मढ़ने से आहत कुलदीप ने मौत को गले लगा लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अनाथ हुआ अबोध बालगोविंद

कुलदीप शारीरिक रूप से दिव्यांग लेकिन मेहनत-मजदूरी के साथ इलेक्ट्रिक कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। दंपती का एक 10 माह का पुत्र बालगोविंद है, जिसके सिर से एक ही घंटे में माता-पिता का साया उठ गया। ग्रामीणों के अनुसार, कुलदीप और उसकी पत्नी के बीच आए दिन विवाद होता रहता था। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

# अवैध ज्वाइनिंग पर एसटीएफ जांच, वेतन वसूली के आदेश

**बाराबंकी अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने बाराबंकी के सिटी इंटर कॉलेज में शिक्षक की अवैध पुनर्नियुक्ति को गंभीरता से लेते हुए कड़ा रुख अपनाया है। न्यायालय ने पूरे मामले की जांच स्पेशल टास्क फोर्स से कराने के निर्देश दिए हैं और संबंधित शिक्षक को दिए गए वेतन की वसूली का आदेश भी दिया है।

मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने जिला विद्यालय निरीक्षक, कॉलेज प्रशासन और संबंधित शिक्षक की भूमिका पर सवाल उठाए। कोर्ट ने रिकॉर्ड में संभावित गड़बड़ी और भ्रामक जानकारी दिए जाने की आशंका जताते हुए डीआईओएस के तत्काल स्थानांतरण का निर्देश दिया। साथ ही, अयोध्या मंडल के तत्कालीन संयुक्त शिक्षा निदेशक के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। मामला कॉलेज की प्रबंध समिति द्वारा दायर याचिका से जुड़ा है। जांच में सामने आया कि शिक्षक अभय कुमार को प्रबंध समिति की अनुमति के बिना दोबारा कार्यभार ग्रहण करा दिया गया, जो नियमों के विपरीत है। तथ्यों के अनुसार, अभय कुमार की नियुक्ति वर्ष 2018 में सहायक शिक्षक के रूप में हुई थी। बाद में उन्होंने जून 2024 में छत्तीसगढ़ स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में नई नौकरी ज्वाइन कर ली, लेकिन इसके लिए पूर्व संस्थान से अनुमति नहीं ली। जब उन्होंने पुराने पद पर बने रहने की मांग की, तो प्रबंध समिति ने इसे अस्वीकार कर दिया। इसके बावजूद, सितंबर 2025 में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के निर्देश पर उन्हें पुनः ज्वाइन करा दिया गया और अक्टूबर माह का वेतन भी जारी कर दिया गया। न्यायालय ने इस पूरी प्रक्रिया को अवैध बताते हुए स्पष्ट किया कि ऐसी पुनर्नियुक्ति का कोई वैधानिक आधार नहीं है। मामले में अगली सुनवाई 28 मई को निर्धारित है।

कालेज के प्रबंधक सरदार आलोक सिंह का कहना है कि प्रबंध समिति के खिलाफ संगठित गिरोह की भांति काम हो रहा था। उच्च न्यायालय का आदेश मनमानी पर रोक लगाने वाला है।

जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी ने बताया कि शासन स्तर से जो निर्णय लिया जाएगा, वह स्वीकार्य है। कॉलेज प्रकरण में जो भी आदेश निर्देश हुए, वह लिखा पढ़ी में और विधिसम्मत हैं।

### नपं अध्यक्ष एसो. ने डीएम से की शिष्टाचार भेंट


डीएम का स्वागत करते जिला चेयरमैन संघ अध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर पंचायत अध्यक्ष एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने नवनियुक्त जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह से शिष्टाचार भेंट कर उनका पुष्पगुच्छ व भगवान की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल में जिला चेयरमैन संघ अध्यक्ष राम शरण पाठक, रामसनेहीघाट चेयरमैन ज्ञान प्रकाश, देवा चेयरमैन हारून वारसी, सतरिख चेयरमैन रेहान कामिल, दरियाबाद चेयरमैन प्रतिनिधि मोहम्मद इमरान खान, बकी नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि आलोक तिवारी, हैदरगढ़ चेयरमैन तथा जिला चेयरमैन संघ के महामंत्री एवं फतेहपुर चेयरमैन इरशाद अहमद कमर शामिल रहे। बैठक में जनपद के विकास कार्यों, नगर निकायों की समस्याओं और जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि नगर पंचायतों के विकास और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रशासन पूरी गंभीरता से कार्य करेगा। इसी क्रम में समाजसेवी व भाजपा नेता गौरीकांत दीक्षित ने नवागत जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट कर गुलदस्ता व राधे-कृष्ण का फटका भेंट कर स्वागत किया।

### भूसा दान महादान अभियान को लेकर डीएम की अपील

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद में 111 अस्थायी व स्थायी गोवंश आश्रय स्थलों में कुल 25,056 निराश्रित व बेसहारा गोवंशों का संरक्षण एवं भरण-पोषण किया जा रहा है। उन्होंने भूसा दान महादान अभियान के तहत जनपदवासियों से अधिक से अधिक भूसा दान करने की अपील की है। डीएम ने ग्राम प्रधानों, कृषकों, पशुपालकों, भूसा विक्रेताओं, समाजसेवी संस्थाओं, व्यापारियों, उद्योगपतियों एवं आम नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने निकटतम गोवंश आश्रय स्थलों पर स्वेच्छा से भूसा दान करें। 50 कुंतल से अधिक भूसा दान करने वाले व्यक्तियों व संस्थाओं को जनपद स्तर पर सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसी भी सहयोग या समन्वय के लिए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विनोद कुमार से संपर्क किया जा सकता है। साथ ही जिला अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल संरक्षण एवं प्रबंधन समिति बाराबंकी के नाम से बैंक ऑफ इंडिया, जिला पंचायत भवन शाखा में संचालित खाते में भी दान राशि जमा की जा सकती है।

# जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की पहली बैठक संपन्न

**बाराबंकी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ जिला शाखा के त्रैवार्षिक अधिवेशन के पश्चात जिला कार्यकारिणी पदाधिकारियों की पहली बैठक गांधी भवन में सम्पन्न हुई। पदाधिकारियों के स्वागत के बाद शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर विचार हुआ।

जिला महामंत्री मो इखलाक़ ने कार्यक्रम के एजेंडे पर चर्चा की। वहीं मंडलीय संयुक्त मंत्री अर्जुन प्रसाद ने शिक्षकों के चयन वेतनमान लंबित रहने पर नाराज़गी व्यक्त की। विभाग में शिक्षकों की समस्याओं को अधिकारी कई स्तर पर लटकाए रहने पर ज़िलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने कहा कि अगर समस्याएं जल्दी हल नहीं हुई तो अधिकारियों का घेराव करने से भी संगठन गुरेज नहीं करेगा। कहा कि चयन वेतनमान पर अप्रैल के वेतन की प्रतीक्षा है अगर इस बार लेखा कार्यालय ने कोई हीला हवाली की तो 6 मई को संगठन लेखा कार्यालय घेर कर समस्या का समाधान होने तक नहीं जाएगा। बैठक में मंडलीय उपाध्यक्ष जगदीश कुमार मिश्र, संयुक्त मंत्री अर्जुन प्रसाद, मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह एवं ज़िला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनीत राय, उपाध्यक्ष सनाउल मुस्तफा, इमामुद्दीन अंसारी और कामराज, मंत्री सत्यदेव सिंह, संयुक्त मंत्री अर्चना बैसवार, हर्षिता पाल, विनोद कुमार वर्मा, शारदा, संगठन मंत्री मायाराम उपस्थित रहे।

### सार्वजनिक पुस्तकालय अधिनियम लागू किया जाए

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सांसद तनुज पुनिया ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर उप्र सार्वजनिक पुस्तकालय अधि. को लागू कराने की मांग की।


तनुज पुनिया, सांसद।

उन्होंने कहा कि यह अधिनियम ग्रामीण व वंचित युवाओं को निःशुल्क ज्ञान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बना था, लेकिन वर्षों बाद भी इसका क्रियान्वयन नहीं हो सका और अधिकांश पुस्तकालय बंद या जर्जर हैं। सांसद ने अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला पुस्तकालय प्राधिकरण के गठन, पुस्तकालय निधि सृजन हेतु उपकर लागू करने, डिजिटल संसाधनों का एकीकरण व पुस्तकालय विज्ञान में प्रशिक्षित कार्मिकों की नियुक्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

# आठ केन्द्रों पर हुई होमगार्ड परीक्षा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** होमगार्ड परीक्षा का शनिवार को आगाज हो गया। निर्धारित आठ केन्द्रों पर परीक्षा देने के लिए अभ्यर्थी पहुंचे। भीषण गर्मी से खुद को बचाते हुए परीक्षार्थी केन्द्रों पर पहुंचे, जहां सघन तलाशी के बाद ही प्रवेश मिला। पहले दिन करीब छह हजार अभ्यथी शामिल हुए।

होमगार्ड परीक्षा शनिवार से शुरु होकर रविवार व सोमवार को भी होगी। कुल परीक्षार्थियों की संख्या 17856 है, जो प्रतिदिन दो पालियों में उपस्थित होंगे। सभी केन्द्रों को मिलाकर कुल 198 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। शनिवार को परीक्षा का पहला दिन रहा। दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से निपटी। इस बीच जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।


एक परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

**पीआरवी ने अभ्यर्थी को पहुंचाया केंद्र :** परीक्षा देने आयी युवती गलती से राजकीय बालिका इण्टर कालेज हरख रोड सतरिख पहुंच गई, जबकि उसका केन्द्र थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत राजकीय बालिका इण्टर कालेज रहा। पीआरवी टीम को काल कर युवती ने बताया कि टाइम की कमी होने के कारण वह केन्द्र पर पहुंचने में असमर्थ है। इस पर पीआरवी 5481 के कर्मचारियों ने अल्प समयावधि में मौके पर पहुंचकर कॉलर को समय से उसके परीक्षा केन्द्र पर पहुंचाया गया, जिससे कॉलर समय से परीक्षा केन्द्र पर पहुंचकर परीक्षा में शामिल हो सकी।

### आधार से बढ़ी आय, पंचायत सहायक सम्मानित


पंचायत सहायक को किया गया सम्मानित। ● अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** बनीकोडर विकासखंड की ग्राम पंचायत भानपुर में पंचायत सहायक राजेश कुमार ने आधार कार्ड सेवा के जरिए ग्रामीणों को सुविधा देने के साथ पंचायत की आय बढ़ाने में अहम योगदान दिया है। निदेशालय पंचायती राज की परीक्षा उत्तीर्ण कर अधिकृत आईडी मिलने के बाद उन्होंने जनपद में सर्वाधिक सेवाएं प्रदान कीं, जिससे प्राप्त शुल्क पारदर्शिता के साथ पंचायत के ओएसआर खाते में जमा किया जा रहा है। तीन माह में ही 22,825 रुपये की धनराशि खाते में जमा हो चुकी है। उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें विकासखंड मुख्यालय पर बीडीओ शिव जीत ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान एडीओ पंचायत शैलेंद्र दुबे समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि इसी तरह प्रयास जारी रहे तो भानपुर जल्द ही आदर्श एवं आत्मनिर्भर पंचायत बनेगी।

# विक्रेता का लाइसेंस निलंबित

- उर्वरक व कीटनाशक बिक्री केंद्रों का जेडी ने किया औचक निरीक्षण

**बाराबंकी: अमृत विचार :** संयुक्त निदेशक (जेडी) कृषि अयोध्या मंडल एके मिश्रा ने शनिवार को जनपद के उर्वरक व कीटनाशक बिक्री केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने दो उर्वरक बिक्री केंद्रों, दो उर्वरक विनिर्माण इकाइयों व एक कीटनाशक विनिर्माण इकाई की जांच की। मेसर्स बीएम सेल्स, फुटकर उर्वरक बिक्री केंद्र असेनी मोड़ पर स्टॉक व बिक्री रजिस्टर का मिलान किया गया। कुरौली स्थित मेसर्स नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड केंद्र पर यूरिया बिक्री एवं अभिलेखों की जांच की गई। वंश ग्रुप्स ऑफ कंपनीज एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज लि .की उर्वरक इकाइयों का निरीक्षण कर 3 उर्वरक नमूने लिए गए। मेसर्स समर्थ मान एग्रो केम प्रा.लि. की कीटनाशक इकाई से एक नमूना लिया गया। वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए उर्वरक निरीक्षक देशराज द्वारा हैदरगढ़ व नवाबगंज क्षेत्र के छह बिक्री केंद्रों का निरीक्षण कर दो नमूने लिए गए। जिला कृषि अधिकारी राजित राम ने बताया कि आकाश खाद भंडार सुबेहा द्वारा अधिक मात्रा में यूरिया बिक्री पाए जाने पर उसका उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्र निलंबित कर जांच के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान संयुक्त कृषि निदेशक ने सभी विक्रेताओं को रेट व स्टॉक बोर्ड लगाने, निर्धारित मूल्य पर बिना टैगिंग के उर्वरक देने व कृषकों का पूर्ण विवरण बिक्री रजिस्टर में दर्ज रखने के सख्त निर्देश दिए।


एक उर्वरक बिक्री केंद्र का निरीक्षण करते संयुक्त कृषि निदेशक। ● अमृत विचार

### तेलंगाना से गायब ट्रक ढाबे पर मिला

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** तेलंगाना से गायब ट्रक को लेकर जारी अलर्ट पर सक्रिय पुलिस को एक ढाबे पर ट्रक खड़ा मिला। पुलिस ने चालक की तलाश शुरू कर दी है। तेलंगाना पुलिस ने एक लापता ट्रक को लेकर अलर्ट जारी किया था। रामसनेहीघाट पुलिस ने हाईवे किनारे जांय अभियान चलाया। मुनमुन ढाबे के पास खड़ा एक ट्रक शक के दायरे में आया। पुलिस ने जब जांच की तो खुलासा हुआ कि यही वह वाहन है जिसकी तलाश तेलंगाना पुलिस को है। जैसे ही पुलिस मौके पर पहुंची, चालक फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर थाने भिजवा दिया और मामले की जांच तेज कर दी गई है।


मेधावी को साइकिल देते विधायक। ● अमृत विचार

### मेधावियों का सम्मान, हाईस्कूल टॉपर्स को मिली साइकिल

**कोठी, बाराबंकी, अमृत विचार :** एमएसवी शिक्षण संस्थान इंटर कॉलेज, बबककरपुर कैसरगंज में शनिवार को यूपी बोर्ड परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं के सम्मान में समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत ने मेधावियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। हाईस्कूल में 95 प्रतिशत अंक पाने वाले अल्तमस व 93 प्रतिशत अंक हासिल करने वाले देवांश को साइकिल भेंट की गई। वहीं छात्रा किरन, अल्फिसा तथा आयुष, शनि धीमान सहित अन्य विद्यार्थियों को भी उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य पंकज कुमार द्विवेदी समेत शिक्षक, अभिभावक व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। विद्यार्थियों ने भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लिया।

### तिथि भोज में बच्चों को परोसा हलवा-पूड़ी



तिथि भोज के तहत हलवा-पूड़ी खाते बच्चे। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पीएम पोषण योजना के तहत शनिवार को विकासखंड बंकी के प्राथमिक विद्यालय बनवा में तिथि भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब बाराबंकी की अध्यक्ष रेनू जैन, उनकी पुत्रवधु प्रतिभा एवं डॉ. रजनी वर्मा ने बच्चों को विशेष भोज कराया। कार्यक्रम में मिड-डे मील के तहत विद्यार्थियों को हलवा-पूड़ी के साथ खीरा, नमकीन, केला, बिस्किट सहित अन्य खाद्य सामग्री वितरित की गई। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भोजन ग्रहण किया। इस दौरान इंचार्ज प्रधानाध्यापिका अजिता श्रीवास्तव, पिंकी त्रिपाठी व विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। विद्यालय परिवार ने इस पहल के लिए अतिथियों का आभार जताया और इसे बच्चों के पोषण व मनोबल बढ़ाने में सहायक बताया।

# तीन वाहन टकराए, 12 घायलों में दो गंभीर

**रफ्तार की मार**

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार को निबहा कट के पास तेज रफ्तार दो कारों और एक पिकअप वाहन में भिड़ंत हो गई। इस हादसे में करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत नाजुक बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, बस्ती जनपद के थाना छावनी क्षेत्र के ग्राम छावनी निवासी एक ही परिवार के लोग कानपुर में आयोजित एक रिसेप्शन समारोह में शामिल होने जा रहे थे।

रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र में सीएनजी भरवाने के बाद जैसे ही कार निबहा कट से हाईवे पर चढ़ी, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि आगे-पीछे चल रही दोनों कारें अनियंत्रित होकर आपस में भिड़ीं और डिवाइडर से जा टकराईं, जबकि पिकअप सड़क किनारे उतर गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

दुर्घटना में 6 वर्षीय मयंक पुत्र पुल्लू और रमेश पुत्र विजय बहादुर गंभीर रूप से घायल हो गए। एम्बुलेंस के पहुंचने में देरी होने पर डायल 112 पुलिस ने घायल मयंक को तत्काल अपनी गाड़ी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। केंद्र अधीक्षक डॉ. रमेश चंद्र ने बताया कि बच्चे की हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

अन्य घायलों में जसवंत, लक्ष्मी, अंजू, आदित्य, विनोद, जगदीश, विकास और व्रज किशोर को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

**राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता** क्वांटम विश्वविद्यालय बनी उपविजेता

# आरएमएलएनयू लखनऊ की टीम विजेता

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सतरिख स्थित टीआरसी लॉ कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय 5वीं टीआरसी राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता 2026 का फाइनल राउंड, सेमीफाइनल एवं पुरस्कार वितरण समारोह के साथ शनिवार को सम्पन्न हुआ।

फाइनल मुकाबले में टीम 08 डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ विजेता रही, जबकि क्वांटम विश्वविद्यालय, उत्तराखंड की टीम उपविजेता घोषित हुई। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र सहित कई विश्वविद्यालयों की 22 टीमों ने प्रतिभाग किया। सेमीफाइनल में टीम 08, टीम 19, टीम 12 एवं टीम 15 के बीच कड़े मुकाबले के बाद टीम 08 और टीम 12 ने फाइनल में प्रवेश किया।

निर्णायक मण्डल में पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंजना पांड्या, चीफ स्टैंडिंग काउंसिल सवित्र वर्धन सिंह, प्रो. (डॉ.) अजय कुमार सिंह एवं एडवोकेट विधि पांड्या शामिल रहे। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की तर्कशक्ति और प्रस्तुति की सराहना करते हुए कानूनी बहस में निरंतर अभ्यास पर जोर दिया।

फाइनल में दोनों टीमों ने संवैधानिक एवं विधिक मुद्दों पर प्रभावी दलीलें प्रस्तुत कीं।

विजेता टीम को 21,000 रुपये नकद, ट्रॉफी, प्रमाण पत्र एवं एससीसी ऑनलाइन का एक वर्ष का निःशुल्क सब्सक्रिप्शन प्रदान किया गया, जबकि उपविजेता टीम को 11,000 रुपये, ट्रॉफी, प्रमाण पत्र एवं सब्सक्रिप्शन दिया गया। बेस्ट रिसर्चर का पुरस्कार टीम कोड 21, बेस्ट स्पीकर टीम कोड 02 तथा बेस्ट मेमोरियल टीम कोड 13 को मिला। कार्यक्रम में कॉलेज अध्यक्ष डॉ. सुजीत चतुर्वेदी, प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार गुप्ता, समन्वयक डॉ. वीर विक्रम सिंह सहित अनेक शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


विजेता टीम को ट्राफी देते अतिथि। ● अमृत विचार

### मेडल व प्रमाण पत्र देकर मेधावियों का बढ़ाया उत्साह


सम्मानित किये गए मेधावी। ● अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** तहसील मुख्यालय स्थित प्रकाश इंटर कॉलेज में शनिवार को विद्यालय के प्रबंधक आरपी यादव एवं संरक्षक पंकज यादव द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हाई स्कूल के मेधावियों युवराज सिंह 93%, हिमांशी 91%, अस्तित्व दीक्षित व अंबरीश प्रभात 90% के साथ ही इंटरमीडिएट के प्रिंस सिंह 91%, मोहम्मद सुफियान 85 .2%, आराधना सिंह 85% व अन्य को मेधावियों को सील्ड, मेडल, प्रमाण पत्र व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि एसडीएम राजेश विश्वकर्मा, वेद वाजपेयी सहित विद्यालय के प्रबंधक आरपी यादव व संरक्षक पंकज यादव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य पीएन पांडे, अनुराग पांडे, दीपचंद शर्मा, विजय शंकर, सौरभ दीक्षित, अतुल शुक्ला, अंकुर त्रिपाठी, अरुण यादव, देवी प्रसाद, डीपी सर, अरविंद यादव, प्रदीप यादव, विकास सिंह, रामकुमार, वंदना श्रीवास्तव, गौरव सिंह, शुभम मिश्रा, सौम्या मिश्रा, आरएस सर, वर्मा जी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

### एक्सिस बैंक का लाभ घटकर 7,071 करोड़ रुपये

**मुंबई।** निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक को वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 7,071 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है जो सालाना आधार पर 0 .6 प्रतिशत कम है। बैंक के निदेशकमंडल की शनिवार सुबह हुई बैठक में वित्तीय परिणामों को मंजूरी प्रदान की गयी। प्रति इक्विटी शेयर एक रुपये के लाभांश के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की।

अमृत विचार
अयोध्या, रविवार, 26 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### टाटा स्टील ने नोटिस के खिलाफ दायर किया पुनरीक्षण आवेदन

**मुंबई।** टाटा समूह की इस्पात कंपनी टाटा स्टील ने झारखंड के रामगढ़ जिला खनन कार्यालय (डीएमओ) के 1,755 करोड़ के नोटिस को चुनौती देते हुए केंद्रीय कोयला मंत्रालय के पास पुनरीक्षण के लिए आवेदन दिया है। कंपनी को यह नोटिस वित्त वर्ष 2000-01 से 2006-07 के बीच उसकी पश्चिमी बोकारो कोयला खदान में तय सीमा से अधिक अयस्क कोयला खनन के लिए जारी किया गया है। आरोप है कि कंपनी ने इस दौरान सीमा से 1,62,40,399 टन ज्यादा अयस्क कोयला निकाला था। इसके लिए उससे 1755 करोड़ 10 लाख 54 हजार 29 रुपये की मांग की गयी है। यह नोटिस उसे 03 अप्रैल को प्राप्त हुआ था जिस पर 30 मार्च की तारीख है। कंपनी ने शुक्रवार देर रात शेयर बाजार को डीएमओ रामगढ़ के नोटिस के खिलाफ दायर आवेदन की जानकारी देते हुए कहा कि इस मांग में अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन किया गया है और इसका कोई तथ्यात्मक आधार नहीं है।

### पेमेंट बैंक पर कार्रवाई का पेटीएम पर कोई असर नहीं : कंपनी

**नयी दिल्ली।** भारत की अग्रणी भुगतान ऐप पेटीएम (वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड) ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) पर भारतीय रिजर्व बैंक की कार्रवाई का कंपनी पर कोई वित्तीय या व्यावसायिक प्रभाव नहीं पड़ेगा। कंपनी ने दोहराया कि बैंकिंग इकाई के साथ उसका कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक समझौता या जोखिम नहीं है। नोएडा स्थित इस दिग्गज फिनटेक कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि पीपीबीएल स्वतंत्र रूप से काम करता है और इसमें पेटीएम का कोई बोर्ड या प्रबंधन हस्तक्षेप नहीं है। पेटीएम और उसकी सेवाएं, बिना किसी रुकावट के चल रही हैं, और आगे भी निर्बाध रूप से जारी रहेंगी।

### एटीसी सेवाओं के प्रस्तावित निजीकरण पर जताई चिंता

**मुंबई।** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरों के निकाय एटीसेपा ने हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) सेवाओं के प्रस्तावित निजीकरण पर चिंता जताई की है। निकाय का कहना है कि एक स्वायत्त नियामक संस्था स्थापित किए बिना प्राधिकरण से नियंत्रण हटाना एक ऐसा नीतिगत निर्णय माना जा सकता है, जो भारत की राष्ट्रीय रणनीतिक क्षमताओं को कमजोर करता है। नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू को 23 अप्रैल को लिखे पत्र में, एयर ट्रैफिक सेफ्टी इलेक्ट्रॉनिक पर्सनल एसोसिएशन (इंडिया) के महासचिव वाई पी गौतम ने कहा कि इस मामले पर उच्चतम नीतिगत स्तर पर तत्काल पुनर्विचार की आवश्यकता है।

# शेयर बाजार का सफर लंबा व विश्वस्तरीय

## सेबी के स्थापना दिवस में बोलीं वित्त मंत्री- बिखरी निगरानी से रीयल-टाइम पर्यवेक्षण तक पहुंची बाजारों की यात्रा

मुंबई, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत के प्रतिभूति बाज़ार की विकास यात्रा में बड़ी उपलब्धियों को को रेखांकित करते हुए कहा कि यह यात्रा उल्लेखनीय रही है और भारतीय बाजार आज एक मज़बूत, प्रौद्योगिकी-आधारित और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी पारिस्थितिकी तंत्र में सबसे अच्छे बाजारों में एक है।

वित्त मंत्री ने विश्वास और ईमानदारी को बाजार की अदृश्य लेकिन सबसे अहम अवसंरचना बताते हुए बाजार विनियामक सेबी से कदाचार के विरुद्ध बहुत कठोर रुख अपनाने को कहा।

श्रीमती सीतारमण ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के 38वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते कहा कि भारतीय बाज़ारों की यात्रा पारंपरिक ट्रेडिंग रिंग से निकल कर आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक ऑर्डर बुक तक, भौतिक शेयर प्रमाणपत्रों से पूर्ण डीमैटेरियलाइजेशन तक, और बिखरी हुई निगरानी से रीयल-टाइम नियामकीय पर्यवेक्षण तक पहुंच गयी



मुंबई में सेबी के 38वें स्थापना दिवस समारोह में अभियान 'जागरूक' का शुभारंभ करतीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण। साथ खड़े हैं सेबी के चेयरमैन तुहिनकांत पांडेय।

है। वित्त मंत्री ने कहा कि भारतीय वित्तीय बाज़ारों का विकास विभिन्न चुनौतियों और अस्थिरता के दौर से हुआ है, जिसने नियमन और बाज़ार अवसंरचना को मज़बूत बनाया। इन अनुभवों से सीखते हुए देश ने बेहतर संस्थान और परिपक्व वित्तीय प्रणाली विकसित की है। उन्होंने बताया कि सेबी की प्रभावशीलता उसके अधिकारों से अधिक उनके अनुशासित क्रियान्वयन में निहित है।

भारत ने जनवरी 2023 में सभी सूचीबद्ध प्रतिभूतियों के लिए टी 1 (ट्रेड प्लस वन) सेटलमेंट चक्र लागू कर वैश्विक नेतृत्व दिखाया, जिससे लेनदेन एक कार्यदिवस में पूरा हो जाता है। इसे अमेरिका ने 2024 में अपनाया।

इसके अलावा, एएसबीए प्रणाली ने आईपीओ प्रक्रिया को सरल बनाते हुए निवेशकों के धन को केवल आवंटन तक ही ब्लॉक रखने की सुविधा दी। सेबी और एनपीसीआई के सहयोग से यूपीआई के माध्यम से आईपीओ आवेदन संभव हुआ, जिससे खुदरा निवेशकों की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

उन्होंने कहा कि देश की डिपॉजिटरी प्रणाली भी अत्यंत उन्नत है, जहां बड़ी मात्रा में डीमैट प्रतिभूतियाँ सुरक्षित हैं। सेबी की कानूनी मजबूती उसके उच्च सफलता दर से भी स्पष्ट होती है। वित्त वर्ष 2025-26 में 366 आईपीओ के माध्यम से लगभग 1.9 लाख करोड़ रुपये जुटाए गए, जो मजबूत नियामकीय ढांचे का परिणाम है।

हालांकि, मंत्री ने चेतावनी दी कि बढ़ती निवेशक भागीदारी के साथ जागरूकता भी जरूरी है। बिना समझ के निवेश जोखिमपूर्ण हो सकता है, इसलिए निवेशक संरक्षण को और सशक्त बनाना होगा। उन्होंने कहा कि नियमन अत्यधिक कठोर न होकर पारदर्शी और पूर्वानुमानित होना चाहिए।

उन्होंने विश्वास और ईमानदारी को वित्तीय बाज़ारों की आधारशिला बताते हुए कहा कि निष्पक्षता, पारदर्शिता और प्रभावी प्रवर्तन से ही निवेशकों का भरोसा कायम रहता है। साथ ही, अपंजीकृत वित्तीय सलाहकारों और भ्रामक इन्फ्लुएंसर्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा मजबूत शिकायत निवारण तंत्र की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

### किया आगाह-साइबर सुरक्षा को लेकर अत्यंत सतर्क रहें वित्तीय संस्थाएं

**मुंबई।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को वित्तीय क्षेत्र में विनियमित संस्थाओं से साइबर सुरक्षा जोखिमों के प्रति अत्यंत सतर्क रहने का आग्रह किया। सीतारमण ने कहा कि किसी भी शेयर बाजार या अभिरक्षक संस्था (डिपॉजिटरी) पर एक भी साइबर हमला आर्थिक गतिविधियों को बाधित कर सकता है और आम लोगों के विश्वास को प्रभावित कर सकता है। कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित नए और उन्नत उपकरणों के आने से स्वचालित साइबर हमलों का खतरा बढ़ा है, जिससे साइबर सुरक्षा की आवश्यकता और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। सीतारमण ने कहा कि केवल सेबी ही नहीं, बल्कि सभी विनियमित संस्थाओं को अत्यंत सतर्क रहना होगा। हमले के तरीके तेजी से विकसित हो रहे हैं और बचाव के साधनों को उससे भी अधिक तेजी से विकसित करना होगा।

# आयोग ने उठाया रोजगार कौशल में वृद्धि का बीड़ा

कारोबार डेस्क, कानपुर




- विकसित भारत-2047 के लिए शिक्षा से रोजगार और उद्यम की उच्चस्तरीय स्थायी समिति गठित
- कंपनियों के ऑटोमेशन व एआई से छंटनी के खतरे के साथ नए तकनीकी कौशल की बढ़ी मांग

**अमृत विचार।** केंद्र सरकार ने शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता के बीच संबंध मजबूत करने के लिए नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी की अध्यक्षता में 'शिक्षा से रोजगार और उद्यम (ईईई) की जिस उच्च स्तरीय स्थाई समिति का गठन किया है, उससे बेरोजगारी दर में कमी आने की संभावना है।

यह समिति शिक्षा और रोजगार के बीच की खाई को पाटने के लिए समग्र और समन्वित उपायों की सिफारिश करेगी। सरकार का यह कदम उस चिंता के बीच आया है, जिसमें स्नातकों की बेरोजगारी बढ़ने के साथ उद्योग जगत के पास कौशल की कमी की शिकायत की गई थी। इसके साथ ही जिस तरह इस समय कंपनियां तेजी से ऑटोमेशन और आर्टिफिशिल इंटेलिजेंस की ओर बढ़ रही हैं, उससे कई तरह के पदों में छंटनी के साथ नए तकनीकी कौशल की मांग बढ़ रही है।

मोदी सरकार ने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए बनाए गए पैनल को विकास दर में वृद्धि, रोजगार व निर्यात को बढ़ावा देने वाले प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान करने का काम सौंपा था।

इस पैनल की रिपोर्ट के बाद ही 'शिक्षा से रोजगार और उद्यम' के लिए उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है। इस उच्चस्तरीय स्थाई समिति में फेडरेशन ऑफ इंडियन माइक्रो एंड स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज (एफआईएसएमई) को भी नामित किया गया है।

समिति में श्रम और रोजगार, कौशल विकास व उद्यमिता, सांख्यिकी व कार्यक्रम कार्यान्वयन और इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी जैसे केंद्रीय मंत्रालयों के सचिवों के अलावा वाणिज्य, आर्थिक मामले, उच्च शिक्षा, स्कूली शिक्षा और साक्षरता सहित प्रमुख विभागों के सचिवों के साथ आंध्र प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव भी शामिल किए गए हैं। समिति में नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विस कंपनीज (नैसकॉम), भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की), भारतीय सूक्ष्म व लघु और मध्यम उद्यम परिसंघ (एफआईएसएमई), सेवा निर्यात संवर्द्धन परिषद (एसईपीसी) और तिरुपुर निर्यातक संघ को भी स्थान दिया गया है। शिक्षा क्षेत्र से इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) और और शिव नादर यूनिवर्सिटी के संकाय को जगह मिली है।

समिति को उन चुनौतियों की पहचान करने का काम सौंपा गया है जो रोजगार और उद्यमिता की राह में बाधक हैं। समिति सेवा उपक्षेत्रों में आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और निर्यात आय की उच्च क्षमता वाले क्षेत्रों में मौजूद कमियों का भी आकलन करेगी। साथहीउभरती प्रौद्योगिकियों, विशेष रूप से एआई के कारण रोजगार और कौशल पर पड़ने वाले प्रभाव का मूल्यांकन करके उपाय सुझाएगी।

### वैश्विक तनाव से उत्तराखंड के उद्योगों पर गंभीर प्रभाव

# आयात-निर्यात की बाधाओं से प्रभावित हो रहे उद्योग, बढ़ रही अनिश्चितता

कुंदन बिष्ट, काशीपुर

**अमृत विचार:** अमेरिका-ईरान युद्ध जैसे अंतर्राष्ट्रीय तनावपूर्ण हालातों का असर जहां देश के कई हिस्सों में अलग-अलग हिसाब से पड़ रहा है तो प्रदेशीय स्तर पर पर्वतीय राज्य उत्तराखंड भी इससे अछूता नहीं है। विशेष रूप से उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में स्थित औद्योगिक क्षेत्रों- काशीपुर, रुद्रपुर, सितारगंज, हरिद्वार और देहरादून के उद्योग अनिश्चितता, महंगे कच्चे माल, परिवहन लागत में वृद्धि और निर्यात-आयात बाधाओं से प्रभावित हैं।

कुमाऊं गढ़वाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (केजीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष एवं उद्योगपति राजीव घई ने इस संबंध में शनिवार को 'अमृत विचार' से बातचीत में कहा कि, मध्य पूर्व क्षेत्र में तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आता है, जिससे डीज़ल, पेट्रोल, बिजली, परिवहन एवं उत्पादन लागत सीधे बढ़ जाती है। इसका सबसे अधिक असर लघु, मध्यम एवं निर्यात आधारित उद्योगों पर पड़ता है, जो पहले से ही प्रतिस्पर्धा



- सरकार को उद्योगों के लिए राहत पैकेज देना चाहिए : राजीव घई

और वित्तीय दबाव झेल रहे हैं। क्रूड आयल की कमी से उद्योगों के लिए आवश्यक ग्रीस, लुब्रिकेंट, ट्रांसफार्मर तेल आदि की कीमतें बहुत बढ़ गई। साथ ही, उनकी उपलब्धता में भी बहुत कमी आ गई है। विदेश से निर्यात होने वाले मेंटल, केमिकल की उपलब्ध बहुत महंगाई के साथ हो पा रही है। दवाईयों से संबंधित फैक्ट्रियां बहुत प्रभावित हैं।

उद्योगपति घई कहते हैं कि, उत्तराखंड के उद्योगों में ऑटो पार्ट्स, फार्मा, पैकेजिंग, खाद्य प्रसंस्करण, प्लास्टिक, पेपर एवं इंजीनियरिंग इकाइयां प्रमुख हैं। इन क्षेत्रों में कच्चे माल की लागत बढ़ने, कंटेनर भाड़ा महंगा होने और विदेशी बाजारों में मांग घटने से उत्पादन प्रभावित हो रहा है।

यदि स्थिति लंबी चली तो रोजगार पर भी असर पड़ना स्वाभाविक है।

उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार से मांग की कि उत्तराखंड के उद्योगों को राहत देने के लिये बिजली दरों में स्थिरता, ब्याज सहायता, निर्यात प्रोत्साहन, परिवहन सब्सिडी और एमएसएमई इकाइयों के लिए विशेष पैकेज घोषित किया जाए, ताकि उद्योगों का मनोबल बना रहे और रोजगार सुरक्षित रह सके।



केजीसीसीआई के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने बातचीत में कहा कि, खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध को लेकर उद्योगों के सामने गंभीर संकट पैदा हो गया है। पेट्रोलियम आधारित पदार्थों के दामों में बढ़ोत्तरी हुई है। कोयला खरीदना भी महंगा हो गया है। कोयले के रेट भी बढ़ गए हैं। कंटेनरों का भाड़ा बढ़ गया है। बंदरगाहों से कंटेनर आने में काफी समय लग रहा है। उनका कहना है कि केजीसीसीआई ने भारत और राज्य सरकारों से इन समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की है।

# भारत वेंचर्स शिखर सम्मेलन में स्टार्टअप ने पेश किए नए समाधान

**जयपुर, एजेंसी।** जयपुर में आयोजित भारत वेंचर्स शिखर सम्मेलन में शनिवार को स्टार्टअप ने सूचना एवं प्रौद्योगिकी, कृत्रिम मेधा, बैंकिंग, वित्त और परिवहन क्षेत्रों में नए समाधान पेश किए। कार्यक्रम में 20 से अधिक स्टार्टअप ने निवेशकों के सामने अपने नवाचार के बारे में बताया। कार्यक्रम में बैंकिंग और वित्त से जुड़े स्टार्टअप ने फिनटेक मंच, डिजिटल भुगतान समाधान, ब्लॉकचेन-आधारित सुरक्षा प्रणालियों और सूक्ष्म वित्त मॉडल पर ध्यान आकर्षित किया। इनका मकसद दक्षता को और अधिक बढ़ाना है।

परिवहन क्षेत्र पर केंद्रित स्टार्टअप ने विद्युत गतिशीलता, कृत्रिम मेधा आधारित यातायात प्रबंधन और हरित परिवहन में नवाचार के बारे में बताया, जिन्हें भविष्य-उन्मुख शहरी ढांचे के लिए अहम माना जा रहा है। भारत वेंचर शिखर सम्मेलन के दौरान फेडरेशन ऑफ यूनिकॉर्न इनोवेटिव स्टार्टअप्स एंड इंडस्ट्रीज (एफयूआईएसआई) के पदाधिकारियों का स्थापना समारोह भी हुआ, जिसमें शोधकर्ताओं, नवप्रवर्तकों और उद्योग प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एफयूआईएसआई के चेयरमैन आनंद पोद्दार ने कहा कि संस्था का लक्ष्य 10,000 स्टार्टअप को सलाह, अनुदान और ज्ञान-साझाकरण पहलों के माध्यम से सहयोग देना है।

संगठन का ध्यान नवीकरणीय ऊर्जा, मीडिया तकनीक, हरित अर्थव्यवस्था और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे क्षेत्रों पर है। भारत वेंचर के चेयरमैन डॉ. संजय खंडेलवाल ने कहा कि स्टार्टअप भारत की आर्थिक वृद्धि के प्रमुख इंजन है। एफयूआईएसआई के माध्यम से निवेश, मार्गदर्शन और तकनीकी समर्थन देकर युवाओं के विचारों को वास्तविकता में बदलने का प्रयास किया जा रहा है।

### गर्मी से 252 गीगावाट पर पहुंची बिजली की मांग

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भीषण गर्मी के बीच कूलिंग उपकरणों, जैसे एयर कंडीशनर और कूलर के बढ़ते उपयोग के कारण देश में बिजली की अधिकतम मांग शुक्रवार को रिकॉर्ड स्तर 252.07 गीगावाट पर पहुंच गई, जो अब तक का सर्वाधिक स्तर है। बिजली मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले मई 2024 में अधिकतम बिजली मांग 250 गीगावाट दर्ज की गई थी। मंत्रालय के अनुसार, 24 अप्रैल को देश की अधिकतम बिजली मांग 252.07 गीगावाट रही, जबकि 23 अप्रैल को यह 240.12 गीगावाट और 22 अप्रैल को 239.70 गीगावाट दर्ज की गई थी। सरकार ने इस गर्मी के मौसम में अधिकतम बिजली मांग 270 गीगावाट तक पहुंचने का अनुमान लगाया था।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# दूसरे राज्यों में भी फैल रहे बंगाल में घुसने वाले घुसपैठिये : हिमंत

## इससे खतरे में पड़ती है पूर्वोत्तर राज्यों की सुरक्षा : मुख्यमंत्री

कोलकाता, एजेंसी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसका परिणाम देश के सभी पूर्वोत्तर राज्यों की सुरक्षा पर प्रभाव डालेगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता बिस्वा सरमा ने कहा कि घुसपैठ जानी-मानी समस्या है, जो पश्चिम बंगाल को परेशान कर रही है। श्री सरमा ने कहा कि ये अवैध घुसपैठिये जो बेरोकटोक पश्चिम बंगाल की सीमा पार कर लेते हैं, वे अक्सर असम, त्रिपुरा और झारखंड जैसे पड़ोसी राज्यों में फैल जाते हैं। इसके बावजूद, तृणमूल कांग्रेस सरकार इस बारे में कुछ नहीं करती। श्री सरमा के अनुसार, यह स्थिति देश की सुरक्षा, विशेष रूप से पूर्वोत्तर राज्यों की सुरक्षा को गंभीर खतरे में डालती है। उन्होंने कहा कि बंगाल की ममता बनर्जी सरकार अपनी वोट बैंक की राजनीति के कारण सीमा पर बाड़ लगाने (फेंसिंग) की परियोजना को जानबूझकर धीमा कर रही है। उन्होंने बताया कि नियोजित 456 किलोमीटर के हिस्से में से केवल 77 किलोमीटर के लिए ही जमीन उपलब्ध करायी गयी है।



एक जनसभा के दौरान असम के सीएम। (फाइल फोटो)

# बंगाल में गरीबों की नहीं, अमीरों की मदद कर रहीं ममता : राहुल गांधी

## बोले-स्वयं को देशभक्त कहते हैं लेकिन देश बेच रहे मोदी

**कोलकाता/श्रीरामपुर, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक ही श्रेणी में रखने का प्रयास करते हुए दोनों पर सत्ता के लालच में गरीबों के बजाय अमीरों की मदद करने का आरोप लगाया। गांधी ने हुगली जिले के श्रीरामपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी स्वयं को देशभक्त कहते हैं, लेकिन वह देश को बेच रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी गरीबों के बजाय अमीरों की मदद कर रही हैं, वहीं मोदी पूरे देश में यही कर रहे हैं... दोनों का रोजगार के अवसर पैदा करने से कोई लेना-देना नहीं है। दोनों को सत्ता चाहिए, लेकिन जनता के लिए काम नहीं करते। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री जहां भी जाते हैं, लोगों में नफरत और डर फैलाते हैं। देश दो विचारधाराओं के बीच टकराव देख रहा है।



कोलकाता के शहीद मीनार में एक जनसभा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी। फोटो : शुभंकर चक्रवर्ती

### मेरे खिलाफ कई मामले दर्ज लेकिन ममता के खिलाफ नहीं

**हुगली** जिले के सेरामपुर में में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी नीत सरकार ने उनके खिलाफ कई मामले दर्ज किए हैं, लेकिन तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के खिलाफ कोई मामला नहीं है। दावा किया कि ऐसा इसलिए है, क्योंकि वह भाजपा से सीधे मुकाबला नहीं करती हैं। यह बताते हुए कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उनसे लगातार पांच दिनों तक 55 घंटे पूछताछ की, कांग्रेस नेता ने पूछा-ममता बनर्जी से कितने घंटे पूछताछ की गई? लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के खिलाफ ईडी या सीबीआई द्वारा कोई जांच नहीं की जा रही है। इस संबंध में टीएमसी की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल में कहीं भी पुनर्मतदान का आदेश नहीं

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** र्विाचन आयोग के अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए किसी भी मतदान केंद्र पर पुनर्मतदान की सिफारिश नहीं की गई है। दोनों राज्यों में बृहस्पतिवार को मतदान हुआ था। तमिलनाडु में एक ही बार में सभी 234 विधानसभा सीटों पर चुनाव संपन्न कराया गया। इसके लिए 75064 मतदान केंद्र बनाए गए थे। पश्चिम बंगाल में 152 सीटों के लिए 44376 मतदान केन्द्रों पर152 सीट पर वोट डाले गए। दोनों ही राज्यों में मतदान के नये रिकॉर्ड स्थापित हुए हैं।

### तृणमूल उम्मीदवार ने घोषित की संपत्ति

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मंत्री एवं टॉलीगंज विधानसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार अरूप बिस्वास ने अपने चुनावी हलफनामे में लगभग 2 .09 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति घोषित की है, जो पांच साल पहले उनके द्वारा घोषित 1.5 करोड़ रुपये से अधिक है। नामांकन पत्रों के साथ दाखिल किए गए हलफनामे के अनुसार, तृणमूल कांग्रेस नेता बिस्वास की चल संपत्ति 1.83 करोड़ रुपये है।

# तमिलनाडु में मतदान के सटीक आंकड़े जारी करेगा चुनाव आयोग

चेन्नई, एजेंसी

भारत निर्वाचन आयोग तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के दौरान मताधिकार का इस्तेमाल करने वाले मतदाताओं का सटीक आंकड़ा जारी करेगा। मतदान प्रतिशत के आंकड़ों में पुरुष, महिला और ट्रांसजेंडर मतदाताओं का अलग-अलग विवरण भी शामिल होगा। तमिलनाडु की 234 सदस्यीय विधानसभा के लिए एक चरण में 23 अप्रैल को मतदान हुआ था और मतगणना चार मई को होगी। इसके अलावा, यहां आयोग के प्राधिकारी उन सभी सुरक्षित कक्षों का निरीक्षण करेंगे जहां इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) मशीन रखी गई हैं। आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यहां कहा कि मतदान के दिन जारी 85.15 प्रतिशत मतदान का आंकड़ा अंतिम नहीं है और यह कुछ मतदान केंद्रों से प्राप्त आंकड़ों पर आधारित था।

**आंकड़ों में पुरुष, महिला और ट्रांसजेंडर वोटरों का विवरण भी शामिल होगा**

### कोडईकनाल रवाना हुए मुख्यमंत्री स्टालिन

**चेन्नई, एजेंसी।** मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन शनिवार को कोडईकनाल की संक्षिप्त यात्रा पर रवाना हो गए। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष स्टालिन एक निजी विमान से मदुरै पहुंचे और फिर वहां से सड़क मार्ग से कोडईकनाल के लिए रवाना हुए। राज्य का यह लोकप्रिय पर्यटन स्थल अपनी सुंदर झीलों, पहाड़ी क्षेत्रों और हरे-भरे मैदानों के लिए जाना जाता है। उनकी पत्नी दुर्गा और परिवार के अन्य सदस्य भी उनके साथ हैं। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के 23 अप्रैल को संपन्न होने के बाद उनके बेटे एवं उपमुख्यमंत्री उदयनिधि अपनी पत्नी और बेटी के साथ पहले ही दुबई की संक्षिप्त यात्रा पर हैं।

# प. बंगाल : चुनाव आयोग ने निलंबित किए 5 पुलिस अधिकारी

कोलकाता, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान निष्पक्षता बनाए रखने में विफल रहने और 'गंभीर कदाचार' के मामले में राज्य सरकार को डायमंड हार्बर के पांच पुलिस अधिकारियों को निलंबित करने तथा उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव को भेजे गए पत्र में कहा कि यह कार्रवाई पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) द्वारा पुलिसकर्मियों के आचरण को लेकर सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर की गई है। जिन अधिकारियों को निलंबित किया जाना है, उनमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप गराई, अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) सजल मंडल, डायमंड हार्बर थाना प्रभारी मौसम चक्रवर्ती, फाल्टा थाना प्रभारी अजय बाग और उस्ती थाना प्रभारी अधिकारी सुभेच्छा बाग शामिल हैं। निर्वाचन आयोग (ईसी) ने अपने आदेश में कहा कि आयोग मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करने के बाद निर्देश देता है कि इन अधिकारियों को तत्काल निलंबित किया जाए।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### नौका पर अमेरिकी हमले में दो की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने पूर्वी प्रशांत महासागर में मादक पदार्थों को ले जा रही एक और नौका पर हमला किया जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। अमेरिकी सेना ने यह जानकारी दी। लातिन अमेरिकी जलक्षेत्र में कथित रूप से मादक पदार्थों की तस्करी करने वाली नौकाओं को नष्ट करने का अमेरिकी अभियान सितंबर की शुरुआत से जारी है और इसमें अब तक कम से कम 183 लोगों की मौत हो चुकी है। अन्य हमले कैरेबियाई सागर में किए गए हैं। सेना ने इस बात का कोई सबूत नहीं दिया है कि इनमें से किसी भी नौका पर मादक पदार्थ थे। यूएस सदर्न कमांड ने शुक्रवार को किए हमले की जानकारी देते हुए अपने पहले के बयानों को दोहराया और कहा कि उसने ज्ञात तस्करी मार्गों पर कथित मादक पदार्थ तस्करों को निशाना बनाया।

### न्यूयॉर्क में परमाणु-5 विशेषज्ञों की बैठक

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्रालय के विशेष दूत आंद्रेई बेलौसोव ने कहा है कि न्यूयॉर्क में 2026 परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) समीक्षा सम्मेलन के इतर पांच परमाणु-संपन्न देशों (एन-5) के विशेषज्ञों की एक बैठक की योजना बनायी गयी है। रूसी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख श्री बेलौसोव ने स्पूतनिक से बातचीत में यह पूछे जाने पर कि क्या न्यूयॉर्क में एनपीटी समीक्षा सम्मेलन के इतर परमाणु-5 प्रारूप में विशेषज्ञ स्तर के संपर्कों की योजना है, तो उन्होंने कहा, संबंधित समन्वय चल रहा है, लेकिन अभी तक पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि परमाणु-5 प्रारूप शुरू में एनपीटी समीक्षा प्रक्रिया के एजेंडे के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए बनाया गया था। बेलौसोव ने कहा, इसलिए संधि समीक्षा सम्मेलन पांच परमाणु शक्तियों के बीच संपर्कों के लिये एक स्वाभाविक मंच है।

### वैकल्पिक ईंधन की सिफारिश करेगा ईयू

**मास्को।** यूरोपीय संघ की विमानन सुरक्षा एजेंसी (ईएएसए) कमी होने की स्थिति में मानक यूरोपीय जेट ईंधन जेट ए-1 के विकल्प के तौर पर जेट ए के इस्तेमाल की अनुमति देने के लिए सिफारिश करने पर विचार कर रहा है। नियामक ने रूस की न्यूज एजेंसी आरआईए नोवोस्ती को यह जानकारी दी। फिलहाल इन सिफारिशों को जारी करने के लिए कोई समय-सीमा तय नहीं है। ईएएसए ने कहा कि ज्यादातर ईयू विमानों को जेट ए-1 और जेट ए दोनों पर उड़ान भरने के लिए प्रमाणित किया गया है और अमेरिका से आने वाली उड़ानों में इन दोनों को मिलाकर इस्तेमाल किया जा रहा है।

## महारानी गायत्री देवी के सुपर कंप्यूटर की होगी नीलामी

लंदन, एजेंसी

- 17वीं शताब्दी में पीतल से बनाया गया था यह दुर्लभ कंप्यूटर

जयपुर की महारानी गायत्री देवी के संग्रह से प्राप्त 17वीं शताब्दी में पीतल से बने एक दुर्लभ खगोलीय सुपरकंप्यूटर (एस्ट्रोलैब) को अगले सप्ताह लंदन में सोथबी नीलामीघर में नीलाम किया जाएगा। बुधवार को होने वाली नीलामी में यह सुपरकंप्यूटर 'इस्लामिक जगत एवं भारत की कला' का मुख्य आकर्षण है।

इसे इस सप्ताहांत प्रदर्शित किया गया था और इसकी अनुमानित कीमत 15 से 25 लाख पौंड के बीच है। वर्ष 1612 का यह सुपर कंप्यूटर अपनी तरह का सबसे बड़ा कंप्यूटर माना जाता था और इसे लाहौर के एक मुगल रईस के लिए दो भाइयों ने बनाया था। यह जटिल उपकरण महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय के शाही संग्रह का हिस्सा था और बाद में उनकी पत्नी गायत्री देव के पास रहा और फिर निजी संग्रह में चला गया। गायत्री देवी जयपुर की राजमाता थीं।

नीलामी के विवरण में बताया गया, इसे आगा अफजल ने बनवाया था, जो मुगल साम्राज्य के एक बेहद शक्तिशाली सरदार थे और उस समय सम्राट जहांगीर के अधीन लाहौर का प्रशासन संभाल रहे थे।

## गेमिंग एप्स का मायाजाल: मनोरंजन की आड़ में ठगी

डिजिटल क्रांति के इस दौर में अब स्मार्टफोन संचार के साथ ही मनोरंजन के बड़े केंद्र बन चुके हैं। इसी मनोरंजन की दुनिया का एक काला पक्ष ऑनलाइन गेमिंग एप्स के रूप में उभर रहा है। गेमिंग एप्स केवल खेल तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि वे एक ऐसे संगठित जाल में बदल चुके हैं जो लोगों को बेवकूफ बनाकर मोटी कमाई कर रहे हैं। मनोरंजन के नाम पर शुरू होने वाला यह सिलसिला कब एक गंभीर लत में बदल जाता है, इसका अहसास तक नहीं होता। यह ठगी केवल बैंक खातों से पैसे साफ करने तक सीमित नहीं है, यह आपके निजी डेटा की चोरी, बैंकिंग विवरणों के साथ खिलवाड़ और आपकी मानसिक शांति को पूरी तरह से दांव पर लगा रही है। लोग अमीर बनने के लालच में अपनी जीवन भर की जमा-पूंजी इन खेलों में झोंक रहे हैं।




### कैसे काम करते हैं गेमिंग एप्स

- भ्रामक विज्ञापन और सेलिब्रिटी एंडोर्समेंट : बड़े-बड़े सितारे इन एप्स को प्रमोट करते हैं, जिससे इनकी विश्वसनीयता बढ़ जाती है। टीवी और सोशल मीडिया पर करोड़पति बनो जैसे विज्ञापन युवाओं को आकर्षित करते हैं।
- डेटा की सेंधमारी : गेम इंस्टॉल करते समय ये एप्स संपर्कों, लोकेशन और गैलरी तक की एक्सेस मांगते हैं। यह डेटा बाद में डार्क वेब पर बेचा जाता है या ब्लैकमेलिंग के लिए इस्तेमाल होता है।
- बैंकिंग डिटेल्स का जाल : डिपॉजिट और विथड्रॉल के नाम पर आपकी बैंकिंग डिटेल्स ली जाती हैं। कई फर्जी एप्स पैसा जमा होने के बाद अकाउंट ब्लॉक कर देते हैं या सर्वर डाउन का बहाना बनाकर गायब हो जाते हैं।

### सरकारी नियम और नियंत्रण के उपाय

- ऑनलाइन गेमिंग एक्ट, 2025 : सरकार ने 'प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग एक्ट, 2025' पेश किया है, जिसका मुख्य उद्देश्य रियल मनी गेम्स पर लगाम लगाना है।
- रियल मनी गेम्स पर प्रतिबंध : लोकसभा में पारित नए बिल के अनुसार, अब पैसों वाले खेलों को पूरी तरह प्रतिबंधित या बेहद कड़ा विनियमित करने का प्रावधान है।
- भारी जुर्माना और सजा : अवैध गेमिंग एप चलाने या प्रमोट करने पर 3 साल तक की जेल और एक करोड़ तक के जुर्माने का नियम है।
- टैक्स व्यवस्था : सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग पर 28% जीएसटी लागू किया है ताकि इसकी अनियंत्रित वृद्धि को रोका जा सके।
- ब्लॉकिंग की शक्ति : आईटी मंत्रालय के पास अब उन सभी एप्स और वेबसाइटों को ब्लॉक करने का अधिकार है जो नियमों का उल्लंघन करती हैं।

### साइबर कानून, आंकड़े

- धारा 66डी : संचार उपकरण का उपयोग करके धोखा देने पर सजा का प्रावधान।
- धारा 420 : धोखाधड़ी से संपत्ति हड़पने के मामलों में लागू होती है।
- भारत में पिछले 24 महीनों में ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड से लगभग 20,000 करोड़ सालाना का नुकसान हुआ है। कर्नाटक में 31 महीनों में कर्ज के कारण 32 आत्महत्याएं हुईं।

## जिस भी देश में आप रहते हैं उसके प्रति पूरा वफादार बनें : होसबाले

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह ने भारतीय प्रवासियों को दिया संदेश

वाशिंगटन, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि विदेशों में बसे भारतीय प्रवासियों को उस देश के प्रति पूरी तरह वफादार रहना चाहिए जहां वर्तमान में वे रह रहे हैं। होसबाले ने कहा कि विदेशों में बसे भारतीय न सिर्फ अपने वर्तमान देश का बेहतर नागरिक बनने का प्रयास करें बल्कि यह भी सिद्ध करें कि हिंदू समाज स्थानीय जीवन के हर क्षेत्र में-चाहे वह नेतृत्व हो, समाजसेवा हो या कोई और दायित्व-सार्थक योगदान देने में सक्षम है।

अमेरिका की यात्रा पर आए होसबाले ने कहा कि यहां उनकी बातचीत का केंद्र मुख्यतः संघ के बारे में फैली भ्रांतियों को दूर करना रहा। उन्होंने कहा कि पिछले कई दशकों से संघ के विरुद्ध जारी दुष्प्रचार के कारण अमेरिकियों के मन में इस सौ साल पुराने संगठन की एक विकृत छवि बन गई है। होसबाले ने कहा कि इन तमाम वर्षों में संघ इस विश्वास के साथ चुपचाप काम करता रहा कि हमारा काम ही हमारा संदेश है। लेकिन अब हमने सोचा कि लोगों तक सीधे पहुंचना बेहतर होगा। हमारा संदेश अब कार्यों से ही नहीं बल्कि हमारी कथनी से भी लोगों तक पहुंचना चाहिए।

होसबाले पिछले हफ्ते ब्रिटेन के दौरे के बाद अमेरिका पहुंचे। ब्रिटेन में उन्होंने शैक्षणिक जगत, विचारकों, नीति विशेषज्ञों और भारतीय प्रवासी समुदाय के विभिन्न वर्गों से मुलाकात की। यह सब संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे संपर्क अभियान का हिस्सा है। संघ के सरकार्यवाह ने कहा कि संगठन के बारे में, खासतौर पर पश्चिमी देशों में कई भ्रांतियां फैली हुई हैं, जहां संघ को हिंदू वर्चस्ववादी संगठन के रूप में देखा जाता है। उन्होंने कहा कि यह दुष्प्रचार दशकों से चला आ रहा है कि संघ हिंदू वर्चस्ववादी है, अल्पसंख्यक विरोधी है, महिला विरोधी है- ऐसी तमाम भ्रांतियां फैलाई गई हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका यात्रा का मकसद इन्हीं भ्रांतियों को दूर करना है।



### अमेरिका में बसे भारतीय अच्छे नागरिक बनें मेहनत करके स्थानीय लोगों का दिल जीते

अमेरिका में बसे भारतीय प्रवासियों को होसबाले ने संदेश दिया कि वे अच्छे नागरिक बनें, मेहनत से स्थानीय लोगों का दिल जीतें और यह साबित करें कि हिंदू समाज हर क्षेत्र में योगदान और नेतृत्व देने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि संघ का मानना है कि जो भारतीय यहां अपना करियर बनाने आए हैं- चाहे शैक्षणिक क्षेत्र में हो या किसी और में, उन्हें इस देश के प्रति वफादार रहना चाहिए क्योंकि यहीं से उनकी रोजी-रोटी चलती है। उन्हें यहां बेहतर नागरिक बनना चाहिए और यह दिखाना चाहिए कि हिंदू जहां भी जाते हैं, वहां के समाज में योगदान देते हैं - नेतृत्व करते हैं और उस देश के राष्ट्र-निर्माण में भागीदार बनते हैं।

### भारत के साथ हिंदू संस्कृति के बारे में फैली भ्रांतियों को दूर किया जाए शताब्दी वर्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सामने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

शताब्दी वर्ष में संघ के सामने एक अहम जिम्मेदारी यह भी है कि भारत और हिंदू संस्कृति के बारे में फैली भ्रांतियों को दूर किया जाए और यह स्पष्ट किया जाए कि संघ किन मूल्यों के लिए खड़ा है। होसबाले ने कहा कि भारत और हिंदू संस्कृति के बारे में जो आख्यान गढ़ा गया है, वह दशकों से-देश के भीतर भी और बाहर भी-विकृत रहा है। इसे सुधारना जरूरी है। उन्होंने कहा कि संघ की पृष्ठभूमि से नहीं आने वाले भी बड़ी संख्या में लोग भारत और हिंदू संस्कृति की सही तस्वीर पेश करने में जुटे हैं। समाज में इन्हीं बातों को फैलाने की जरूरत है। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां संघ और अधिक ध्यान देना चाहता है।

## पश्चिम बंगाल में गेहूं घोटाले में ईडी ने की छापेमारी

**नई दिल्ली।** ईडी ने पश्चिम बंगाल में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत गेहूं घोटाले से जुड़े मामले में कोलकाता, बर्दवान और हाबरा स्थित नौ ठिकानों पर तलाशी ले रही है। यह कार्रवाई निरंजन चंद्र साहा और अन्य आरोपियों से जुड़े आपूर्तिकर्ताओं तथा निर्यातकों के परिसरों पर की जा रही है। ईडी ने यह जांच धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत शुरू की है, जो पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा बशीरहाट थाने में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर की गयी है। यह मामला घोजाडांगा भूमि सीमा शुल्क केंद्र के उप आयुक्त की शिकायत पर दर्ज हुआ था, जिसमें कल्याणकारी योजनाओं के लिए निर्धारित गेहूं की बड़े पैमाने पर हेराफेरी का आरोप लगाया गया था। जांच एजेंसी के अनुसार, आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से लाभार्थियों के लिए निर्धारित गेहूं को अवैध रूप से आपूर्ति श्रृंखला से बाहर निकालकर कम कीमत पर प्राप्त किया और फिर उसे खुले बाजार में ऊंची कीमत पर बेच दिया।

## बांग्लादेश में आतंकी हमले की आशंका, अलर्ट जारी

ढाका, एजेंसी

- पुलिस ने की राष्ट्रव्यापी सुरक्षा अलर्ट की घोषणा

बांग्लादेश पुलिस ने शनिवार को संसद परिसर समेत प्रमुख प्रतिष्ठानों पर संभावित आतंकवादी हमलों के मद्देनजर राष्ट्रव्यापी सुरक्षा अलर्ट की घोषणा की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस मुख्यालय के एक अधिकारी ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया, खुफिया रिपोर्ट के आधार पर अलर्ट जारी किया गया है। अधिकारी ने अलर्ट को अत्यावश्यक और गोपनीय बताया।

बांग्ला दैनिक 'प्रथम आलो' की खबर के अनुसार, पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एक पत्र में संसद परिसर, इबादत स्थलों, मनोरंजन स्थलों और सैन्य एवं पुलिस प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर संभावित समन्वित हमलों की चेतावनी दी गई है, जिनमें शस्त्रागारों को संभावित लक्ष्य माना जा रहा है। 'डेली स्टार' और अन्य समाचार पत्रों की खबर के मुताबिक, प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन के एक सदस्य इस्तियाक अहमद सामी उर्फ अबू बक्र की हालिया गिरफ्तारी के बाद अलर्ट जारी किया गया था। बक्र, कथित तौर पर दो बर्खास्त सैन्य कर्मियों के संपर्क में था। खबरों के अनुसार, पत्र में संभावित हमलों के पीछे दो कथित प्रमुख षड्यंत्रकारियों के नाम भी शामिल थे। हालांकि, किसी संगठन का नाम नहीं लिया गया।

पत्र में संदिग्ध हमलावरों को 'देश की समग्र सुरक्षा के लिए बेहद खतरनाक' बताया गया है। कानून लागू करने वाले अधिकारियों के हवाले से समाचार पोर्टल 'टीबीएसन्यूज डॉट नेट' ने बताया कि आतंकवादी समूह हमले करने के लिए कई तरीके अपना सकता है। पुलिस मुख्यालय ने अपराध जांच विभाग (सीआईडी), विशेष शाखा और आतंकवाद रोधी एवं अंतर्राष्ट्रीय अपराध इकाई सहित विशेष पुलिस इकाइयों को सतर्कता बढ़ाने का निर्देश दिया है, जबकि देश भर की पुलिस को हाई अलर्ट पर रहने को कहा गया है।

## तमिलनाडु की पटाखा फैक्ट्री में हुआ विस्फोट, एक की मौत

**थेनी।** तमिलनाडु के थेनी में कुमबुम के पास स्थित एक लाइसेंसी पटाखा निर्माण इकाई में शनिवार सुबह हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस के अनुसार, यह घटना सुबह करीब 10 बजे कस्बे के बाहरी इलाके में स्थित इकाई में हुई। विस्फोट उस समय हुआ जब मजदूर पटाखे बनाने के लिए रसायनों को मिला रहे थे। पुलिस ने बताया कि घटना में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से झुलसे तीन अन्य लोगों को सरकारी थेनी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## नहीं बढ़ेगी रूस और ईरान से तेल खरीदारी की अवधि

- अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने किया दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिका, रूस और ईरान से तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की खरीदारी के लिए दी गई छूट की अवधि को नहीं बढ़ाएगा। यह बात अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कही। उन्होंने कहा, ईरानियों के लिए नहीं... हमने नाकेबंदी कर रखी है और वहां से कोई तेल बाहर नहीं आ रहा है। हमें लगता है कि अगले दो-तीन दिनों में उन्हें अपना उत्पादन बंद करने की प्रक्रिया शुरू करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि वह रूस से पेट्रोलियम पदार्थों की खरीदारी के लिए दी गयी छूट को एक बार फिर बढ़ाने की कल्पना भी नहीं कर सकते। अमेरिका के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने मार्च में आम लाइसेंस जारी किए थे, जिनके तहत रूस और ईरान के उस तेल से जुड़े सभी लेन-देन को मंजूरी दी गयी थी, जो क्रमशः 11 अप्रैल और 19 अप्रैल तक जहाज़ों पर लादा जा चुका था। एनबीसी न्यूज़ ने 21 मार्च को अपनी रिपोर्ट में कहा था कि इससे ईरान को 14 अरब डॉलर से ज़्यादा की कमाई हो सकती है। बेसेंट ने हालांकि बाद में इस अनुमान को मनगढ़ंत बात कहकर खारिज कर दिया था। अमेरिका के वित्त विभाग ने 14 अप्रैल को कहा था कि वह ईरान के तेल पर लगी पाबंदियों में दी गयी छूट की समय-सीमा को खत्म होने देगा।

## ईरान के तेल नेटवर्क और चीनी रिफाइनरी पर अमेरिकी प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के ऊर्जा और समुद्री नेटवर्क पर प्रतिबंधों को और कड़ा करते हुए इकोनॉमिक फ्यूरी अभियान के तहत नई कार्रवाई की घोषणा की है। अमेरिका ने चीन स्थित हेंगली पेट्रोकेमिकल रिफाइनरी सहित लगभग 40 शिपिंग कंपनियों और जहाजों पर प्रतिबंध लगाए हैं। इन पर ईरानी तेल के निर्यात में मदद करने का आरोप है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, हेंगली रिफाइनरी ईरानी कच्चे तेल की बड़ी खरीदार रही है और इसने अरबों डॉलर के तेल उत्पाद खरीदकर ईरान की ऊर्जा आय को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्रवाई में ईरान के तथाकथित शैडो फ्लीटको भी निशाना बनाया गया है, जिसमें ऐसे टैंकर शामिल हैं जो प्रतिबंधों के बावजूद गुप्त रूप से तेल और पेट्रोलियम उत्पादों का परिवहन करते हैं।

## समुद्री लुटेरों का टैंकर पर कब्जा

**मोगादिशु।** सोमालिया के उत्तर पूर्वी अपतटीय क्षेत्र में संदिग्ध समुद्री लुटेरों ने एक ईंधन टैंकर को अपने कब्जे में ले लिया। संबंधित टैंकर बुधवार को हिंद महासागर के किनारे स्थित अर्ध-स्वायत्त राज्य पुंटलैंड के तटीय कस्बों हाफुन और बंदरबेयला के बीच के जलक्षेत्र में कब्जे में ले लिया गया। समुद्री पुलिस बल के एक कर्नल ने बताया कि टैंकर बेरबेरा बंदरगाह से रवाना हुआ था।

## माली में राजधानी और कई शहरों में गोलीबारी

बामाको, एजेंसी

- आतंकी समूहों ने कुछ स्थानों और बैरकों को बनाया निशाना

माली की राजधानी बामाको और अन्य शहरों में शनिवार सुबह बंदूकधारियों ने कई स्थानों पर हमले किये। अधिकारियों और स्थानीय निवासियों ने यह जानकारी दी। माली की सेना ने एक बयान में कहा कि अज्ञात सशस्त्र आतंकवादी समूहों ने राजधानी में कुछ स्थानों और बैरकों को निशाना बनाया।

सैनिक फिलहाल हमलावरों से निपटने में लगे हुए हैं। माली की राजधानी बामाको में स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास शनिवार सुबह गोलीबारी की आवाज सुनी गई।बामाको में मौजूद एक पत्रकार ने सिटी सेंटर से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित मोदिबो कीता अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से लगातार गोलीबारी की आवाज सुनी, और साथ ही हवाई अड्डे के आसपास एक हेलीकॉप्टर को गश्त करते देखा। यह हवाई अड्डा माली वायुसेना द्वारा उपयोग किए जाने वाले एक एयर बेस के निकट स्थित है। हवाई अड्डे के पास रहने वाले एक निवासी ने इलाके में गोलियों की आवाज सुनाई देने की जानकारी दी। उसने बताया कि आसमान में तीन हेलीकॉप्टर भी गश्त करते दिखाई दे रहे हैं। माली के अन्य शहरों के निवासियों ने भी शनिवार सुबह गोलीबारी और विस्फोटों की सूचना दी, जिससे सशस्त्र समूहों द्वारा समन्वित हमले की आशंका जताई गई। किदाल के पूर्व महापौर ने बताया कि बंदूकधारी शहर में घुस गए और कुछ इलाकों पर कब्जा कर लिया, जिसके परिणामस्वरूप सेना के साथ उनकी मुठभेड़ हुई है।

## किंग चार्ल्स तृतीय से ईरान-नाटो मुद्दे पर चर्चा करेंगे ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय के अमेरिका के दौरे पर उनके साथ नाटो और ईरान के खिलाफ अमेरिकी अभियान से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे। ट्रंप ने एक न्यूज एजेंसी को फ़ोन पर बताया, मैं हर चीज़ के बारे में बात करूँगा। वे मेरे दोस्त हैं, और वे बहुत अच्छे इंसान हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन का डिजिटल सेवा कर भी चर्चा के विषयों में शामिल होगा। गौरतलब है कि बकिंघम पैलेस ने 31 मार्च को घोषणा की थी कि किंग चार्ल्स तृतीय और रानी कैमिला अप्रैल में अमेरिका की राजकीय यात्रा पर जाएँगे। ट्रंप ने बताया कि ब्रिटेन का शाही जोड़ा 27 से 30 अप्रैल के बीच अमेरिकी दौरे पर रहेगा। सोमवार से शुरू हो रही किंग चार्ल्स की चार-दिवसीय राजकीय यात्रा, ब्रिटेन से अमेरिका की आज़ादी की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर होगी।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आप तेजी से निर्णय लेने की कोशिश करेंगे, लेकिन हर स्थिति में जल्दबाजी सही नहीं होगी। थोड़ा रुककर सोचना बेहतर रहेगा।

**वृष** – आज घर और निजी जीवन से जुड़ी जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। काम और परिवार के बीच संतुलन बनाना जरूरी रहेगा।

**मिथुन** – आज बातचीत और संपर्क आपके लिए अवसर लेकर आएंगे। किसी से हुई चर्चा आगे चलकर लाभ दे सकती है। अपनी बात स्पष्ट तरीके से रखें।

**कर्क** – आज धन और खर्च को लेकर सजग रहना होगा। अनावश्यक खर्च से बचें और जरूरी कामों को प्राथमिकता दें।

**सिंह** – आज आत्मविश्वास मजबूत रहेगा और आप अपने फैसलों पर टिके रहेंगे। कोई नया काम शुरू करने का मन बन सकता है।

**कन्या** – आज थोड़ा शांत रहकर काम करना बेहतर रहेगा। हर बात में प्रतिक्रिया देने से बचें। अपने काम पर ध्यान देंगे तो बेहतर परिणाम मिलेंगे।

**तुला** – आज मित्रों और संपर्कों से लाभ मिलने के संकेत हैं। किसी के साथ मिलकर किया गया काम सफल हो सकता है।

**वृश्चिक** – आज काम को लेकर जिम्मेदारी बढ़ सकती है। आपको खुद को साबित करने का मौका मिलेगा। धैर्य और मेहनत से सफलता मिल सकती है।

**धनु** – आज आपका नजरिया सकारात्मक रहेगा। कुछ नया सीखने या समझने का मौका मिल सकता है। दिन आपके लिए प्रगति का संकेत दे रहा है।


**मकर** – आज थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। किसी बात को लेकर मन अस्थिर हो सकता है। जल्दबाज़ी में निर्णय लेने से बचें।

**कुंभ** – आज संबंधों और सहयोग पर ध्यान देना जरूरी रहेगा। किसी के साथ मिलकर काम करने से बेहतर परिणाम मिल सकते हैं।

**मीन** – आज काम का दबाव बढ़ सकता है और आपको लगातार सक्रिय रहना पड़ेगा। सही प्राथमिकता तय करेंगे तो दिन आपके पक्ष में रहेगा।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 26 अप्रैल, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष- शुक्ल पक्ष, दशमी 18.06 तक तत्पश्चात एकादशी।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- ग्रीष्म।
**चन्द्रबल**- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-मघा 08.27 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

### सुडोकू - 130 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 8 | 5 | 6 | 7 | 4 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 1 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 9 | 1 | 3 | 5 | 6 | 3 |
| 9 | 1 | 4 | 3 | 8 | 5 | 2 | 7 | 6 |
| 8 | 2 | 6 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 5 |
| 7 | 3 | 5 | 2 | 6 | 9 | 1 | 8 | 4 |
| 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 8 | 4 | 2 | 7 |
| 3 | 7 | 1 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 | 9 |
| 4 | 8 | 2 | 5 | 9 | 7 | 6 | 3 | 1 |

### सुडोकू -131

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | | | | 2 |
| 9 | | 1 | | | | 8 | | |
| | | 2 | | | 1 | | | |
| | | 5 | | | 6 | | 3 | |
| | 7 | | | | 8 | | 2 | |
| | 1 | | | | | 6 | | |
| 1 | | | 6 | | | 9 | | |
| 8 | | | | | | 2 | | 6 |
| 4 | | | | | 2 | | 7 | |

## यूक्रेन के निप्रो में रूसी हमलों में चार नागरिक मारे गए

**कीव।** यूक्रेन के निप्रो शहर पर रूस के ड्रोन और मिसाइल हमलों में कम से कम चार लोग मारे गए और 21 घायल हो गए। निप्रॉपेत्रोवस्क के क्षेत्रीय प्रमुख अलेक्ज़ेंडर गैंज़ा ने कहा कि रात भर हुए हमलों में नष्ट हुए एक घर के मलबे में चार शव मिले। उन्होंने कहा कि मलबे में और भी लोग दबे हो सकते हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने शनिवार को कहा कि रूसी हमले के बाद निप्रो के अस्पतालों में 11 लोग भर्ती हैं। वहीं, रूस के बेलगोरोद सीमावर्ती क्षेत्र में ड्रोन हमले में एक महिला की मौत हो गई।

बयान

पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल मनोज नरवणे ने विवाद में अपना नाम घसीटने पर जताई आपत्ति

## अप्रकाशित पुस्तक के लिए मेरा हवाला देना उचित नहीं था

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल मनोज नरवणे ने अपने अप्रकाशित संस्मरण 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' को लेकर इस साल की शुरुआत में हुए विवाद के संदर्भ में कहा है कि अनावश्यक रूप से उनका हवाला देना और पुस्तक के लिए उन्हें सुर्खियों में लाना उचित नहीं था।

जनरल नरवणे ने कहा कि वह उस विवाद से आगे बढ़ चुके हैं और तब से दो पुस्तकें लिख चुके हैं तथा तीसरी पुस्तक जल्द आने वाली है। उन्होंने हाल में अपनी पुस्तक 'द क्यूरियस एंड द क्लासीफाइडः अनअर्थिंग मिलिट्री मिथ्स एंड मिस्ट्रीज' का विमोचन किया था। नरवणे ने कहा कि रक्षा मंत्रालय ने प्रकाशक से कहा था कि जब तक पुस्तक का निरीक्षण न हो जाए, इसे रोककर रखा जाए। जहां तक मेरा सवाल है, मामला वहीं खत्म हो गया था और मैं आगे बढ़ चुका हूं... इसलिए वह अध्याय बंद हो चुका है। मुझे लगता है कि अनावश्यक रूप से मेरा हवाला देना और अप्रकाशित पुस्तक को एवं परोक्ष रूप से मुझे भी सुर्खियों में घसीटना उचित नहीं था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को इस साल फरवरी में लोकसभा में इस संस्मरण के अंशों का उल्लेख करने से रोक दिया गया था, क्योंकि यह अभी प्रकाशित नहीं हुआ है। रूपा पब्लिकेशंस द्वारा प्रकाशित नरवणे की हालिया पुस्तक 'द क्यूरियस एंड द क्लासीफाइडः अनअर्थिंग मिलिट्री मिथ्स एंड मिस्ट्रीज' में भारतीय थलसेना, नौसेना और वायु सेना से जुड़े किस्सों, कहानियों और रोचक पहलुओं का जिक्र किया गया है। नरवणे ने अपनी पुस्तक में बताया है कि सैन्य अभिवादन 'जय हिंद' को अपनाए जाने की शुरुआत कैसे हुई।



### वायुसेना ने किया सबसे पहले जयहिंद का इस्तेमाल

जनरल नरवणे ने कहा कि 'जय हिंद' का इस्तेमाल सबसे पहले भारतीय वायु सेना ने किया और बाद में थलसेना एवं नौसेना ने भी इसे अपनाया। उन्होंने कहा कि सलामी देने की मानक प्रथा मूल रूप से मौन रहना थी और विभिन्न रेजिमेंट ने 'सत श्री अकाल' या 'राम राम' जैसे अभिवादन के अपने-अपने तरीकों को जोड़ा। नरवणे ने कहा कि शुरुआत में 'जय हिंद' कहना वायु सेना ने शुरू किया था और अब हम तीनों सेनाओं में इसका पालन करते हैं। सलामी के साथ हम जय हिंद कहते हैं और व्याख्यानों में भी जय हिंद कहकर अभिवादन करते हैं।



"विकेट को देखते हुए, अगर आप अपने बॉलर्स को सपोर्ट नहीं करते हैं और इतने सारे मौके गंवाते रहते हैं, तो मुझे लगता है कि हम हारने के लायक थे। यही मेन पॉइंट है। यह एक अच्छी पिच और छोटा ग्राउंड था, इसलिए छक्के तो लगने ही थे।
–अक्षर पटेल, दिल्ली के कप्तान


# स्टेडियम

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अयोध्या, रविवार, 26 अप्रैल 2026


## IPL 2026
### आज के मुकाबले

गुजरात टाइटंस
बनाम
चेन्नई सुपर किंग्स
समय - दोपहर 3:30 बजे

लखनऊ सुपर जायंट्स
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स
समय - शाम 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप



- वैभव सूर्यवंशी राजस्थान–357 रन
- केएल राहुल दिल्ली–357
- विराट कोहली बेंगलुरु –328 रन

### पर्पल कैप



- अंशुल कंबोज चेन्नई – 14 विकेट
- इशान मलिंगा हैदराबाद– 14 विकेट
- प्रिंस यादव गुजरात – 13 विकेट

# रनों की बारिश में पंजाब ने रचा इतिहास

## आईपीएल-2026 : दिल्ली कैपिटल्स के 265 रनों के विशाल लक्ष्य को आसानी से किया हासिल



जीत दर्ज करने के बाद पैवेलिए लौटते पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर। एजेंसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 265 रनों का लक्ष्य हासिल कर इतिहास रच दिया है। पंजाब की टीम अब सिर्फ आईपीएल में ही नहीं बल्कि टी20 क्रिकेट के इतिहास में सबसे बड़ा टारगेट हासिल करने वाली टीम बन गई है। पंजाब की जीत के हीरो सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह और कप्तान श्रेयस अय्यर रहे। प्रभसिमरन सिंह ने 26 गेंदों पर 76 रनों की धमाकेदार पारी खेल पंजाब को धमाकेदार शुरुआत दिलाई। इसके बाद अय्यर ने 36 गेंदों पर नाबाद 71 रन बनाए। करुण नायर ने अय्यर के दो कैच छोड़े जो मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुए।

प्रभसिमरन ने पहले विकेट के लिए प्रियांश आर्य के साथ 42 गेंदों में 128 रन की साझेदारी कर पंजाब को तेज शुरुआत दिलाई। तीन गेंदों के अंदर करुण नायर से मिले दो आसान जीवनदान का फायदा उठाते हुए अय्यर ने चौथे विकेट के लिए नेहाल वढेरा (25) के साथ 31 गेंदों में 51 और पांचवें विकेट के लिए शशांक सिंह (नाबाद 19) के साथ 26 गेंदों में 64 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी।

'प्लेयर ऑफ द मैच' प्रभसिमरन ने 26 गेंदों की पारी में नौ चौके और पांच छक्के लगाए, जबकि अय्यर ने 36 गेंदों की पारी में तीन चौके और सात छक्के जड़े। राहुल ने नीतीश राणा के साथ दूसरे विकेट के लिए 96 गेंदों में 220 रन की साझेदारी कर जिससे कैपिटल्स ने आईपीएल इतिहास का अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया। आईपीएल में अपने छठे शतक के दौरान राहुल ने 67 गेंदों की पारी में 16 चौके और नौ छक्के लगाए, जबकि राणा ने 44 गेंदों की पारी में 11 चौके और चार छक्कों की मदद से 91 रन बनाए। दोनों की 220 रन की साझेदारी आईपीएल की दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है।

सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड विराट कोहली और एबी डिविलियर्स के नाम है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की इस जोड़ी ने गुजरात लायंस के खिलाफ 2016 में दूसरे विकेट के लिए 229 रन की साझेदारी की थी। राहुल का यह स्कोर किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा आईपीएल में सबसे बड़ा, जबकि ओवरऑल तीसरा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है। उन्होंने 226 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रियांश आर्य ने पहले ही ओवर में अजमतुल्लाह उमरजई की गेंद पर छक्का जड़कर तेवर दिखाए, वहीं प्रभसिमरन ने ओवर का अंत छक्के से किया। इस जोड़ी ने मुकेश कुमार के दूसरे ओवर से 21 और अक्षर पटेल के तीसरे ओवर से 20 रन बटोरे। तीसरे ओवर के दौरान दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी के सिर और कंधे में गंभीर चोट लगने के बाद उन्हें एंबुलेंस की मदद से मैदान से बाहर ले जाया गया। प्रभसिमरन ने चौथे ओवर में तीन छक्के लगाए, जबकि आर्य ने भी इस ओवर में एक छक्का लगाकर कुल 27 रन बटोरे। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने 18 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया।

### दिल्ली कैपिटल्स

**264/2** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| पथुम निसंका का प्रभसिमरन बो अर्शदीप | 11 |
| लोकेश राहुल नाबाद | 152 |
| नीतीश राणा का अय्यर बो बार्टलेट | 91 |
| डेविड मिलर नाबाद | 03 |

**अतिरिक्त** :07, **विकेट पतन** : 1-28, 2-248, **गेंदबाजी** : अर्शदीप 4-0-49-1, बार्टलेट 4-0-69-1, यानसेन 4-0-44-0, वैशाख 3-0-48-0, चहल 4-0-42-0, स्टोइनिस 1-0-11-0

**152 रन केएल राहुल का आईपीएल में सर्वाधिक रनों का व्यक्तिगत रिकॉर्ड है, उन्होंने ऋषभ पंत के 128 रन का रिकॉर्ड तोड़ा**

### पंजाब किंग्स

**265/4** (18.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| प्रियांश आर्य का रिजवी बो अक्षर | 43 |
| प्रभसिमरन सिंह पगबाधा कुलदीप | 76 |
| कूपर कोनोली बो कुलदीप | 17 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 71 |
| नेहाल वढेरा का नायर बो निगम | 25 |
| शशांक सिंह नाबाद | 19 |

**अतिरिक्त** :14, **विकेट पतन** : 1-126, 2-132, 3-145, 4-201

**गेंदबाजी** : औकिब नबी 2-0-41-0, मुकेश 3-0-55-0, अक्षर 4-0-44-1, नटराजन 3.5-0-54-0, कुलदीप 4-0-46-2, निगम 2-0-24-1



शतक के बाद दर्शकों का अभिवादन स्वीकार करते केएल राहुल। एजेंसी

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 7 | 6 | 0 | 1 | 13 | 1.333 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 | 1.101 |
| 3. | राजस्थान रॉयल्स | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 | 0.790 |
| 4. | सनराइजर्स हैदराबाद | 7 | 4 | 3 | 0 | 8 | 0.820 |
| 5. | चेन्नई सुपर किंग्स | 7 | 3 | 4 | 0 | 6 | 0.118 |
| 6. | दिल्ली कैपिटल्स | 7 | 3 | 4 | 0 | 6 | -0.184 |
| 7. | गुजरात टाइटंस | 7 | 3 | 4 | 0 | 6 | -0.790 |
| 8. | मुंबई इंडियंस | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -0.736 |
| 9. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -1.277 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 7 | 1 | 5 | 1 | 3 | -0.879 |



## कैच पकड़ने के प्रयास में लुंगी एंगिडी चोटिल, हालत स्थिर

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एंगिडी को दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच शनिवार को यहां आईपीएल मैच के दौरान गंभीर चोट लगने के बाद एंबुलेंस से स्थानीय अस्पताल ले जाया गया लेकिन अब उनकी हालत स्थिर है और उन्हें जल्द ही छुट्टी मिल जाएगी। जीत के लिए 265 रन का पीछा कर रही पंजाब किंग्स की पारी के तीसरे ओवर में कप्तान अक्षर पटेल की गेंद पर प्रियांश आर्या के शॉट पर मिड-ऑफ पर खड़े एनगिडी कैच लेने के लिए पीछे की ओर भागे, लेकिन गेंद का सही अनुमान नहीं लगा सके और संतुलन बिगड़ने के कारण गिर पड़े। इस दौरान उनका कंधा और सिर जोर से जमीन से टकराया। मैदान पर गिरते ही एनगिडी ने तुरंत अपना सिर पकड़ लिया और कुछ समय तक जमीन पर ही स्थिर रहे। वह कुछ मिनट तक मैदान पर लेटे रहे, जिसके बाद टीम के फिजियो और डॉक्टर तुरंत मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच के दौरान उनकी गर्दन को स्थिर रखने के लिए नेक ब्रेस लगाया गया। उन्हें मेडिकल जांच के लिए तुरंत यहां पूसा रोड स्थित मैक्स अस्पताल ले जाया गया। आईपीएल ने बताया कि 30 वर्षीय दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने सिरदर्द और गर्दन में दर्द की शिकायत की थी।

### हाईलाइट

#### कर्नाटक की कप्तानी करने से बल्लेबाजी में मिली मदद : पडिक्कल

**बेंगलुरु।** शानदार फॉर्म में चल रहे देवदत्त पडिक्कल ने कहा कि कर्नाटक क्रिकेट टीम की कप्तानी करने और कुछ रणनीतिक बदलाव के कारण उन्हें एक संपूर्ण टी20 बल्लेबाज बनने में मदद मिली। पडिक्कल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की तरफ से अर्धशतक जमाकर उसकी गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने मैच के बाद पत्रकारों से कहा निश्चित तौर पर मुझे लगता है कि कप्तान बनने से मुझे खेल के प्रति एक अलग दृष्टिकोण मिला है।

#### ओलंपिक पदक विजेता हॉकी खिलाड़ी गुरबख्श सिंह का निधन

**चंडीगढ़।** ओलंपिक हॉकी पदक विजेता गुरबख्श सिंह ग्रेवाल का यहां जीरकपुर में शुक्रवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। गुरबख्श 1968 के मैक्सिको सिटी ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे। उन्होंने अपने भाई बलबीर सिंह ग्रेवाल के साथ एक ही ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। इस तरह से वे उन कुछ भाईयों की जोड़ी में शामिल हैं जो एक साथ ओलंपिक में खेले। गुरबख्श ने अपने खेल करियर के अलावा पश्चिमी रेलवे में खेल अधिकारी के रूप में काम किया, जहां उन्होंने राजस्थान की कई प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें रेलवे हॉकी टीम में शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कोलकाता और लखनऊ के बीच मैच में कप्तानों की होगी परीक्षा

- **दोनों कप्तान ऋषभ पंत और अजिंक्य रहाणे नहीं कर पाए अपेक्षित प्रदर्शन**



**लखनऊ, एजेंसी**

कहा जाता है कि कप्तान उतना ही अच्छा होता है जितनी अच्छी उसकी टीम होती है तथा ऋषभ पंत और अजिंक्य रहाणे के लिए यह कड़वी सच्चाई साबित हो रही हैं जिनकी टीम लखनऊ सुपर जाएंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स रविवार को यहां आईपीएल के मैच में आमने-सामने होंगी।

आईपीएल 2025 के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भी केकेआर ने रहाणे को कप्तान बनाए रखकर साहसिक फैसला किया लेकिन उनकी अगुवाई में टीम इस सत्र में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। केकेआर को अपनी पहली जीत दर्ज करने में सात मैच लगे। यह जीत भी उसे सामूहिक प्रयास से नहीं बल्कि रिंकू सिंह के व्यक्तिगत प्रदर्शन की बदौलत मिली।

रहाणे ने अब तक कुछ मैच में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन वह अपेक्षित तेजी से रन नहीं बना पाए हैं जो कि इस प्रारूप में जरूरी है। उनकी उम्र लगभग 38 वर्ष है और ऐसे में उन्हें लंबी अवधि तक टी20 टीम का कप्तान बनाए रखना इस प्रारूप की मांगों के अनुरूप नहीं लगता है। कमजोर तेज गेंदबाजी आक्रमण और स्पिन गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती के नहीं चल पाने से भी रहाणे की मुश्किलें बढ़ी। यही नहीं टीम अभी तक सही संयोजन भी तैयार नहीं कर पाई है। रचिन रविंद्र को अभी तक एक भी मैच में खेलने का मौका नहीं मिला है जबकि उनके देश न्यूजीलैंड के फिन एलन और टिम सीफर्ट के बीच बिना किसी स्पष्टता के अदला-बदली का खेल चल रहा है। रहाणे के कप्तान के रूप में कुछ फैसले भी टीम के लिए सही नहीं रहे। पिछले कुछ मैच में वह स्वयं भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए जिससे उन पर दबाव बढ़ गया है। केकेआर भले ही इकाना स्टेडियम में कुछ हद तक लय में उतरें, लेकिन उसके अभी केवल तीन अंक हैं और उसे अपने शेष सात मैचों में से कम से कम छह में जीत हासिल करनी होगी जो उसके प्रदर्शन को देखकर असंभव लगता है। एलएसजी का अभियान भी अब तक अच्छा नहीं रहा है।

ऋषभ पंत की अगुवाई वाली इस टीम ने केवल दो मैच जीते हैं और उस पर जल्दी बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। लगातार चार हार और कप्तान के कई फैसलों ने स्थिति को और भी बदतर बना दिया है। पंत स्वयं अच्छा प्रदर्शन नहीं कर का रहे हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ नाबाद 67 रन की पारी के बाद से उन्होंने पांच पारियों में केवल 72 रन बनाए हैं, जिसमें राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ तीन गेंदों पर शून्य पर आउट होना भी शामिल है।

## सीएसके व गुजरात अपनी स्थिति मजबूत करने उतरेंगे

**चेन्नई।** पिछले कुछ मैचों शानदार प्रदर्शन करने वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम रविवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ यहां होने वाले आईपीएल के मैच में अपनी लय बरकरार रखने की कोशिश करेगी। दूसरी तरफ लगातार दो हार का सामना करने वाली गुजरात टाइटंस की टीम अच्छा प्रदर्शन करके अपने अभियान को पटरी पर लाने के लिए बेताब होगी।

सीएसके ने इस सत्र की शुरुआत अच्छी नहीं की थी लेकिन इसके बाद उसने शानदार वापसी करके अपने पिछले चार मैचों में से तीन में जीत हासिल की है। इसमें मुंबई इंडियंस पर 103 रन की जीत भी शामिल है, जिसमें संजू सैमसन ने सत्र का अपना दूसरा शतक लगाया था। रुतुराज गायकवाड़ की अगुवाई वाली सीएसके के अभी छह अंक हैं और वह प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए आगे किसी भी तरह की गलतियों से बचने के लिए प्रतिबद्ध होगी। सीएसके अच्छी स्थिति में नजर आ रही है।

# सूर्यवंशी के आतिशी शतक से राजस्थान ने बनाए 228 रन




शतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते वैभव सूर्यवंशी। एजेंसी

**जयपुर, एजेंसी**

वैभव सूर्यवंशी (103 रन) के 36 गेंद में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास के तीसरे सबसे तेज शतक की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने शनिवार को यहां टी20 मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ छह विकेट पर 228 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। सूर्यवंशी ने सवाई मानसिंह स्टेडियम में 32 रन पर मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए लीग का अपना दूसरा और इस सत्र का पहला शतक जड़ा। इस सत्र में इससे पहले वह तीन तूफानी अर्धशतक भी जड़ चुके हैं।

पंद्रह साल के इस खिलाड़ी ने एक बार फिर अपने शानदार स्ट्रोक-प्ले का प्रदर्शन किया जिसमें जबरदस्त ताकत और बेहतरीन टाइमिंग का मेल देखने को मिला। यह मैच राजस्थान का इस सत्र का पहला घरेलू मैच था। सूर्यवंशी ने अपनी 37 गेंद की पारी के दौरान पांच चौके और 12 छक्के जड़े। सूर्यवंशी ने अपनी 36वीं गेंद पर साकिब हुसैन (62 रन देकर एक विकेट) की गेंद पर छक्का जड़कर अपना शतक पूरा किया। इसके साथ ही उन्होंने आईपीएल के इतिहास का तीसरा सबसे तेज शतक अपने नाम किया। इससे आगे उनका खुद का पिछले साल बनाया गया 35 गेंद का शतक और अप्रैल 2013 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए क्रिस गेल का 30 गेंद का शतक मौजूद है।

सूर्यवंशी ने पारी की शुरुआत ही जोरदार अंदाज में की। उन्होंने पहले ओवर की आखिरी चार गेंदों पर प्रफुल हिंगे (49 रन देकर एक विकेट) को ऑन-साइड में दो छक्के और विकेट के पीछे (डाउन द विकेट) दो छक्के जड़े। इस तेज शुरुआत के बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। शानदार लय में दिख रहे सूर्यवंशी ने रन बनाने का कोई भी मौका नहीं छोड़ा। उन्होंने विकेट के दोनों ओर रन बटोरे और पारी की शुरुआत में दो मजबूत साझेदारियां निभाते हुए तेज रन गति बनाए रखी।

उनकी तेज शुरुआत की बदौलत पहले विकेट के लिए महज 14 गेंदों में 40 रन जुड़ गए। इसके बाद उन्होंने दूसरे विकेट के लिए ध्रुव जुरेल (51 रन) के साथ 112 रन की साझेदारी करके टीम को और मजबूत किया। जुरेल ने भी 35 गेंद में आठ चौके और दो छक्के जड़ित अर्धशतकीय पारी से अहम योगदान दिया।

सूर्यवंशी की तूफानी पारी उनका शतक पूरा करने के तुरंत बाद ही खत्म हो गई। वह हुसैन की गेंद पर स्कूप शॉट खेलने से चूक गए और गेंद सीधे उनके स्टंप्स के सामने उनके पैरों पर लगी जिसके बाद उन्हें पगबाधा आउट दे दिया गया। इस बीच जुरेल भी दो बार भाग्यशाली रहे। सनराइजर्स हैदराबाद खतरनाक यशस्वी जायसवाल (10) को जल्दी ही आउट करने में कामयाब रही। पांचवें ओवर में ईशान मलिंगा (38 रन देकर दो विकेट) ने सूर्यवंशी को आउट करने का मौका बनाया लेकिन टीम ने मौका गंवा दिया।

### राजस्थान रॉयल्स

**228/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का क्लासेन बो मलिंगा | 10 |
| वैभव सूर्यवंशी पगबाधा बो हुसैन | 103 |
| ध्रुव जुरेल का अनिकेत वर्मा बो नीतिश रेड्डी | 51 |
| रियान पराग बो कमिंस | 07 |
| डोनोवन फरेरा का क्लासेन बो मलिंगा | 33 |
| हेटमायर का नीतिश रेड्डी बो हिंगे | 11 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 04 |
| जोफ्रा आर्चर नाबाद | 02 |

**अतिरिक्त** : 07, **विकेट पतन** : 1-40, 2-152, 3-170, 4-191, 5-214, 6-225

गेंदबाजी : हिंगे 4-0-49-1, कमिंस 4-0-27-1, मलिंगा 4-0-38-2, हुसैन 4-0-62-1, शिवांग 2-0-31-0, नीतिश रेड्डी 2-0-20-1

### झटका

**विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस पूरी नहीं कर पाएंगे खिताबी हैट्रिक**

# मौजूदा चैंपियन अल्काराज चोट के कारण फ्रेंच ओपन से हटे

**मैड्रिड, एजेंसी**




विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खिताबी हैट्रिक पूरी नहीं कर पाएंगे क्योंकि वह दाहिनी कलाई में चोट के कारण वर्ष की इस दूसरी ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता से हट गए हैं। अल्काराज़ ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट किया कि वह रोम में होने वाले इटालियन ओपन में भी भाग नहीं लेंगे, जहां उन्होंने पिछले साल जीत हासिल की थी। स्पेन का यह खिलाड़ी इस महीने बार्सिलोना ओपन में अपने पहले दौर के मैच में जीत हासिल करने के दौरान चोटिल हो गए था और अगले दिन टूर्नामेंट से हट गए था।

उन्होंने इस सप्ताह के मैड्रिड ओपन से नाम वापस ले लिया था। उन्होंने जब सोमवार को मैड्रिड में लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवाड्र्स समारोह में हिस्सा लिया तो उनकी कलाई में पट्टी बंधी हुई थी। उन्हें इस समारोह में विश्व का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। अल्काराज़ ने कहा कि चिकित्सा परीक्षणों के बाद उन्होंने फ्रेंच ओपन से हटने का फैसला किया।

उन्होंने कहा आज किए गए परीक्षणों के परिणामों के बाद हमने फैसला किया है कि सबसे समझदारी भरा कदम सतर्क रहना तथा रोम (इटालियन ओपन) और रोलां गैरां (फ्रेंच ओपन) में भाग नहीं लेना है। यह मेरे लिए मुश्किल समय है लेकिन मुझे विश्वास है कि मैं और मजबूत होकर वापसी करूंगा। अल्काराज़ ने इस साल के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराकर सत्र की शानदार शुरुआत की थी। इसके साथ ही वह चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बन गए थे। उसके बाद से उन्होंने केवल एक ही खिताब जीता है।

उन्होंने फरवरी में दोहा में जीत हासिल की थी। इस महीने की शुरुआत में उन्हें मोंटे कार्लो के फाइनल में यानिक सिनर से हार का सामना करना पड़ा था। इस जीत से सिनर फिर से विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बन गए थे।

## सिनर को उम्मीद है कि अल्काराज जल्द ही वापसी करेंगे



यानिक सिनर को उम्मीद है कि अल्काराज़ जल्द ही वापसी करेंगे। उन्होंने मैड्रिड ओपन में पहले दौर की जीत के बाद कहा टेनिस को कार्लोस की जरूरत है। उनके होने से टेनिस का खेल और भी बेहतर हो जाता है। मुझे उम्मीद है कि वह जल्द वापसी करेंगे। मुझे लगता है कि उनका अगला लक्ष्य विंबलडन (जून में) है, और मैं यही उम्मीद करता हूं। इसलिए मुझे उम्मीद है कि वह विंबलडन में वापसी करेंगे। इटालियन ओपन पांच मई से और फ्रेंच ओपन 18 मई से शुरू होगा।